kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-24 ❑ शनिवार, 21 फरवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

ये फिल्में ''भाजपा की लव स्टोरी'' है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले ब्राह्मण समाज को अपमानित करने के लिए एक फिल्म बनाई गई थी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि उस फिल्म का नाम भी नहीं लिया जा सकता, जिसमें एक ईमानदार समाज को गलत तरीके से दर्शाया गया था।



अखिलेश यादव

मप्र के मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में वैश्विक टेक कंपनियों से किया वन-टू-वन संवाद 11

दिल्ली में सरकार के एक साल पूरे मुख्यमंत्री ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड 12

## संक्षेप

### प्रदेश के भीतर गाय का परिवहन अपराध नहीं : हाईकोर्ट

प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि गोवध निरोधक कानून के तहत गाय या गोमांस प्रदेश के बाहर ले जाना अपराध है, किंतु प्रदेश के भीतर परिवहन करना अपराध नहीं है। कोर्ट ने बलिया से दुधारू गाय खरीद कर मऊ जिले में ले जाने वाले वाहन को जब्त करने के जिलाधिकारी बलिया के आदेश को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया और जब्त वाहन स्वामी के पक्ष में अवमुक्त करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की एकलपीठ ने मंजीत कुमार मौर्य की पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याची का कहना था कि बोलेरो पिकअप वाहन से एक गाय, चितबड़ा गाँव बलिया से ग्राम पोस्ट चकाघाट जनपद मऊ ले जाई जा रहीं थीं। जिसको थाना फ़ेफना जनपद बलिया पुलिस ने पकड़ कर सीज कर दिया। थाना फ़ेफना जनपद बलिया पुलिस की इस कार्यवाही के विरुद्ध, जिलाधिकारी बलिया के समक्ष आवेदन पत्र दिया गया, जिसे जिलाधिकारी बलिया ने अपने आदेश 21 जुलाई 2025 द्वारा वाहन को अवमुक्त करने से इंकार कर दिया। जिलाधिकारी बलिया के इस आदेश के विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। तर्क दिया कि गाय का परिवहन, बलिया से मऊ के लिये था जो उप्र के ही भाग हैं, इसलिये गोवध निवारण अधिनियम 1964 के नियम 16 के अन्तर्गत कोई अपराध नहीँ हुआ। सहमति व्यक्त करते हुए उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी बलिया के आदेश को निरस्त करते हुए वाहन के पंजीकृत स्वामी के पक्ष में वाहन को अवमुक्त करने का आदेश पारित किया।

### गुजरात के कुंभघाट पर ट्रक-ईको की टक्कर में सात की मौत

वलसाड। गुजरात के वलसाड जिले के कपराडा तहसील स्थित कुंभघाट के वापी-धरमपुर मार्ग पर शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक और ईको कार के बीच टक्कर में 07 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।
पुलिस के अनुसार हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग कपराडा के आंबा जंगल गांव के एक ही परिवार के सदस्य थे। वे कपराडा से नानापोंढा की ओर जा रहे थे, तभी कुंभघाट के पास यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ईको कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह दब गया और अंदर बैठे लोग बुरी तरह फंस गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को किसी तरह बाहर निकाला।
मृतकों में 5 पुरुष, 01 महिला और 01 बच्ची शामिल हैं। घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। अभी उनके नाम नही पता चल सके हें। गांव में मातम का माहौल है।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा

# शिक्षामित्रों को 18 हजार व अनुदेशकों को 17 हजार मानदेय

### यूपी विधान सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन सदन में अपनी सरकार की उपलब्धियां, आवंटित बजट और भावी योजनाओं का विस्तार से जिक्र किया। उन्होंने सदन में एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षामित्रों को अप्रैल 2026 से 18 हजार रुपये और अनुदेशकों को 17 हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चियों के ?लिए कस्तूरबा बालिका विद्यालयों को अधिक सशक्त बनाया जाएगा और इसके लिए 580 करोड रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार जरूरतमंद स्कूलों की मदद कर रही है। प्रदेश के बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और परिषदीय विद्यालयों की साज सज्जा की योजनाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा में ड्रॉपआउट रेट सपा के शासनकाल में लगभग 6 था। आज हम इसे 0-3 पर ले आए हैं। आठ हजार न्याय पंचायत तक कंपोजिट विद्यालय ले जाने का लक्ष्य है। पहले हर विधानसभा में एक-एक, फिर प्रत्येक विकासखंड में फिर हर न्याय



पंचायत तक ले जाएंगे। ऐसे स्कूलों में एक ही छत के नीचे 12वीं तक की पढ़ाई और कौशल विकास प्रशिक्षण मिलेगा। सरकार द्वारा स्कूलों में दी जा रही सुविधाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले स्कूलों में शौचालय, पेयजल की व्यवस्था न होने से बच्चियां स्कूल छोड़ देती थीं। अब हर स्कूल में इनकी सुविधा दी जा रही है। इससे ड्रॉपआउट रेट कम हुआ है। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि फटा कुर्ता पहनकर, नंगे पैर, फटा बैग लेकर बच्ची स्कूल जा रही थी। जब हमने उसे पैसा देना चाहा तो उसने नहीं लिया। फिर हमने प्रदेश भर में हर बेटी को दो जोड़ी ड्रेस, शूज, बैग देने की व्यवस्था की। बाद में हमने सभी बच्चों को देने का काम शुरू किया। हमारी सरकार ने यह लाभ देते समय किसी की जाति, मत मजहब नहीं देखा।

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में कृषि अनुसंधान, बुनियादी ढांचे के विकास और विभागीय सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। इन स्वीकृतियों का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों में बीज भंडारण की आधुनिक सुविधाएं विकसित करना और कृषि विभाग के प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस निर्णय से राज्य के कृषि क्षेत्र में तकनीक और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। प्रमुख स्वीकृतियों के अंतर्गत आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज (अयोध्या) के साथ-साथ बांदा और ● शेष पेज 11 पर

### योगी बोले

- ❑ हमने कम किया ड्रॉपआउट रेट, हमारी सरकार बच्चों को दे रही दो जोड़ी ड्रेस, शूज व बैग
- ❑ किसानों को उन्नत बीजों के माध्यम से प्राप्त होंगे दूरगामी लाभ
- ❑ उप्र के बजट में कई घोषणाएं : विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश निर्णायक छलांग की ओर
- ❑ बजट 2026-27 की घोषणाओं से प्रदेश बनेगा टेक्नोलॉजी पावरहाउस, एआई मिशन और डेटा सेंटर क्लस्टर से डिजिटल गवर्नेंस को नई मजबूती
- ❑ उभरती टेक्नोलॉजी मिशन और सैटेलाइट सेंसर से विज्ञान आधारित विकास को रफ्तार
- ❑ विधानसभा में विपक्ष ने उठाए बेरोजगारी व महंगाई के मुद्दे, सरकार ने कहा-प्रदेश के युवाओं को दी गई साढ़े आठ लाख सरकारी नौकरी

### उत्तर प्रदेश ने विकास के नए कीर्तिमान बनाए : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नेता सदन विधान परिषद केशव प्रसाद मौर्य ने विधान परिषद में शुक्रवार को सरकार की उपलब्धियों और बजट प्रावधानों पर चर्चा करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश ने कई योजनाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और अटल पेंशन योजना में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष स्थान पर है। उन्होंने कहा कि किसानों को 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है तथा गरीबों को बड़ी संख्या में आवास उपलब्ध कराए गए हैं। उज्ज्वला योजना के तहत 1.85 करोड़ से अधिक नि:शुल्क गैस कनेक्शन प्रदान कर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सरकार सामाजिक ● शेष पेज 11 पर

### विकास के नाम पर सिर्फ निजीकरण कर रही डबल इंजन सरकार : आराधना मिश्रा

लखनऊ । बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को कांग्रेस ने सदन के अंदर नौजवानों की बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। बजट पर बोलते हुए कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बढ़ते बजट के आकार और संख्या को सिर्फ ढोंग बताया, और कहा कि जब खर्च ही नहीं करना तो बजट बड़ा दिखाने से प्रदेश की जनता को क्या फायदा। कांग्रेस ने विधानसभा में आज कड़े तेवर दिखाते हुए बजट के आकार की संख्या को लेकर सरकार को घेरा और युवाओं की आउटसोर्सिंग नौकरी को लेकर सरकार पर तीखा निशान साधते हुए कहा कि सरकार की इच्छा शक्ति ना बजट खर्च करने की है, न युवाओं को स्थाई नौकरी देने की है । कांग्रेस पार्टी ने सदन के अंदर युवाओं को स्थाई नौकरी और सम्मानजनक वेतन देने ● शेष पेज 11 पर

## सत्य और विश्वसनीयता को सुदृढ़ करने के लिए हो एआई का उपयोग: ओम बिरला

एजेंसी

नई दिल्ली,। लोक सभा अध्यक्ष ने आज डीपफ़ेक और भ्रामक सूचना से उत्पन्न हो रही चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। इन्हें लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताते हुए उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग सत्य और विश्वसनीयता को सुदृढ़ करने के लिए किया जाना चाहिए, न कि तथ्यों को विकृत या दबाने के लिए। भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के अंतर्गत ल्लएआई फॉर डेमोक्रेसीङ्क पर विशेष सत्र को ओम बिरला ने आज संबोधित किया। उन्होंने लोकतांत्रिक विमर्श को भ्रम और दुष्प्रचार से सुरक्षित रखने के लिए तकनीकी प्रगति के साथ-साथ सुदृढ़ सुरक्षा उपाय विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। विधायी कार्यप्रणाली में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका का उल्लेख करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि एआई लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण साधन बनकर उभर रहा है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि ल्लडिजिटल संसदङ्क जैसी पहलें नागरिकों और संसद के बीच संवाद को सरल बना रही हैं तथा



भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में डिजिटल और सूचना डिवाइड को पाट रही हैं।

भारत की भाषाई विविधता का उल्लेख करते हुए अध्यक्ष ने ल्लसंसद भाषिणीङ्क पहल के महत्व को रेखांकित किया, जिसके माध्यम से एआई आधारित अनुवाद उपकरणों की सहायता से संसदीय बहसों को अनेक क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराया जा रहा है। बिरला ने कहा कि भारत की एआई रणनीति समावेशी विकास के सिद्धांत पर आधारित है और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा कृषि जैसे क्षेत्रों में एआई का उपयोग ल्लविकसित भारत 2047ङ्क के लक्ष्य की दिशा में देश की प्रगति को तीव्र करेगा।

एआई के उपयोग की वकालत करते हुए बिरला ने यह भी चेताया कि प्रौद्योगिकी मानव संवेदनशीलता और नैतिक निर्णय का स्थान नहीं ले सकती। उन्होंने कहा कि एआई ● शेष पेज 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के आयात शुल्क आदेशों को कानून का उल्लंघन करार दिया

वॉशिंगटन । अमेरिका की संघीय शीर्ष अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 1977 के एक कानून के तहत प्राप्त आपातकालीन अधिकारों का प्रयोग करते हुए विभिन्न देशों के खिलाफ आयात शुल्क लगाने के लिए जारी आदेशों को शुक्रवार को गैर कानूनी करार दिया है। श्री ट्रम्प ने पिछले साल विभिन्न देशों के खिलाफ 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक अधिकार अधिनियम के तहत ऊंचे शुल्क लगाने के आदेश जारी किये थे, जिसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गयी थी। अमेरिकी मीडिया की प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि राष्ट्रपति श्री ट्रम्प ने राष्ट्रीय आपातकाल के समय के लिए आरक्षित अधिकारों का प्रयोग कर जिस तरह देशों पर मनमाने शुल्क लगाये वह कानून का उल्लघंन है। अदालत के इस फैसले से ट्रम्प द्वारा लागू केवल वही आदेश प्रभावित होंगे, जो उन्होंने 1977 के आपातकालीन आर्थिक अधिकारों के तहत आरोपित किये थे। इस फैसले से राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा कनाडा, चीन और मेक्सिको के खिलाफ व्यापक तौर पर लागू किये गये शुल्कों पर रोक लग गयी है। प्रारंभिक रिपोर्टों के ● शेष पेज 11 पर

## घुसपैठियों को सीमा पार भेजेंगे, तीसरी बार असम में सरकार बनाएगी भाजपा : शाह

एजेंसी

गुवाहाटी/कछार । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारत-बांग्लादेश सीमा पर कछार जिले के दौरे के दौरान कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि सीमा के रास्ते भारत में प्रवेश करने वाले हर घुसपैठिए को वापस सीमा पार भेज दिया जाएगा। सीमा क्षेत्र में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार असम को सुरक्षित और विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान अवैध घुसपैठियों के लिए दरवाजे खुले छोड़ दिए गए थे, लेकिन भाजपा ने न केवल घुसपैठ पर रोक लगाई बल्कि अवैध कब्जाधारियों से कई लाख बीघा भूमि भी मुक्त कराई। कांग्रेस ने सालों तक राज किया, लेकिन उसने असम के विकास के लिए कुछ नहीं किया। जो कांग्रेस 50 साल में नहीं कर पाई, वह हमने



10 साल में कर दिया।

अमित शाह ने विश्वास जताया कि असम को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ भाजपा राज्य में तीसरी बार सरकार बनाएगी। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने लोगों से आह्वान किया कि कोई भी सनातनी व्यक्ति अपनी जमीन किसी अजनबी को न बेचे। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग डेढ़ लाख बीघा भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा चुका है और यदि भाजपा फिर से सत्ता में आती है तो पांच लाख बीघा भूमि पर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर नाथुनपुर में अमित शाह ने 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का किया शुभारंभ

कछार (असम), । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कछार जिले के भारत-बांग्लादेश सीमा स्थित नाथुनपुर में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-ञ्ज' का शुभारंभ किया। इस अवसर को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांव अब देश के विकास के नए केंद्र बनेंगे। कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सीमावर्ती गांवों को ल्लराष्ट्र के प्रथम गांवङ्क की नई पहचान देने की बात कही। केंद्रीय गृहमंत्री के साथ मुख्यमंत्री ने असम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लगाए गए 20 स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल का भी अवलोकन किया और महिला उद्यमियों से संवाद किया। इन स्टॉलों में स्थानीय हस्तशिल्प, वस्त्र और अन्य उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल बराक घाटी की महिलाओं में आत्मनिर्भरता की बढ़ती भावना ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री ने एआई व गहन तकनीक स्टार्टअप्स के सीईओ से की बातचीत

### नवाचार और अनुसंधान पर दिया बल, एआई शिखर सम्मेलन के दौरान भारत और ब्राजील के बीच कृषि सहयोग पर बनी सहमति

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के अंतिम दिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता और गहन तकनीक क्षेत्र से जुड़े प्रमुख स्टार्टअप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने हेल्थकेयर, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और अन्य उभरते क्षेत्रों में काम कर रहे भारतीय स्टार्टअप्स की तकनीकी परियोजनाओं और नवाचारों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान स्टार्टअप्स के सीईओ के साथ गहन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न तकनीकी समाधानों, अनुसंधान और उत्पाद विकास से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से बातचीत की। स्टार्टअप्स ने अपने एआई आधारित समाधान और उनके सामाजिक तथा आर्थिक प्रभाव के बारे में जानकारी दी। बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा हुई कि किस प्रकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता , मशीन लर्निंग और गहन तकनीक तकनीक भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई गति दे



- ❑ एआई को विश्वसनीय डेटा और सार्वजनिक जवाबदेही पर आधारित होना चाहिए: फडणवीस
- ❑ एआई समिट में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद शर्मनाक: खंडेलवाल
- ❑ एआई समिट में युवा कांग्रेस के प्रदर्शन की केंद्रीय मंत्रियों ने की आलोचना
- ❑ एआई समिट में कांग्रेस का प्रदर्शन देश की छवि धूमिल करने की साजिश: भाजपा

सकती हैं। प्रधानमंत्री ने नवाचार, अनुसंधान और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तकनीक विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के युवा और उद्यमी वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता रखते हैं और देश को तकनीक के क्षेत्र में नई ऊंचाई पर ले जा सकते हैं। सरकार का फोकस तकनीक को आम लोगों तक पहुंचाने, स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने और डिजिटल समाधान विकसित करने पर है। नई दिल्ली में आयोजित पांच दिवसीय एआई इम्पैक्ट समिट का शुक्रवार को समापन हो रहा है। 16 फरवरी से शुरू हुए इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के तकनीकी विशेषज्ञों और उद्योग जगत के नेताओं ने भाग लिया। इस दौरान सुंदर पिचाई, सैम ऑल्टमैन और डारियो अमोदेई सहित कई वैश्विक तकनीकी कंपनियों के प्रमुखों ने एआई के भविष्य, उसके उपयोग और उससे जुड़ी चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री ने भी विभिन्न सत्रों में भाग लेकर भारत की तकनीकी क्षमता और एआई के क्षेत्र में देश की भूमिका को रेखांकित किया। दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान भारत और ब्राजील के कृषि ● शेष पेज 11 पर

### एआई सम्मिट में युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, पुलिस ने लिया हिरासत में

नई दिल्ली। दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को यहां केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने अपनी टी-शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए। फिलहाल, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया है। मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त देवेश कुमार महला ने कहा, ल्लयह आज दोपहर करीब 12:30 बजे की घटना है। इन लोगों ने क्यूआर कोड के जरिए आवेदन किया और फिर ये लोग अंदर आए। उन्होंने स्वेटर और जैकेट पहनी हुई थी और बाद में उन लोगों ने हॉल नंबर 5 के लॉबी एरिया में स्वेटर और जैकेट उतारकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। ये सभी भारतीय युवा कांग्रेस के लोग हैं। इनमें बिहार से कृष्णा (35) हैं, जो कि भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव हैं। बिहार से कुंदन यादव (33) जो कि प्रदेश सचिव हैं। उत्तर प्रदेश से अजय कुमार जो कि प्रदेश उपाध्यक्ष हैं और महबूब नगर, तेलंगाना से नरसिम्हा यादव जो कि राष्ट्रीय समन्वयक हैं।

## एक अप्रैल से सिर्फ फास्टैग या यूपीआई से ही कटेगा टोल टैक्स

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश भर के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल प्लाजा पर नकद भुगतना बंद करने का ऐलान किया है। देश में एक अप्रैल से टोल शुल्क केवल फास्टैग या यूपीआई से ही लिया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मुताबिक देशभर में 1,150 से अधिक टोल प्लाजा पर यह व्यवस्था लागू होगी। यह पहल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के उस लक्ष्य के अनुरूप है, जिसके तहत तकनीक-आधारित, तेज और निर्बाध राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि अभी तक अगर कोई वाहन बिना वैध फास्टैग के टोल प्लाजा में प्रवेश करता है और नकद भुगतान करता है, तो उससे दोगुना शुल्क लिया जाता है। वहीं यूपीआई से भुगतान करने वाले उपयोगकर्ताओं से केवल 1.25 गुना शुल्क लिया जाता है। इन प्रावधानों का उद्देश्य नकद लेन-देन को हतोत्साहित करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना है। एनएचएआई के आकलन में पाया गया है कि नकद भुगतान से टोल प्लाज़ा पर



भीड़ बढ़ती है, प्रतीक्षा समय लंबा होता है और लेन-देन से जुड़े विवाद भी सामने आते हैं। डिजिटल भुगतान व्यवस्था लागू होने से परिचालन दक्षता बढ़ेगी, यातायात प्रबंधन सुधरेगा और यात्रियों का अनुभव बेहतर होगा। मंत्रालय ने बताया कि इस कदम से टोल प्लाज़ा पर भीड़ कम होगी, गाड़ियों की आवाजाही तेज होगी और लेन-देन में पारदर्शिता आएगी। पिछले कुछ वर्षों में फास्टैग की 98 प्रतिशत से अधिक पहुंच ने टोल वसूली की व्यवस्था को बदल दिया है। अब अधिकांश वाहन आरएफआईडी-सक्षम फास्टैग से गुजरते हैं, जिससे टोल भुगतान स्वतः हो जाता है। साथ ही यूपीआई भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे यात्रियों को तुरंत और आसान डिजिटल विकल्प मिलता है।

# कृषि उत्पादों के निर्यात में प्रयागराज मंडल की लंबी छलांग

❑ यहां के किसानों के कृषि उत्पाद कनाडा, यूके से लेकर दुबई और सोवियत रिपब्लिक तक अपनी पहुंच बना चुके हैं।



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। किसान अपने कृषि उत्पादों का अधिक से अधिक लाभ हासिल करने के लिए स्थानीय मंडियों से आगे बढ़कर अब देश के बाहर अपने कृषि उत्पादों का निर्यात कर रहा है। प्रयागराज मंडल में किसानों के रुख में आए बदलाव से कृषि उत्पादों के निर्यात में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। यहां के किसानों के कृषि उत्पाद कनाडा, यूके से लेकर दुबई और सोवियत रिपब्लिक तक अपनी पहुंच बना चुके है।

### तीन साल में मंडल में कृषि उत्पादों से 12 गुना हुई विदेशों से कमाई

प्रयागराज मंडल के चार जिलों में कृषि उत्पादों के निर्यात को लेकर किसानों का नज़रिया तेजी से बदला है। जो किसान अपने कृषि उत्पाद स्थानीय मंडियों से आगे ले जाने के लिए नहीं सोचते थे आज उन किसानों के कृषि उत्पाद यूरोप से लेकर गल्फ देशों तक अपनी पहुंच बना रहे हैं। कृषि उत्पादों के निर्यात को लेकर जारी हुई रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। प्रयागराज मंडल के सहायक कृषि विपणन अधिकारी डॉ दिनेश चंद्र का कहना है कि निर्यातकों एवं कृषकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने और किसानों की सोंच आए बदलाव से मंडल के कृषि उत्पादों का निर्यात तेजी से बढ़ा है। मंडल में इस वर्ष जनवरी तक 18,125 मीट्रिक टन कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया है जिनसे कुल 73.12 करोड़ का लाभ किसानों को हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6296.66 मीट्रिक टन का निर्यात हुआ जिससे 26.54 करोड़ का फायदा हुआ। साल 2023-24 में केवल 1129 मीट्रिक टन कृषि उत्पादों का निर्यात हुआ था जिनका निर्यात मूल्य 6 करोड़ मात्र था। इस तरह पिछले तीन वर्षों में मंडल में कृषि उत्पादों के निर्यात में 12 गुना से अधिक की बढ़ोत्तरी कीमत के आधार पर हुई है।

### कनाडा और यूके से लेकर गल्फ देशों में स्थानीय कृषि उत्पादों की धमक

प्रयागराज मंडल में आधा दर्जन से अधिक कृषि उत्पादों ने इसमें अपनी पहचान बनाई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रतापगढ़ जिले के आंवला एवं उसके प्रोसेस्ड उत्पाद का निर्यात 22.512 मीट्रिक टन हुआ है जिसका मूल्य 0.33 करोड़ है। प्रतापगढ़ के बेलखरनाथ एफपीओ के आंवला उत्पादक किसान महेश तिवारी बताते हैं कि निर्यातकों एवं किसानों के बीच बेहतर समन्वय व्यवस्था से यह संभव हो सजा सका है। आंवला के उत्पाद की कनाडा और यूके में सबसे अधिक मांग आई है। कौशाम्बी की हरी मिर्च का 55.1मीट्रिक टन का निर्यात हुआ है जो दुबई और यूएई भेजी गई है। इसी तरह प्रयागराज की 31.3 मीट्रिक टन निर्यात की गई है। प्रयागराज के हनुमानगंज के भिंडी निर्यातक किसान उमेश पटेल बताते है कि शारजाह और दुबई में स्थानीय ताजी भिंडी की मांग सर्वाधिक है। इसी तरह फतेहपुर और प्रयागराज से 398 मीट्रिक टन मूंगफली का निर्यात बांग्लादेश को हुआ है। कृषि उत्पादों में प्रतापगढ़ से सबसे अधिक 17,618 मीट्रिक टन चावल का निर्यात यूके और दुबई किया गया है।

# रमजान रहमत, मगफिरत और निजात का महीना है: मौलाना वकार हुसैन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलहर, शाहजहांपुर। पवित्र माह रमजानुल मुबारक के पहले जुमा पर मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजियों ने शिरकत की। इस दौरान मशहूर मौलाना वकार हुसैन हातिमी ने जुमा की नमाज से पूर्व प्रभावशाली तकरीर करते हुए रोजे की फजीलत, सब्र व तकवा की अहमियत और आपसी भाईचारे पर विस्तार से रोशनी डाली।

उन्होंने कहा कि रमजान रहमत, मगफिरत और निजात का महीना है। यह महीना इंसान को अपने अंदर झांकने, बुराइयों से दूर रहने और नेकियों की तरफ बढ़ने का पैगाम देता है। कहा कि रोजा सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं, बल्कि अपनी जबान, आंख और दिल को भी गुनाहों से बचाने का नाम है। उन्होंने नमाजियों से अपील की है कि वो रमजान के मुबारक महीने में अधिक से अधिक इबादत करें, कुरआन की तिलावत करें और जरूरतमंदों की मदद करें। साथ ही उन्होंने समाज में अमन-चैन और आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। नमाज के बाद मुल्क व कौम की तरक्की, अमन और खुशहाली के लिए दुआ की गई। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की मौजूदगी से मस्जिद का माहौल पूरी तरह रूहानी नजर आया। रमजान के पहले जुमा को लेकर नगर में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद भी दी।

## तहसील सदर का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर सख्ती

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मनीष कुमार वर्मा ने तहसील सदर पहुंचकर विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार न्यायालयों में वर्षों से लंबित फाइलों की समीक्षा की। 15 वर्ष से लंबित धारा-233 की फाइल मंगाकर नाराजगी जताई और नियमित सुनवाई कर प्राथमिकता से निपटाने को कहा। फाइलों के अव्यवस्थित रख-रखाव पर पेशकार मकसूद अहमद को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान धारा-35 म्यूटेशन, 229बी, 116, 32/38 व अन्य प्रकरणों की समीक्षा कर 3 से 5 वर्ष पुराने मामलों को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता से निस्तारण के आदेश दिए गए। नजारत व अभिलेखागार अनुभाग में साफ-सफाई और रिकॉर्ड प्रबंधन सुधारने, निष्प्रयोज्य सामान हटाने तथा सरकारी भूमियों की मैपिंग और भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। बड़े बकायेदारों की संपत्ति नीलामी की प्रक्रिया तेज करने और जनता दर्शन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया।

## टोल माफियाओं पर कार्रवाई की मांग, पूर्व बारा थाना प्रभारी विनोद सोनकर के मामले ने पकड़ा तूल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बारा थाना के पूर्व प्रभारी विनोद सोनकर को एंटी करप्शन कार्रवाई के तहत जेल भेजे जाने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। समर्थकों का आरोप है कि उन्हें टोल माफियाओं ने सुनियोजित षड्यंत्र के तहत फंसाया है। उनका कहना है कि क्षेत्र में ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ सख्ती और अवैध वसूली पर रोक लगाने की कार्रवाई के कारण टोल से जुड़े कथित माफिया तत्व नाराज थे।आरोप है कि कई टोल प्लाजाओं पर ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली कर उन्हें पास कराया जाता है, जिससे राजस्व को नुकसान होता है और सड़क सुरक्षा भी प्रभावित होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि एंटी करप्शन जांच हुई है तो समानांतर रूप से टोल संचालन और ओवरलोड वाहनों की एंट्री सिस्टम की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके।जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने प्रयागराज पुलिस और जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही, यदि टोल माफियाओं की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए। प्रशासन की ओर से फिलहाल आधिकारिक बयान का इंतजार है, लेकिन यह मुद्दा जिले में कानून-व्यवस्था और पारदर्शिता को लेकर नई बहस छेड़ रहा है।

## उत्तर मध्य रेलवे ने होली पर चलाईं विशेष ट्रेनें

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा होली पर्व के मद्देनजर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए कई विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 01073/01074 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनल साप्ताहिक विशेष 25 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक कुल 4-4 फ़ेरों में चलाई जाएगी। इसी क्रम में गाड़ी सं. 01481/01482 पुणेऽदानापुर साप्ताहिक विशेष तथा 01431/01432 पुणेऽगाजीपुर सिटीऽपुणे विशेष ट्रेन का भी संचालन निर्धारित तिथियों में किया जाएगा।इन विशेष गाड़ियों का ठहराव मार्ग के प्रमुख स्टेशनों पर रहेगा और इनमें स्लीपर, एसी द्वितीय, एसी तृतीय तथा सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध होंगे। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पूर्व आरक्षण की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर लें तथा होली के दौरान सुरक्षित और सुगम यात्रा हेतु इन विशेष ट्रेनों का लाभ उठाएं।

## सीएचसी हंडिया और भीटी का औचक निरीक्षण, दो कर्मचारी अनुपस्थित मिले

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हंडिया का आज पूर्वाह्न 11:00 बजे औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका की जांच में दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक मिली, जिस पर संतुष्टि व्यक्त की गई।इसके बाद अपराह्न 1:00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय एक्स-रे मशीन इंस्टॉल करने की प्रक्रिया चल रही थी। केंद्र पर प्रसव सेवाएं संचालित न होने पर अधीक्षक को तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर प्रसव सेवाएं शुरू कराने के निर्देश दिए गए।सीएचसी भीटी में बाउंड्रीवाल का निर्माण न होने पर संबंधित विभागीय अभियंता को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र बाउंड्रीवाल निर्माण कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

## पेड़ पर लटका मिला वृद्ध का शव

**हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के जरिया थाने के पहरा गांव में सड़क किनारे एक पेड़ पर वृद्ध का शव रस्सी से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। शुक्रवार को सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।पहरा गांव निवासी मानखां (60) पुत्र मदारी का शव गांव के बाहर एक पेड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने बताया कि मान खां बुधवार को ईंट भट्ठे से वापस गांव लौटा था। वह ईंट भट्ठों में मजदूरी एवं लेबर भेजने की ठेकेदारी का काम करता था। मान खां के द्वारा सिकंदरा में संचालित ईंट भट्ठे में भेजी गई लेबर ईंट भट्टे से वापस लौट आई थी। जिस वजह से ईंट भट्ठे के मालिक ने उसके साथ गाली गलौज कर दुर्व्यवहार किया था। जिससे आहत होकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने बताया कि अपने पीछे पत्नी धन्ती के अलावा भाई शकूर व सुबराती सहित पुत्र एहसान, मुमताज व लाल मुहम्मद सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## शटरिंग गिरने से दो मजदूर घायल, एक की मौत

**नोएडा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सेक्टर -113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में निर्माणाधीन एक मकान की शटरिंग गिरने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर एक की मौत हो गई। एक ही हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह की मीडिया प्रभारी ने शुक्रवार को बताया कि बीती रात को पुलिस को सूचना मिली कि सर्फाबाद गांव में रहने वाले वीरपाल के मकान का निर्माण हो रहा था, इसी बीच रात के समय बनाई जा रही शटरिंग गिर गई। इस घटना में मोहित पाल पुत्र सुखपाल उम्र 19 वर्ष निवासी जनपद हरदोई तथा जीतू पुत्र बाबूलाल निवासी धौलपुर राजस्थान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान मोहित पाल की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों ने इस मामले में अभी तक कोई शिकायत नहीं दी है। अगर वे कोई शिकायत करते हैं तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच करेगी।

# एसटीपी के निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में केंद्र व प्रदेश सरकार गंगा व वरुणा नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए लगातार प्रयास में जुटी है। इस क्रम में लोहता में 274.31 करोड़ रुपये की लागत से 60 एमएलडी (मिलियन लीटर पर डे) की क्षमता की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है।

यहां एसटीपी बनने के साथ ही वरुणा में गिरने वाले 13 नाले को भी टैप किए जाएंगे। नाले टैप होने से मलजल सीधे वरुणा नदी में नहीं जाएगा। वरुणा गंगा की प्रमुख सहायक नदी है। वरुणा आदिकेशव घाट पर आकर गंगा नदी में मिलती है। ऐसे में एसटीपी बनने से गंगा व वरुणा दोनों नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने में कारगर साबित होने की संभावना है।गुरूवार को यह जानकारी नगर निगम के जनसम्पर्क कार्यालय ने दी। बताया गया कि जल निगम की गंगा प्रदूषण इकाई ने करीब डेढ़ साल पहले सर्वे कराया था। सर्वे के बाद जलनिगम ने वर्ष 2037 तक शहर की आबादी को ध्यान में रखते हुए 1780.86 करोड़ की लागत से चार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाने का प्रस्ताव केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय को भेजा था। इसमें 308 करोड़ की लागत से भगवानपुर में 55 मिलियन लीटर पर डे (एमएलडी) तथा 96 करोड़ की लागत से सूजाबाद में सात एमएलडी की क्षमता का एसटीपी बन रहा है। वहीं, अब लोहता में 60 एमएलडी के एसटीपी का भी मार्ग पूरी तरह से प्रशस्त हो गया है।-केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल लोहता के ग्राम बेदौली पहुंचेकेंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने गुरुवार को यहां लोहता के ग्राम बेदौली का दौरा किया। केन्द्रीय मंत्री ने लोहता क्षेत्र से दुर्गा नाला के माध्यम से वरुणा नदी में गिर रहे अशोधित सीवेज को रोकने के लिए 60 एमएलडी क्षमता के नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) को मंजूरी भी दी। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत स्वीकृत इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्देश्य वरुणा नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से जीवित करना और नगरीय सीमा विस्तार के बाद बढ़ी गंदगी की समस्या को जड़ से खत्म करना है। ?निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने परियोजना की तकनीकी बारीकियों और निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस प्लांट का निर्माण कार्य पूरी तीव्रता और समन्वय के साथ सुनिश्चित किया जाए ताकि वरुणा और गंगा के प्रदूषण नियंत्रण का लक्ष्य समय पर हासिल हो सके। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप ही होना चाहिए। ?बेदौली के साथ ही केंद्रीय मंत्री ने भगवानपुर में नवनिर्मित 55 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का भी निरीक्षण किया। यहां अस्सी नाले से गंगा में प्रवाहित हो रहे अतिरिक्त सीवेज को रोकने के लिए बनाए गए 50 एमएलडी के मुख्य पंपिंग स्टेशन (एमपीएस) की कार्यप्रणाली को परखा गया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि डायवर्जन के कार्यों में तेजी लाएं और गुणवत्तापूर्ण ढंग से इसे पूरा करें ताकि वाराणसी के हर कोने का सीवेज शोधित होकर ही आगे बढ़े। इस मौके पर महापौर अशोक कुमार तिवारी, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, जल निगम के अधिशासी अभियंता आशीष सिंह भी मौजूद रहे।

# अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल के घर को संग्रहालय बनाने की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता 2

शाहजहांपुर। समाजसेवी संस्था सहयोग के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के घर को संग्रहालय बनाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया कि जनपद की शान रहे अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के नाम पर शाहजहांपुर का नाम शहीदों की धरती बोला जाता है। उनका घर इस समय लाचार अवस्था में है, जिसको सरकारी संपत्ति घोषित कर संग्रहालय बनाने का कार्य किया जाए। इससे महान क्रांतिकारी के घर की स्मृति सदैव जनपद वासियों के लिए अमर बनी रहे। संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान और शाहनवाज खां एडवोकेट ने कहा कि उनकी संस्था द्वारा जनहित के सभी मुद्दे को सदैव उच्च पटल पर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था बहुत जल्द महानगर के बहादुरगंज स्थित बहादुर खां के मकबरे को लेकर भी उच्च पटल पर बात करेंगे। ज्ञापन देने वालों में संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता, महासचिव विकास सक्सेना, सचिव संगीता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गंगागंज-नगराम रोड पर आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें तीन गंभीर, पूर्व विधायक ने रुककर कराई मदद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। गंगागंज-नगराम रोड पर अनैया खरगापुर के पास शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना तेज था कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बाइक सवार नगराम निवासी युवक विकास कुमार(उम्र लगभग 26 वर्ष) और दूसरी बाइक पर हुसैनाबाद निवासी रामविलास गौतम (उम्र लगभग 50 वर्ष) अपनी पत्नी के साथ सवार थे। टक्कर के बाद तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसी दौरान क्षेत्र से गुजर रहे सपा के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर (विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज, लखनऊ) ने दुर्घटना देख तुरंत अपना काफिला रुकवाया। उन्होंने अपने पीआरओ हरीशंकर को निर्देश देकर डायल 112 पर सूचना दिलाई। पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया।चिकित्सकों के अनुसार घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# होली पर मिलावटखोरी के खिलाफ सख्ती 630 किलो रंगीन कचरी सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। आगामी होली पर्व के मद्देनज़र मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ.प्र. लखनऊ के निर्देश पर जनपद में 19 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक निर्माण इकाइयों, री-लेबलर, पैकर, कोल्ड स्टोरेज, भंडारण इकाइयों और संबंधित मंडियों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। अभियान के तहत खोया, पनीर, दूध उत्पाद, खाद्य तेल, घी, वनस्पति, रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स, नमकीन, मिठाइयों के साथ-साथ बेसन और मैदा जैसे उत्पादों की जांच पर विशेष फोकस है।इसी क्रम में 20 फरवरी को सहायक आयुक्त (खाद्य) प्रयागराज मंडल के निर्देशन में विभागीय टीम ने महेवा पश्चिम पट्टी स्थित एक प्रतिष्ठान पर कार्रवाई की। टीम ने रंगीन कचरी के कुल 4 नमूने संग्रहित किए और लगभग 630 किलोग्राम रंगीन कचरी, जिसकी अनुमानित कीमत 26,460 रुपये बताई गई है, को सीज कर सुरक्षित अभिरक्षा में दे दिया। कार्रवाई के दौरान विभागीय अधिकारियों ने मौके पर आवश्यक अभिलेखों की भी जांच की।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत संबंधित खाद्य कारोबारी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने आमजन से अपील की है कि त्योहार के दौरान संदिग्ध खाद्य पदार्थों की सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि मिलावटखोरों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# यूपीएसआईएफएस में साइबर सिक्योरिटी एन्ड डिजीटल फोरेंसिक का पांचवां कोर्स संपन्न

❑ साइबर चुनौतियों से लड़ने के लिए हमें तैयार रहना होगा: राम कुमार ❑ एजेंटिक साइबर क्राइम की संभावना में सतर्कता जरूरी : डॉ जी.के.गोस्वामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज आईफोरसी (ऋ4ए) गृह मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित पांचवा साप्ताहिक कोर्स साइबर सिक्योरिटी एन्ड डिजीटल फोरेंसिक कोर्स का आज समापन किया गया जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री रामकुमार अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक्स उ0प्र0 थे।

जिन्हें यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ0 जी.के. गोस्वामी ने मंच पर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस कोर्स में उ0प्र0 सहित गोवा उत्तराखण्ड, मध्य बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा एवं तेलंगाना के कुल 40 पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग कियम था म इस साप्ताहिक कोर्स में विषय विशेषज्ञों द्वारा साइबर एवं फॉरेंसिक से संबंधित विषयों पर अध्ययन कराया गया म्इस अवसर पर मुख्य अतिथि इक्क श्री राम कुमार ने कहा कि हमें भविष्य में आने वाली साइबर की चुनौतियों के लिए लगातार तैयार रहना होगा, जिसका निदान मात्र प्रशिक्षण से ही संभव है जितना हम साइबर की बारीकियों से प्रशिक्षित होंगे उतना ही हम निस्तारण में त्वरित गति से कार्य कर सकेंगे और आज के युग में पुलिस के लिए यह महती जरूरी है द्यउन्होंने कहा कि पहले एसी परिस्थिति मे हमे सतर्क रह कर समाज को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक भी करना होगा उन्होंने कहा कि साइबर चुनौतियों से लड़ने का ज्ञान मात्र हमें साइबर के प्रशिक्षण ही दे सकते है और यही निदान है।श्री राम कुमार ने कहा कि वर्तमान में यह फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट उत्तर प्रदेश में साइबर विधा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अल्प समय में इतना विकास करना यह अपने आप में असाधारण है उन्होंने इसके लिए डॉ जी के गोस्वामी को बधाई भेजें उम्मीद है आप लोगों ने विशेष ज्ञान हासिल किया होगा। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ जी.के गोस्वामी ने संस्थान में चल रहे कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में अधिकांश अपराध साइबर स्पेस में हो रहे है इसलिए ऐसी परिस्थिति में हमें प्रशिक्षित होकर साइबर एवं डिजिटल फॉरेंसिक अपराध से लड़ने के लिए तैयार रहना होगा। आने वाले समय में एजेंटिक क्राइम की संभावनाएं बढ़ रही हैं इसलिए हमें लगातार सतर्क रहना होगाइस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री हेमराज मीणा ने सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियों का अभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया। इस अवसर पर उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव, गिरिजेश राय, डॉ पलक, उप निरीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह, अमर सिंह एवं कार्तिकेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## इविवि के विधि संकाय में आयोजित इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया वकालत का हुनर

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से शुक्रवार को एलएलबी (ऑनर्स) के विद्यार्थियों के लिए एक इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इविवि की पीआरओ प्रो जया कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के लिए डिवीजन बेंच के साथ पांच कोर्ट रूम थे। प्रतियोगिता में कुल 48 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन में मूट कोर्ट कमेटी की संयोजिका डॉ. स्मिता श्रीवास्तव और सदस्य डॉ. विजय लक्ष्मी सिंह, डॉ. संध्या वर्मा, डॉ. मुक्ता वर्मा, डॉ. नरेंद्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के निर्णायक इलाहाबाद विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध कॉलेजों के संकाय सदस्य डॉ. रितु रघुवंशी, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. पद्मा अपराजिता परिजा, डॉ. प्रिया विजय, डॉ. हरीश कुमार तिवारी, डॉ. राहुल श्रीवास्तव, डॉ. कृतिका सिंह, डॉ. सृष्टि सिंह, डॉ. अनामिका सिंह और आयुष निगम रहे। विधि संकाय के अध्यक्ष प्रो. आदेश कुमार और विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. अंशुमान मिश्र ने जजों को सम्मानित किया।उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विधि विभाग के संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन एलएलबी (ऑनर्स) चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा आरुषि द्विवेदी ने किया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 20.03.2026 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 07-Tender-Dy. CE-GSU-LKO-2025-26 dated 19-02-2026 |
| 2. | निविदा संख्या | 07-Tender-Dy. CE-GSU-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल, उत्तरी रेलवे के अंतर्गत 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत अमृत स्टेशनों (UTR, MLJ, BCN, RBL, GNG, AME, CIL, PBH, JNH, MAY, BOY, ZBD, BTP, SOP, VYN, SLN, BTKD, CPB, ON एवं ML) पर मौजूदा प्लेटफॉर्मों का सतही सुधार, स्टील टैक्टाइल की व्यवस्था, प्लेटफार्मो पर कवर ओवर प्लेटफॉर्म (COP) का निर्माण तथा मौजूदा फुट ओवर ब्रिज (FOB) में रैंप उपलब्ध कराने हेतु संबंधित सिविल कार्य। |
| 4. | अनुमानित लागत | रू0 3837.89 लाख |
| 5. | धरोहर राशि | रू0 20,69,000/- |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 06.03.2026 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 20.03.2026 11:30 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 579/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम ने किया मोहनलालगंज तहसील का औचक निरीक्षण

❒ रजिस्ट्री कार्यालय के बंद रास्ते का ताला तुड़वाने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। शुक्रवार शाम करीब चार बजे जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी तहसील पहुंचे और विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील की अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या एवं उनके निस्तारण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति भी परखी।

जिलाधिकारी ने तहसील परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। रजिस्ट्री कार्यालय जाने वाले दूसरे रास्ते पर लगे ताले को खुलवाने के लिए मौके पर कर्मचारियों को निर्देशित किया। चाभी से ताला न खुलने पर उन्होंने तत्काल ताला तुड़वाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।इसके अलावा उन्होंने राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाने को कहा। चकबंदी से संबंधित मुकदमों की भी गहन समीक्षा की गई और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कुछ महत्वपूर्ण फाइलों की फोटो भी खिंचवाई।समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण से तहसील प्रशासन में हड़कंप की स्थिति बनी रही।इस दौरान अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी पवन पटेल, तहसीलदार ऋतुराज शुक्ला, एसीपी विकास कुमार पाण्डेय और इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में छत्रपति शिवाजी कर्मयोगी सम्मान समारोह आयोजित

❒ कार्यक्रम में सामाजिक एवं जनसेवा कार्यो के लिये महापौर सुषमा खर्कवाल को किया गया सम्मिनित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय में छत्रपति शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में छत्रपति शिवाजी कर्मयोगी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल जी को उनके सामाजिक एवं जनसेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह में शहर की पद्मश्री से सम्मानित विभूतियों एवं वरिष्ठजनों को भी सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एसवी निमसे जी, कुलपति डॉ. जय प्रकाश सैनी , भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह तथा प्रदेश सहसंयोजक राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग भाजपा उत्तर प्रदेश व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय विश्वविद्यालय कर्म महासंघ एवं कार्यक्रम आयोजक डॉ. संजय शुक्ला जी सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। अपने संबोधन में वक्ताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और कर्मयोग की भावना को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## मत्स्य विभाग को प्रदेश में अव्वल बनाने का लक्ष्य

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंत्री संजय निषाद ने कहा कि बजट भाषण के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा मत्स्य विभाग की उपलब्धियों तथा आगामी वित्तीय वर्ष की योजनाओं और बजट प्रावधानों को लेकर दिया गया वक्तव्य अत्यंत प्रेरणादायक एवं दूरदर्शी है, जो मछुआ समाज के सर्वांगीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं उन्होंने मत्स्य मंत्री के रूप में मत्स्य विभाग एवं मछुआ समाज के उत्थान हेतु किए जा रहे कार्यों से सदन को अवगत कराया। मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद का स्पष्ट लक्ष्य प्रदेश में मत्स्य विभाग को अव्वल बनाना है तथा मछुआ समाज के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। प्रदेश में मत्स्य विभाग निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, जबकि पूर्ववर्ती सरकारों के समय इसे उपेक्षित रखा गया था और मछुआ समाज को अपेक्षित सम्मान नहीं मिला।

## 82.84 लाख रुपये बकाया पर नगर निगम की सख्त कार्रवाई पराग डेयरी से जुड़े बैंक खाते सीज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** नगर निगम लखनऊ ने कर बकाया न चुकाने पर शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 को बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ प्रोड्यूसर्स कोऑपरेटिव मिल्क यूनियन लिमिटेड (पराग डेयरी) से जुड़े बैंक खातों को कुर्क कर सीज कर दिया। यह कार्रवाई वित्तीय वर्ष 2025-26 तक के बकाया कर की वसूली के लिए की गई है।नगर निगम के अनुसार डायरेक्टर पराग डेयरी के नाम दर्ज भवन संख्या है, जिसपर कुल 82,84,597 रुपये का कर बकाया है। जोनल अधिकारी श्री विकास सिंह ने बताया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कर का भुगतान नहीं किया गया। बकाया वसूली के लिए पहले नियमानुसार बिल और डिमांड नोटिस जारी किए गए थे। इसके साथ ही संबंधित संस्था से व्यक्तिगत स्तर पर संपर्क कर भुगतान करने का अनुरोध भी किया गया, लेकिन इसके बावजूद बकाया राशि जमा नहीं की गई।अपर नगर आयुक्त डॉ अरविंद कुमार राव ने बताया कि उ.प्र. नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 509 से 516 के तहत निगम को बकाया कर की वसूली के लिए चल और अचल संपत्ति को कुर्क करने का अधिकार है। इसी प्रावधान के तहत लखनऊ प्रोड्यूसर्स कोऑपरेटिव मिल्क यूनियन लिमिटेड के दो बैंक खातों को कुर्क और सीज कर दिया गया।यह कार्रवाई अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव के आदेश पर जोन-8 के जोनल अधिकारी श्री विकास सिंह, कर निर्धारण अधिकारी श्री दिव्यांशु पाण्डेय, कर अधीक्षक श्री राम अचल व श्री सुरेन्द्र सिंह तथा राजस्व निरीक्षक श्री राजा भैया द्वारा की गई। अधिकारियों ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए बैंक को खाते सीज करने के निर्देश दिए।

## आमन-सामने भिड़ी दो मोटर साइकिले, तीन लोग घायल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र में गंगागंज-नगराम रोड पर अनैया खरगापुर गांव के पास शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में दोनों बाइक सवार बुरी तरह से लहूलुहान हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नगराम निवासी विकास कुमार( 26 ) और हुसैनाबाद निवासी रामविलास गौतम ( 50) अलग अलग मोटर सायकिलों से थे। राम विलास के साथ उनकी पत्नी भी थी। दुर्घटना के बाद तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।इसी मौके पर कघटना स्थल से गुजर रहे सपा के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने दुर्घटना अपना काफिला रुकवा दिया। उन्होंने अपने पीआरओ हरीशंकर को निर्देश देकर डायल 112 पर पुलिस को सूचना दिलाई। पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।इस घटना में चिकित्सकों का कहना है कि घायलों का उपचार चल रहा है।

## वैन की टक्कर से घायल मोटर साइकिल चालक पहुंचा लोहिया अस्पताल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल व्यक्ति लोहिया अस्पताल पहुंच गया। वहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में 1- एपीसेन रोड , ठाकुर गंज (केकेसी) चार बाग निवासी अमर चंद पुत्र अंजनी कुमार की ओर से गोसाईगंज कोतवाली में 20 फरवरी 2026 को शिकायत की गई है।दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार शिकायत कर्ता अपनी मोटर साइकिल यूपी 32 केजे 8349 से लखनऊ की दिशा में जा रहा था । गोसाईगंज कोतवाली से 100 मीटर दूरी एक चार पहिया वाहन यूपी 32 एफएस 7555 के चालक ने लापवाही से ड्राइव करते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दी। शिकायत कर्ता के अनुसार इस घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गया। उसे सीएचसी गोसाईगंज ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया। जहां इलाज चल रहा है।

# होटल ताज में क्लीन गोमती कार्यशाला आयोजित, स्वच्छता एवं संरक्षण पर जोर

❒ नगर निगम द्वारा गोमती नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए संचालित योजनाओं तथा आगामी कार्ययोजनाओं को विस्तार से प्रस्तुत किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । होटल ताज में शुक्रवार को ल्क्लीन गोमती विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने सहभागिता करते हुए नगर निगम द्वारा गोमती नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए संचालित योजनाओं तथा आगामी कार्ययोजनाओं को विस्तार से प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा नदी में गिरने वाले अपशिष्ट को रोकने, सीवेज प्रबंधन को सुदृढ़ करने, तटों के सौंदर्यीकरण तथा जनजागरूकता अभियानों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। महापौर ने कहा कि गोमती केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और लाखों लोगों की आजीविका का आधार है। इसे स्वच्छ, अविरल और निर्मल बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और नदी संरक्षण के प्रति जागरूक रहें। कार्यशाला में सांसद राज्यसभा संत बलबीर सिंह सीचेवाल , लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा , जल पुरुष राजेंद्र सिंह , एडवाइजर नगरीय विकास केशव वर्मा तथा सीईओ राज्य परिवर्तन आयोग मनोज कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने विचार साझा करते हुए गोमती की स्वच्छता के लिए जनसहभागिता, प्रभावी नीति-निर्माण और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता पर बल दिया।

# जोन-8 में गृहकर बकायेदारों के खिलाफ कुर्की अभियान, तीन प्रतिष्ठान सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । नगर निगम लखनऊ ने शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 को जोन-8 क्षेत्र में गृहकर बकायेदारों के खिलाफ विशेष कुर्की अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व जोनल अधिकारी जोन-8 विकास सिंह ने किया। इस दौरान श्रद्धेय अटल विहारी बाजपेई वार्ड स्थित मिलेनियम पैलेस परिसर के तीन बकायेदार भवन स्वामियों के खिलाफ कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई की गई।

नगर निगम के अनुसार शॉप नंबर 19/जीएफ (मिलेनियम पैलेस), शॉप नंबर 09/थर्ड फ्लोर (मिलेनियम पैलेस) तथा शॉप नंबर 14/फोर्थ फ्लोर (मिलेनियम पैलेस) पर कुल 12,02,948 रुपये गृहकर बकाया था। निर्धारित समय तक कर जमा न करने पर इन तीनों भवनों/प्रतिष्ठानों को कुर्क करते हुए सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान शॉप नंबर 19/जीएफ (मिलेनियम पैलेस) से 1,00,000 रुपये का आंशिक भुगतान मौके पर कराया गया। वहीं भवन शॉप नंबर 14/फोर्थ फ्लोर से 2,05,632 रुपये का पूर्ण भुगतान प्राप्त हुआ। इस प्रकार कुल 3,05,632 रुपये की धनराशि मौके पर ही नगर निगम कोष में जमा कराई गई। शेष बकाया राशि जमा न होने के कारण अन्य संबंधित संपत्तियां सील रखी गई हैं। यह पूरी कार्रवाई जोनल अधिकारी जोन 8 विकास सिंह के निर्देशन में कर निर्धारण अधिकारी दिव्यांशु पाण्डेय, कर अधीक्षक राम अचल, राजस्व निरीक्षक राजा भैया तथा नगर निगम की 296 टीम और अन्य स्टाफ की मौजूदगी में संपन्न हुई।

**11 हजार लाइन को हटवाने का प्रयास उद्योग व्यापार मण्डल के माध्यम हुआ पूरा**

# भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल के प्रयास से कुर्सी रोड के व्यापारी एवं क्षेत्रवासी में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जानकीपुरम, लखनऊ । भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल, के प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर मंडल पांच महानगर लखनऊ के उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह द्वारा जनहित में उठाए गए प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है।

कुर्सी रोड क्षेत्र में आवासीय आबादी के मध्य से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन, जो लंबे समय से दुर्घटना की आशंका का कारण बनी हुई थी, उसका सफलतापूर्वक निराकरण/विस्थापन कार्य पूर्ण कर दिया गया है। आपको बता देन कि क्षेत्र में तीव्र आवासीय विस्तार एवं जनसंख्या वृद्धि के कारण उक्त विद्युत लाइन से जन-धन की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। जिसकी गंभीरता को ध्यान मे रखते हुए व्यापार मंडल ने इस संबंध में संबंधित विभाग से इसे हटाने की मांग की थी साथ ही लखनऊ से सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी 20 जनवरी 2026 को पत्र के माध्यम से इसके निवारण की गुहार लगाई थी। उद्योग मंडल के निरंतर प्रयासों एवं संवाद के परिणामस्वरूप विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए विद्युत लाइन को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है।इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों, व्यापारियों एवं विद्यार्थियों को संभावित दुर्घटनाओं से राहत मिली है तथा विद्युत आपूर्ति भी अब अधिक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित हो सकेगी।भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान हेतु सदैव प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देता रहेगा।

# भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष से महापौर ने की शिष्टाचार भेंट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । भाजपा प्रदेश मुख्यालय में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से महापौर सुषमा खर्कवाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर नगर विकास, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा संगठनात्मक विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। महापौर ने नगर निगम द्वारा संचालित विकास कार्यों, स्वच्छता अभियानों एवं शहर के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर महापौर अन्य बिन्दुओं पर भी चर्चा की।

# नगराम के सलेमपुर अचाका में गूंजा भक्ति का उल्लास, शिव बारात झांकियों ने बांधा समां



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । क्षेत्र के सलेमपुर अचाका गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा इन दिनों पूरे क्षेत्र में आस्था और भक्ति का केंद्र बनी हुई है। कथा के संरक्षक हरिश्चंद्र वर्मा एवं आयोजक ग्राम प्रधान विकास पटेल के नेतृत्व में समस्त ग्रामीणों के सहयोग से यह धार्मिक आयोजन भव्य रूप से संपन्न हो रहा है।

कथावाचक युवराज सिंह मानस एवं माधुरी (कोकिला) अपने मधुर वाणी और भावपूर्ण प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।कथा के चौथे दिन शिव बारात की आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिसने पूरे गांव का माहौल भक्तिमय बना दिया। शिव-पार्वती विवाह की मनमोहक झलकियों को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। डीजे और भजन-कीर्तन के बीच निकली शिव बारात में श्रद्धालु झूमते नजर आए।इस दौरान ग्रामीणों ने टॉफी और बिस्किट लुटाकर अपनी खुशी और उत्साह का इजहार किया। पूरा गांव हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।धार्मिक आयोजन के माध्यम से गांव में सामाजिक समरसता और एकता का संदेश भी प्रसारित हो रहा है। कथा का समापन आगामी दिनों में भव्य भंडारे के साथ किया जाएगा।

## कोटा के चुनाव में मंजरी वर्मा विजयी

बख्शी का तालाब, लखनऊ। इटौंजा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दुघरा में शुक्रवार को कोटेदार का चुनाव संपन्न हुआ। कंाटे की टक्कर में मंजरी वर्मा को 42 वोटो से विजय हासिल हुई। चुनाव को लेकर यहां पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे।मत प्रयोग के लिए सुबह से ही लंबी लाइन दिखी।ग्राम पंचायत दुघरा में कुल 744 मतदाता थे। जिसमें 743 मत पड़े। एक मतदाता ने वोट नहीं डाला। कंाटे की टक्कर मंजरी वर्मा और नीलम के बीच हुई। मंजरी वर्मा को 274 मत हासिल हुए है जबकि 232 वोट पाकर नीलम दूसरे नंबर पर रही। तीसरे नंबर पर विनीता रही। गीता को 45 मोहिनी को मात्र 11 वोट ही मिल सके। कोटेदार के चुनाव को लेकर यहां ग्रामीण काफी उत्साहित थे। क्योंकि पूर्व कोटेदार गोबरे का निधन हो चुका था। जिससे यहां की सीट रिक्त थी। ग्रामीण काफी समय से चुनाव की मांग कर रहे थे। यहां का कोटा दूसरी ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में जोड़ दिया गया था ।जिससे राशन कार्ड धारकों को काफी दूर जाना पड़ता था। शुक्रवार को हुए कोटेदार के चुनाव से मतदाताओं ने बताया अब उनके गांव में ही कोटेदार मिल गया। जिससे अब राशन लेने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

# नवाचार से रोजगार सृजन की दिशा में बड़ा कदम, डॉ. राजेश्वर सिंह ने रखा प्रस्ताव

❒ बौद्धिक शक्ति को उद्यम से जोड़ने की पहल, आईआईएम लखनऊ के पास नवाचार केंद्र प्रस्तावि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सरोजिनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश में नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ के निकट एक बहु-संस्थागत नवाचार केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि यह केंद्र युवाओं को एकीकृत रूप से मार्गदर्शन, वित्तीय सहयोग और प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराएगा।

हाल ही में भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ में आयोजित एक शैक्षणिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के दौरान डॉ. सिंह ने संस्थान के निदेशक प्रोफ़ेसर एम. पी. गुप्ता के साथ राज्य में नवाचार और नव उद्यम पारितंत्र को सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की। बातचीत के दौरान यह तथ्य सामने आया कि प्रदेश के अनेक युवा नवप्रवर्तकों को प्रारंभिक चरण में वित्तीय संसाधनों तक पहुंच, ऋण सुविधा, नियामकीय स्वीकृतियां, वैधानिक अनुपालन, प्रक्रियागत अनुमोदन, तकनीकी सत्यापन तथा अनुभवी मार्गदर्शन जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।डॉ. राजेश्वर सिंह ने सुझाव दिया कि प्रस्तावित नवाचार केंद्र में इन सभी सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाए, जिससे नव उद्यमियों को विभिन्न विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, औद्योगिक विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, राज्य स्तरीय नवाचार प्रकोष्ठ तथा निवेश प्रोत्साहन इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित किया जा सकता है। साथ ही केंद्र सरकार की संबंधित योजनाओं, ऋण गारंटी योजनाओं तथा बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा सकती है।उन्होंने कहा कि विश्व के अनेक देशों में स्थापित एकीकृत नवाचार केंद्र रोजगार सृजन, निवेश आकर्षण और उद्यम विकास के प्रभावी माध्यम सिद्ध हुए हैं। यदि उत्तर प्रदेश में भी ऐसा केंद्र स्थापित होता है, तो यह राज्य की बौद्धिक क्षमता को उद्योग और उद्यम से जोड़ने का सशक्त मंच बनेगा। इससे प्रदेश के युवा केवल रोजगार खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार उत्पन्न करने वाले नवाचार-नेता बन सकेंगे।डॉ. सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल उत्तर प्रदेश में निवेश, नवाचार और रोजगार के नए अवसरों को गति देगी तथा राज्य को उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# आवास प्लस योजना बनी जिम्मेदारों की अतिरिक्त आय का जरिया

❑ सेल्फ सर्वे बाद सचिव व चेकर के द्वारा वेरीफाई के नाम पर खूब हुई धन उगाही

❑ अपात्रों ने जमकर जिम्मेदारों पर की धनवर्षा, जिसके चलते ग्राम प्रधानों, सचिवों सहित चेकर्स ने खूब काटी मलाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सकरन, सीतापुर। आवास योजना में जमकर धांधली से एक बार सकरन ने अपना लोहा मनवाया है जहां मुख्यमंत्री आवास व प्रधानमंत्री आवास सत्यापन में जिम्मेदारों ने खूब काटी मलाई, जिसकी सुगबुगाहट क्षेत्र के हर गली चौराहे व चाय की टपरियों पर सुनने को मिल रही है कि आवास चेकर में तैनात किए गई कृषि व सिंचाई विभाग के कर्मचारियों सहित अन्य कर्मचारियों ने ग्राम प्रधानों से मिलीभगत कर गरीब पात्र लोगों को दरकिनार कर अपात्रों का सत्यापन करने में बड़ी भूमिका अदा की है तो फिर सेल्फ सर्वे की भूमिका ही क्या रह गई?ग्रामपंचायत के प्रधानों को वोट न देने वाले पात्र लोगों के आवास जबरिया काटने की शिकायतें सुनने मिल रही हैं जिनमें ग्राम पंचायत मोहारी, अदवारी, कुण्डी, अमिरती, धनावा,पटना, टेड़वा, झउवा खुर्द, झउवा कला, मुर्थना, बेलवा बसहिया, नसीरपुर, सेमरा कला,उमरा खुर्द,मुर्थना,अरुआ,रसूलपुर, बगहा ढाख, कोंसर,बरछता, राजापुर, धरमपुर, पखानियापुर, लश्करपुर, बोहरा, रेवान, इस्माइलपुर, जालिमपुर, मोईया, सैदापुर में आवास सत्यापन के नाम पर खुलेआम लूट की गई है। यही नहीं दिव्यांगों, कुष्ठ रोगियों व विधवा महिलाओं को मिलने वाले मुख्यमंत्री आवासों में भी जमकर फर्जीवाड़ा किया गया है ग्राम पंचायत नसीरपुर में एक महिला ने दस्तावेजों में हेर फ़ेर कर आवास हथिया लिया जिस फर्जीवाड़े के मुखिया बने प्रधानपति ने सरकारी दस्तावेजों में हेर फ़ेर कर आधार कार्ड पर करेक्शन करवा 1967की जन्मतिथि को 1978 तो करवा दी पर पुत्रियों व पुत्रों का करेक्शन नहीं करवा सके जिसमें लाखों रुपयों की हैसियत व पक्के मकान के बावजूद माता तारा ने मात्र 10 साल में ही पुत्री को जन्म दे दिया और प्रधान की कृपा से बन गईं आवास की हकदार ऐसे ही ग्राम पंचायत पटना, सेमराकला,सेमरा खुर्द,किरतापुर जैसी ग्राम पंचायतों में आवास आबंटन में जमकर की गई धांधली।जिलाधिकारी डॉ. गणपति आर. के सख्त निर्देशों उपरांत भी सकरन में नहीं थम रही धांधली आखिर इतने बड़े फर्जीवाड़े पर कार्यवाही कब?।

# डीएम ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय ददरौल का किया निरीक्षण

❑ लापरवाही मिलने पर सीडीपीओ को स्पष्टीकरण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने विकास खंड ददरौल के खंड विकास अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान डीएम ने कार्यालय में संचालित विभिन्न पटलों के कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्य प्रगति, अभिलेखों के रख-रखाव एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में जानकारी ली और अभिलेखों के रखरखाव, कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था तथा कार्यों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय में प्रेरणा कैंटीन का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया और विभिन्न योजनाओं से संबंधित अभिलेखों, आवश्यक दस्तावेजों एवं उपलब्ध सामग्री के पुष्टाहार स्टॉक का सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पाया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपलब्ध कराए गए शिशु डेस्क एवं मैट का वितरण समय से नहीं किया गया है और संबंधित सामग्री स्टोरेज में ही पड़ी हुई है। जिस पर डीएम ने नराजगी जताई। कहा कि संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित सीडीपीओ से इस गंभीर अनियमितता के संबंध में तत्काल स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि यदि समय से सामग्री का वितरण नहीं किया गया, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। समस्त सामग्री का वितरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने नगर पंचायत कंाट का किया निरीक्षण, विकास कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। डीएम ने नगर पंचायत कंाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का परीक्षण किया और जन्म-मृत्यु पटल के रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि प्रार्थना-पत्रों का पृथक दैनिक रजिस्टर तैयार किया जाए, जिससे अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख रखाव किया जा सके। इसके बाद उन्होंने अधिशासी अधिकारी से विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी ली।

इसके बाद डीएम ने वंदन योजना के तहत मां शीतला देवी मंदिर परिसर में निर्मित विश्रामालय का निरीक्षण किया तथा माता रानी के दर्शन कर जनपद की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन कान्हा गौशाला, वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि सेंटर पर प्रतिदिन आने वाले कूड़ा वाहनों का नियमित पंजीकरण किया जाए, सेंटर पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम एक माह तक सुरक्षित रखी जाए। एमआरएफ सेंटर को जाने वाले संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए। कहा कि डोर-टू-डोर कलेक्शन प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक घर पर क्यूआर कोड लगाया जाए। जिससे प्रत्येक घर से कूड़ा संग्रहण की निगरानी एवं पुष्टि की जा सके। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी, अवर अभियंता, नगर पंचायत कंाट के पूर्व अध्यक्ष, सभासद आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में मेगा क्रेडिट कैम्प का हुआ आयोजन




शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैंक ऑफ बड़ोदा चैड़ेरा शाखा में जनपद स्तरीय मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सीएम युवा योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना, पशुपालन योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं के ऋण स्वीकृति चेक पात्र लाभार्थियों को बांटे गए। डीएम ने बताया कि कैम्प में स्वरोजगार, लघु उद्यम, पशुपालन एवं सौर ऊर्जा से संबंधित योजनाओं पर बल दिया गया, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने एलडीएम एवं सभी बैंकों को इस आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रेरित किया। कैम्प में जनपद के बैंक ऑफ बड़ौदा की आसपास की 166 शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर की, फार्म 06 भरवाने की अपील

❑ डीएम ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत आयोग द्वारा 22 फरवरी को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में राजनैतिक दलों के साथ बैठक की और उनसे फार्म-06, 07 और 08 भरवाने की अपील की। बैठक में डीएम ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत आयोग द्वारा 22 फरवरी को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित की गई है।

इस विशेष अभियान की तिथि में जनपद के समस्त 2810 मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल अधिकारी आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची तथा आवश्यक फार्म यथा फार्म-6, 7 व 8 आदि के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसमें अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म-6 पर आवेदन प्राप्त किया जाएगा। इस तिथि में अधिक से अधिक अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए विभिन्न विभागों का सहयोग भी लिया जा रहा है। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील की है कि वो अपने बूथ लेविल एजेन्ट तथा अन्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से अर्ह व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म-6 भरवाकर जमा कराएं। इस दौरान डीएम ने ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। बताया कि 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी लोगों के फार्म-06 भरें। जिससे मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा सके। मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-07 एवं मतदाता सूची में नाम संशोधन या स्थानांतरण सहित अन्य हेतु फॉर्म 08 भरवाया जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गोला में दिनदहाड़े फायरिंग, बीच-बचाव में आए युवक को लगी गोली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद के गोला कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर नई बाईपास स्थित अंधेरी बाग के पास दिनदहाड़े फायरिंग की सनसनीखेज घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

पैसों के लेन-देन को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें बीच-बचाव करने आए लईक नामक युवक को गोली लग गई। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो युवक काशीराम कॉलोनी में एक व्यक्ति को दौड़ाते हुए घुस आए थे। कॉलोनी के कुछ लोग, जिनमें लईक भी शामिल था, हमलावरों को पकड़ने के लिए उनके पीछे दौड़े। पीछा करते-करते सभी लोग नई बाईपास स्थित अंधेरी बाग तक पहुंच गए। इसी दौरान आरोपियों ने तमंचा निकालकर फायर कर दिया। गोली लईक के सीने में बाईं ओर नीचे की तरफ जा लगी।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। रमेश तिवारी (सीओ गोला) अपने दलबल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और हालात को काबू में लिया। घायल युवक को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए उसे लखनऊ भेजा गया है।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि प्रशांत कमल पुत्र दिनेश कुमार और प्रशांत वर्मा पुत्र सर्वेश कुमार, निवासी हेमपुर थाना हैदराबाद, का संगम (निवासी बिजुआ, वर्तमान पता काशीराम कॉलोनी) से करीब एक लाख रुपये का लेन-देन था। जानकारी के मुताबिक 47 हजार रुपये ऑनलाइन दिए जा चुके थे, जबकि 53 हजार रुपये बकाया थे। इसी बकाया रकम को लेकर विवाद बढ़ते-बढ़ते फायरिंग तक पहुंच गया।घटना के तुरंत बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को तमंचे समेत हिरासत में ले लिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, हालांकि आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी से स्थानीय लोगों ने कुछ राहत महसूस की है। पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जा रही है।

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर मजदूर की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। ट्रैक्टर पलटने से नीचे दबकर मजदूर की मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

सकरन थाना क्षेत्र के सेमरा खुर्द गांव निवासी जगदीश (50) पुत्र रामचरण गौतम शुक्रवार की दोपहर ट्रैक्टर पर बैठ कर गांव निवासी रामसजीवन वर्मा के खेत में मजदूरी पर खस भरने जा रहा था ट्रैक्टर खेत स्वामी का लड़का बच्चालाल चला रहा था गांव के बाहर सत्य ओम शिक्षण संस्थान के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर को ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर की पहिया रोड के किनारे बने गड्ढे में गिर गया जिससे ट्रैक्टर पलट गया जिसके नीचे जगदीश दब गया ग्रामीणों ने करीब एक घंटे की मेहनत के बाद जगदीश को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला उसके बाद परिजन उसे सीएचसी सांडा लेकर आए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया था मृतक के चार पुत्र अशोक, सुशील, मनोज, उपेंद्र व चार पुत्रियां नीलम, पिंकी, संगीता, आरती जिसमें से अशोक व नीलम की शादी हो चुकी हैं अभी तीन लड़के व तीन लड़कियां शादी करने को है कृषि योग्य पर्याप्त जमीन न होने के कारण मृतक व उसका परिवार मजदूरी करके जीवन यापन करता है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएमयुवा) योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सी0एम0 युवा) योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों में प्रेषित किए गए आवेदनों पर ऋण स्वीकृति तथा स्वीकृत ऋणों के सापेक्ष ऋण वितरण की बैंकवार विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने योजना में धीमी प्रगति वाली बैंकों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृत कराते हुये स्वीकृत ऋणों का तत्काल नियमानुसार वितरण सुनिश्चित कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी आवेदन अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाये तथा बिना समुचित कारण के निरस्त न किया जाये। उन्होंने कहा कि यह योजना शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में से है, अतः इसमें लापरवाही करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लम्बित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।बैठक के दौरान लीड बैंक मैनेजर मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

## इंडियन बैंक में वृहद ऋण वितरण कार्यक्रम, 110 करोड़ के ऋण पत्र वितरित

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** इंडियन बैंक अंचल कार्यालय सीतापुर प्रांगण में आज एक वृहद ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसके अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के तीन सौ से अधिक लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय डा0 राजागणपति आर0 एवं विशिष्ट अतिथि इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता रहे। उन्होंने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओ एवं बैंकिंग सेवाओं जैसे एस0एच0जी0 का क्रेडिट लिंकेज मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, पी0एम0 स्वनिधि, मुद्रा एवं पी0एम0एफ0एम0ई0 का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया और प्रतिभागिओं को इंडियन बैंक द्वारा चलाई जा रही आरसेटी संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल प्रमुख आर0पी0 दुबे जी ने की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं के अंतर्गत कुल रु0 110 करोड़ के स्वीकृत ऋण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में उप अंचल प्रमुख अश्वनी कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज कुमार एवं बैंक के समस्त अधिकारीगण, स्थानीय प्रतिनिधि, लाभार्थियों और आमजन की उपस्थिति रही।

## बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए प्रचार वाहन रवाना, किसानों को किया गया जागरूक



**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेक्सरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई हेतु किसानों को जागरूक करने के लिए प्रसार प्रचार वाहनों को प्रचार हेतु मिल क्षेत्र से गावो गावो मे भेजा गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी द्वारा हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया गया ।इस अवसर पर सहकारी गन्ना समिति अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला ने भी किसानों को बसंत कालीन गन्ना बुवाई की बधाई दी एवं उत्कृष्ट व चयनित प्रजातियां कि गन्ना बुवाई करने को कहा। इस अवसर पर महाप्रबंधक गन्ना डॉक्टर अनूप कुमार ने किसानों को भूमि उपचार बीज उपचार ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई एवं सह फसली लेने की अपील की जिससे किसानों की आए दोगुनी हो। चीनी मिल अधिशाषी अधिकारी रमेश सिंघल ने किसानों को बुवाई के साथ-साथ पेड़ी प्रबंधन के बारे में जागरूक करने का संदेश दिया उन्होंने कहा पेडी पर समुचित ध्यान देकर किसान भाई अधिक लाभ कमा सकते हैं। इस अवसर पर जी एम तकनीकी पीसी सरकार, वित्त व्यवस्थापक आरसी नौसरिया गन्ना प्रबंधक विमल मिश्रा शाहिद चीनी मिल के कर्मचारीगण व किसान उपस्थित रहे।

## नीरज सोलंकी बने जिला संयोजक, हिमांशु मेहरा को जिला समन्वयक की जिम्मेदारी

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** स्वदेशी जागरण मंच की शुक्रवार को हुई बैठक में संगठन के विस्तार एवं स्वावलम्बी भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई। जिसमें नीरज सोलंकी एडवोकेट को जिला संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच (मुरादाबाद), हिमांशु मेहरा को जिला समन्वयक घोषित किया गया।अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डा. राजीव कुमार के निर्देशन में प्रांत संयोजक कपिल नारंग द्वारा मुरादाबाद इकाई की विधिवत घोषणा करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। बैठक में नीरज सोलंकी को जिला संयोजक एवं हिमांशु मेहरा को जिला समन्वयक, स्वावलम्बी भारत अभियान तथा जसविंदर सिंह को महानगर युवा आयाम प्रमुख का महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया गया।

# पढुआ में आतंक का अंत, वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। पढुआ क्षेत्र में पिछले करीब एक वर्ष से ग्रामीणों के लिए दहशत का पर्याय बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर मिलते ही आसपास के गांवों में राहत और उत्सुकता का माहौल देखा गया।जानकारी के अनुसार चंदैयापुर क्षेत्र के गांव कंडौहा निवासी शालिकराम के आम के बाग में वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाया था। पिंजरे में एक बकरी को बांधा गया था, जिसे शिकार बनाने के उद्देश्य से तेंदुआ देर रात पहुंचा और उसी दौरान वह पिंजरे में कैद हो गया। सुबह ग्रामीणों ने जब पिंजरे में तेंदुए को देखा तो तुरंत वन विभाग को सूचना दी गई।बताया जा रहा है कि यह वही तेंदुआ है जो पिछले एक वर्ष से क्षेत्र में कई छोटे पशुओं को अपना शिकार बना चुका था। इतना ही नहीं, हाल ही में खेतों पर काम कर रहे कई ग्रामीणों पर भी उसने हमला कर उन्हें घायल कर दिया था, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त था। लोग शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे और बच्चों को अकेले बाहर भेजने से बचते थे।वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पिंजरे को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। यह तेंदुआ नर है या मादा, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। साथ ही उसे किस वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, इस पर भी अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है।फिलहाल तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, लेकिन वन विभाग की ओर से लोगों को सतर्क रहने और जंगल या खेतों में अकेले न जाने की सलाह दी गई है। क्षेत्र में वन विभाग की निगरानी अभी भी जारी है।

# लखीमपुर पहुंचे एडीजी लखनऊ जोन अपराध नियंत्रण को लेकर दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी की पुलिस लाइन ग्राउंड में उस समय हलचल बढ़ गई जब प्रवीण कुमार (एडीजी, लखनऊ जोन) ने पत्रकारों से वार्ता शुरू की। इस दौरान जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।पत्रकार वार्ता में एडीजी ने जनपद की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, आगामी पर्व-त्योहारों और संवेदनशील मामलों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने स्पष्ट किया कि लखनऊ जोन के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों में शांति और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर डॉ. ख्याति खरे (पुलिस अधीक्षक, लखीमपुर खीरी), पवन गौतम (अपर पुलिस अधीक्षक) एवं अमित राय (अपर पुलिस अधीक्षक) भी मौजूद रहे। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और अधीनस्थ अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।एडीजी प्रवीण कुमार ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, महिला उत्पीड़न और साइबर अपराध जैसे मामलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। साथ ही थाना स्तर पर जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि आमजन का विश्वास बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए बीट पुलिसिंग को मजबूत किया जा रहा है और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्त बढ़ाई गई है।पत्रकार वार्ता के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है।

# जिलाधिकारी ने तहसील,विकासखण्ड सम्भल, एवं नगर पालिका तथा कोतवाली सम्भल का किया निरीक्षण

**❐ जिलाधिकारी द्वारा पुराने दायरे के निस्तारण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा मतदाता पंजीकरण केन्द्र एवं आईजीआरएस कक्ष का निरीक्षण किया**


**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल, बहजोई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा तहसील सम्भल, विकासखण्ड सम्भल एवं नगर पालिका परिषद् सम्भल तथा कोतवाली सम्भल का वार्षिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम तहसील सम्भल कार्यालय का निरीक्षण किया, रिकॉर्ड रुम को देखा एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। न्यायालय नायब तहसीलदार का निरीक्षण किया लंबित वादों की पत्रावली को चेक किया एवं निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा पुराने दायरे के निस्तारण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा मतदाता पंजीकरण केन्द्र एवं आईजीआरएस कक्ष का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा फार्म 6 के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया । जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कानूनगो कोई भी धारा 30, धारा 02,34/35 आदि की रिपोर्ट 30 दिन के अंदर भेजेंगे। नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार स्पष्ट संस्तुति परीक्षण करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा चकबंदी के विषय में भी जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी द्वारा बड़े बाकायदारों के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि 5 बड़े बाकायदारों के नाम चस्पा किये जाएं। लेखपाल के रिक्त पदों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि एक वर्ष से अधिक पुराने वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रमाण पत्र के स्थिति को लेकर भी जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् सम्भल को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील के प्रमुख बरामदों के आगे जाली लगवाना सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड कार्यालय सम्भल का निरीक्षण किया तथा विभिन्न पंजिकाओं को चेक किया तथा ग्राम गजेटियर की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी सम्भल को निर्देशित करते हुए कहा कि अगर कोई ग्राम सचिव कार्य नहीं कर रहा है उसपर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं सीएम आवास ग्रामीण के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस पटल का निरीक्षण किया तथा सुगम्य ज्ञान केन्द्र को देखा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सुगम्य ज्ञान केन्द्र को नियमित रूप से खोला जाए। परिसर में खड़े पुराने जर्जर वाहन को नीलाम करने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा परिसर में स्थित टीन शेड को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि बंदरों से बचाव के लिए टीन शेड के बाहर जाली लगायी जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद सम्भल कार्यालय का निरीक्षण किया तथा सम्भल के वार्ड, सफाई कर्मचारियों के पद एवं तैनाती तथा अक्रियाशील वाहन , नगर में कचरा उठान को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों को संतृप्त किया जाए। कांजी हाउस एवं ऑडिट आपत्तियों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लंबित जन्म प्रमाण पत्र को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सत्यापन सही हों। जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका के सभागार एवं लेखा विभाग आदि को चेक किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका परिसर पौधारोपण भी किया।

# कृषि भूमि पट्टे के खिलाफ पीड़ित ही कर सकता है शिकायत, बाहरी को अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि गांव सभा के प्रस्ताव व एसडीएम के अनुमोदन से लोगों को दिया गया कृषि भूमि पट्टे के खिलाफ किसी पीड़ित को ही शिकायत करने का अधिकार है।

गैर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर की गई कार्रवाई अवैध है।कोर्ट ने कहा पीड़ित वह है जिसे कार्य से विधिक क्षति पहुंची हो या अनुचित तरीके से वंचित किया गया हो या उसे कुछ देने से इंकार कर दिया गया हो। ऐसा व्यक्ति किसी कार्य के खिलाफ शिकायत कर सकता है।इसी के साथ कोर्ट ने भूमि आवंटन व अनुमोदन को निरस्त करने के अपर कलेक्टर बुलंदशहर के आदेश 30 जून 16 व अपर आयुक्त मेरठ के द्वारा अपर कलेक्टर के आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण अर्जी खारिज करने के आदेश 3 अक्टूबर 16 को विधि विरुद्ध करार देते हुए रद्द कर दिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की एकलपीठ ने बुलंदशहर, सिकंदरा तहसील के बिरौली ताजपुर के सतीश व 97 अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। मालूम हो कि 20 अप्रैल 94 के गांव सभा के प्रस्ताव से याचियों को कृषि पट्टा दिया गया। जिसका अनुमोदन भी एसडीओ द्वारा कर दिया गया।गांव के ही जयपाल सहित 36 लोगों ने जमींदारी विनाश अधिनियम की धारा 198(4) के तहत 29 जून 94 को कलेक्टर को शिकायत की। दो केस दर्ज किए गए। एसडीओ की रिपोर्ट आई कि गांव सभा का प्रस्ताव उचित प्रक्रिया अपनाये बगैर दिया गया था। इस पर एडीएम ने अर्जी स्वीकार कर ली किंतु इसके खिलाफ दाखिल रिवीजन आयुक्त ने स्वीकार कर एडीएम का आदेश समाप्त कर दिया। जिसके खिलाफ राजस्व परिषद ने भी पुनरीक्षण खारिज कर दी और आयुक्त के आदेश को सही माना।हाईकोर्ट में मामला आया जिसे निर्णय के लिए एडीएम को वापस किया गया जिसके बाद एडीएम ने पट्टा निरस्त कर दिया था। और आयुक्त ने इसे सही माना और पुनरीक्षण खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने इनके आदेश यह कहते हुए रद्द कर दिया कि जिनकी शिकायत पर कार्रवाई की गई और आदेश दिया गया वे पीड़ित नहीं थे। उन्हें शिकायत करने का अधिकार ही नहीं था।

# सीएम युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत मेगा क्रेडिट कैम्प एवं समीक्षा बैठक संपन्न

**❐ सीडीओ ने 10 सफल उद्यमियों को चेक वितरित कर किया सम्मानित**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार में सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत मेगा क्रेडिट कैम्प एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत ऋण प्राप्त कर सफलतापूर्वक उद्यम संचालित वाले 10 सफल उद्यमियों को चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित उद्यमियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत युवा ऋण प्राप्त कर अपने सपनों को नयी उड़ान दे रहे हैं। इस तरह के युवा समाज में नवचेतना का संचार करते हुए इकाइयों की स्थापना के माध्यम से रोज़गार सृजन के नए अवसर उत्पन्न कर रहे हैं एवं समाज के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी बन रहे हैं। अग्रणी जिला प्रबंधक रूपेश दुबे द्वारा अवगत कराया गया कि इस क्रेडिट कैम्प हेतु 20 फरवरी 2026 तक उच्च स्तर से 89 पत्रावलियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसके सापेक्ष 103 पत्रावलियों का वितरण किया जा चुका है। जो कि आवंटित लक्ष्य का 88% है।

तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अच्छी प्रगति वाले बैंकों यथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ़ बडौदा, उ.प्र. ग्रामीण बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक आदि की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि इन सभी बैंकों के कारण जनपद प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में शीर्ष 10 जनपदों में नौवें स्थान पर है। उनके द्वारा उपस्थित सभी बैंकों के जिला समन्वयकों से शीर्ष 05 जनपदों में स्थान प्राप्त करने की उद्देश्य से कार्य करने की रणनीति बनाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित कम प्रगति वाले बैंकों के जिला समन्वयकों यथा केनरा बैंक, एक्सिस बैंक आदि से उन्होंने स्वीकृति/वितरण की कार्यवाही को प्राथमिकता प्रदान करते हुए 15 मार्च 2026 तक समस्त लंबित प्रकरणों पर स्वीकृति/वितरण करने हेतु निर्देशित किया ताकि आवंटित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य सहित बड़ी संख्या में बैंकर्स, विभागीय कर्मचारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# मेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन कल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल, बहजोई। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के क्रम प्रदेश के समस्त जनपदों में दिनांक 22 फरवरी 2026 को मेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जनपद सम्भल में 22 फरवरी 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी में मेगा/ वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

विभिन्न विभागों जिनके अंतर्गत निर्बल / निर्धन वर्ग दिव्यांग बच्चों, स्त्रियों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक आदि से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाएं प्रचलित हैं, यह विधिक सेवा प्राधिकरण के उददेश्यों व कर्तव्यों के अन्तर्गत आते हैं। 22 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी में आयोजित किए जाने वाले मेगा / वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर को सकुशल एवं निर्विघ्न संपन्न कराये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक) सौरव कुमार पाण्डेय को संयुक्त रूप से नोडल अधिकारी नामित किया गया है। मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा क्षेत्र में विभिन्न विभाग अपने अपने विभाग की योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाएंगे जिनमें प्रमुख रूप से ग्राम्य विकास विभाग ( एन.आर .एल.एम) समाज कल्याण ,दिव्यांगजन सशक्तिकरण, आईसीडीएस, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत श्रम रोजगार ,जल जीवन मिशन, पंचायती राज, लघु कुटीर सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग, पशुपालन विभाग दुग्ध विभाग ,मत्स्य विभाग, मिशन शक्ति, सूचना ,स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका चंदौसी ,जेल प्रशासन (कारागार विभाग) विद्युत विभाग, पूर्ति विभाग ,बेसिक शिक्षा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, ग्रामोद्योग, आईटीआई चंदौसी, श्रम विभाग, सहकारिता , गन्ना उद्यान विभाग ,परिवहन, नेडा, डूडा विभाग, डाक विभाग द्वारा अपने अपने विभागों से संबंधित स्टाल लगायी जाएंगी। मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन 22 फरवरी ( रविवार) को प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगा।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

सम्भल, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 20.2.2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहजोई की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का सामना करने में सक्षम हों। प्रशिक्षक सुरेश कुमार व महिला खिलाड़ी पूर्वी राघव ने छात्राओं को हैमर किक, साइड फ़ेस किक, नकल पंच की ट्रेनिंग दी। सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं काफी उत्सुकता से मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रही हैं तथा काफी संख्या में उपस्थित हैं।जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/ महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके।

## किशोरी के अपहरण में अभियुक्त को पांच वर्ष का कारावास

**हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के थाना मौदहा के एक गांव से किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में शुक्रवार को अदालत ने अभियुक्त को पांच साल के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि आठ मार्च 2017 को एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी को पड़ोसी अजय बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इस मामले में धारा-363, 366 व ०८ पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त अजय पुत्र जयनारायन के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। आपरेशन कन्विक्शन के तहत इस मामले में अभियोजन विभाग से समन्वय कर साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की गई। जिसके चलते न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने अजय को दोषसिद्ध करते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास व ११ हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## सगाई समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा , कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** सगाई समारोह में हर्ष फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ थाना बिसरख में घायल वेटर के भाई ने हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज करवाया है।थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि दीपक पुत्र संतोष ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने पापा संतोष तथा दो बड़े भाइयों पुष्पेंद्र और हिमांशु के साथ बिसरख में रहने वाले अंकित भाटी के यहां आयोजित सगाई समारोह में वेटर का काम करने आए थे। सगाई के दौरान 18 फरवरी की देर रात 12 बजे के करीब अंकित भाटी के रिश्तेदारों ने हर्ष फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस घटना में उनके भाई पुष्पेंद्र के पेट में गोली लग गई। उसे उपचार के लिए यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने उक्त घटना को कारित करने वाले अभियुक्त दुर्गेश पुत्र ब्रह्मपाल सिंह निवासी गांव रिस्तल गाजियाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 32 बोर की अवैध पिस्टल बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अन्य विधिक कार्रवाई कर रही है।

## बाल यौन शोषण कांड में ऐतिहासिक फैसला: दो दोषियों को फांसी

**बांदा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद में नाबालिग बच्चों के साथ हुए संगठित यौन शोषण के अत्यंत जघन्य मामले में विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, बांदा ने कड़ा और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायालय ने मुख्य दोषी निलम्बित जेई राम भवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को मृत्युदंड (फांसी) की सजा सुनाई है।लोक अभियोजक सौरभ सिंह के अनुसार, इस मामले की जांच सीबीआई, दिल्ली द्वारा की गई थी। जिसमें अक्टूबर 2020 में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक धारा सिंह ने अदालत में प्रभावी पैरवी की। जांच में सामने आया कि आरोपित दम्पति, जो थाना नरैनी क्षेत्र के निवासी हैं, चित्रकूट में किराये के मकान में रहकर करीब 33 नाबालिग बच्चों का यौन शोषण करते थे। इतना ही नहीं, उन्होंने बच्चों के आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उन्हें विदेशों में भेजा। जांच एजेंसियों के अनुसार, लगभग 2 लाख से अधिक वीडियो तैयार कर करीब 47 देशों में भेजे गए, जिनका उपयोग ब्लैकमेलिंग और अन्य आपराधिक गतिविधियों में किया गया।मुकदमे के दौरान कुल 74 गवाह अदालत में पेश किए गए। सभी साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपितों को दोषी ठहराते हुए कहा कि यह अपराध ल्दुर्लभतम श्रेणीङ्क का है, इसलिए इन्हें तब तक फांसी पर लटकाया जाए जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए।अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध), 506 (आपराधिक धमकी), 120 बी (आपराधिक साजिश), सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67-बी तथा पॉक्सो अधिनियम, 2012 की विभिन्न धाराओं के तहत दोष सिद्ध किया। साथ ही मृत्युदंड के अलावा आजीवन कारावास, कठोर कारावास और भारी जुर्माने की सजा भी सुनाई गई। न्यायालय ने सभी पीड़ित बच्चों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश भी पारित किया है। साथ ही जुर्माने की राशि भी पीड़ितों को दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।अपने फैसले में अदालत ने कहा कि ऐसे अपराध न केवल बच्चों का जीवन बर्बाद करते हैं, बल्कि समाज की नैतिक नींव को भी हिला देते हैं। यदि ऐसे मामलों में कठोर दंड नहीं दिया गया, तो यह समाज के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।कोर्ट ने राज्य सरकार और सम्बंधित विभागों को निर्देश दिया कि पीड़ित बच्चों के पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक उपचार, शिक्षा और सुरक्षित भविष्य के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा सुनाया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले छह महीनों में यह तीसरा मामला है, जिसमें उन्होंने दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है।

## सड़क हादसों में तीन की मौत

**नोएडा, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** नोएडा के विभिन्न जगहों पर हुए विभिन्न सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई है।थाना सेक्टर 142 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि एक सड़क हादसे में लव कुश पुत्र सुंदरलाल निवासी कवि नगर गाजियाबाद उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए फ़ेलिक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में एक 27 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर 142 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में राकेश कुमार उम्र 50 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है।

# कृषि विज्ञान केंद्र व इंदिरा गांधी उद्यान पार्क में छात्रों को कराया गया एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। रायबरेली के दरियापुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र व इंदिरा गांधी उद्यान पार्क में शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों के छात्रों का राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट कराया गया। एक्स पोजर विजिट के लिए विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छठवीं से आठवीं तक के प्रत्येक विद्यालय से तीन तीन छात्रों को बुलाया गया था। खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव के मार्गदर्शन में दो बसों से 96 छात्र भेजे गए थे। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ राजेश कुमार कनौजिया व डॉ अनिल कुमार ने छात्रों को पादप वर्गीय व कद्दू वर्गीय पौधों के परिचय कराया। इसके अलावा कम्पोस्ट खाद की उपयोगिता व पॉलीहाउस में उगाई जाने वाली विभिन्न सब्जियों की विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र की विजिट के बाद छात्रों को इंदिरा गांधी उद्यान पार्क ले जाया गया जहां छात्रों को पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री इंदिरा गांधी के जीवन परिचय से अवगत कराया गया। इसके बाद वहां छात्रों ने जमकर मस्ती भी की। इस मौके पर ए आर पी अंकित गुप्ता, विकास चौधरी, मीनाक्षी पाण्डेय, शिक्षक राकेश त्रिवेदी, पूजा सिंह, सोनी कुमारी, जयकरन पवन साहू, नीरज, धनंजय सिंह, आयूष, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# रसोई गैस लीक होने से रेस्टोरेंट में लगी आग, महिला समेत चार घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा ।** थाना ईकोटेक- 3 क्षेत्र के कोको काऊंटी मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एक रेस्टोरेंट में रसोई गैस लीक होने के चलते आग लग गई। वहां मौजूद लोगों ने बिल्डिंग में स्थित फायर फाइटिंग उपकरण का प्रयोग करते हुए आग बुझा दिया।

इस घटना में दो लोग झुलस गए, जबकि दो लोग भागते समय घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि थाना ईकोटेक- तीन क्षेत्र के कोको काउंटी मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित नागपाल रेस्टोरेंट में रसोई गैस सिलेंडर लीक होने से शुक्रवार दोपहर को आग लग गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि इस घटना में वहां पर काम करने वाले दो लोग आग की चपेट में आकर झुलस गए, जबकि वहां से भाग रही एक महिला और एक 17 वर्षीय किशोर घायल हो गए। चारों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंचने से पहले ही वहां मौजूद लोगों ने बिल्डिंग में उपस्थित फायर फाइटिंग सिस्टम से आग पर काबू पा लिया था। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं है।

# कैब बुक करके चार बदमाशों ने चालक के साथ मारपीट कर की लूटपाट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नोएडा । चार अज्ञात बदमाशों ने एक कैब बुक कर दिल्ली के द्वारका से जेवर की तरफ लेकर आए। वहां पर उन्होंने मारपीट करके कैब चालक से पांच हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन और अन्य सामान लूट लिया। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राकेश कुमार पुत्र प्रभु दयाल ने बताया कि वह कैब चलाते हैं। पीड़ित के अनुसार 19 फरवरी की रात 2 बजे के करीब रैपीडो एप के माध्यम से कुछ लोगों ने उसकी अर्टिगा कार को दिल्ली के द्वारका मेट्रो स्टेशन से जेवर के लिए बुक करवाया। पीड़ित के अनुसार चार लोग उसकी कार में सवारी के रूप में बैठ गए। यह लोग उसे दिल्ली से जेवर की तरफ लेकर आए।जेवर टोल प्लाजा से कुछ दूर पहले इन्होंने ड्राइवर को अपनी सीट से हटने के लिए कहा तो उसने विरोध किया। इसके बाद उन्होंने उसके साथ मारपीट की। उन्होंने उसके सिर और मुंह पर भारी वस्तु से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसके पास रखे हुए 5,000 नकद रुपये, मोबाइल फोन आदि लूट लिया तथा उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार उसने घटना की शिकायत पुलिस से की है।थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने की पुष्टि हुई है।

# विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुये कुल 6 नमूना संकलन किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। सहायक आयुक्त खाद्य रायबरेली चेतराम प्रजापति द्वारा बताया गया कि आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र, लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर जनपद में होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु अभिसूचना आधारित प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही हेतु जनपद में दो खाद्य सचल दलों का गठन किया गया है।

सहायक आयुक्त ने बताया कि उक्त दलों द्वारा 19 व 20.02.2026 को जनपद में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुये कुल06 नमूना संकलन का कार्य किया गया 1-श्याम स्वीट्स, रतापुर रोड़, गल्ला मण्डी के सामने, रायबरेली - 10 कि0 ग्रा0 खोया अनुमानित मूल्य रु0 2500/ नस्ट2-जय माँ दुर्गे जनरल स्टोर, हसनगंज - 112 कि0ग्रा0 पापड़ अनुमानित मूल्य रु0 15000/ जब्त 3-अंजनी किराना स्टोर - नीम टिकर - 659 कि0ग्रा0, मूल्य रु0 329550/ जब्त उक्त नमूनें जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे है। उक्त अभियान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरेन्द्र, सत्येन्द्र यादव, कंचनलता तिवारी, उदय राज मौर्य, शेफाली रस्तोगी, महेन्द्र कुमार यादव, संजय कुमार त्रिपाठी एवं सौरभ उत्तम सम्मिलित रहें। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। खाद्य कारोबारकर्ता किसी भी दशा में अधोमानक /असुरक्षित/दूषित खाद्य पदार्थ का कय-विकय न करें तथा आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराये। खाद्य कारोबारकर्ता बिना खाद्य लाइसेंस / पंजीकरण के खाद्य कारोबार न करें, अन्यथा की दशा में कड़ी विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# ब्लॉक वजीरगंज : सेहरियां, रसूलपुर और कादीपुर में मनरेगा योजना में मची है लूट

## बिना काम के ही फर्जी मस्टर रोल तैयार कर डकारा जा रहा सरकारी धन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । मंडलायुक्त शशिभूषणलाल सुशील डीएम प्रियंका निरंजन व सीडीओ अंकिता जैन मन रेगा योजना में भ्रष्टाचार को लेकर काफी सख्त रूख अख्तियार किए हुए हैं,बावजूद मनबढ़ औ र राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ग्राम प्रधान फर्जी मस्टररोल तैयार कर सरकारी धन को लूट रहे हैं। हकीकत तो यह है कि गांवों में धरातल पर कहीं काम चल ही नहीं रहा है, लेकिन कागजों में बड़ी संख्या में श्रमिकों को पसीना बहाते हुए दिखाया जा रहा है।जिले के वजीर गंज विकास खंड की 23 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत चकभूमि समतलीकरण,तालाब की खुदाई खेल तालाब सौंदर्याकरण आदि कार्य वर्तमान में सं चालित हैं।मनरेगा की वेबसाइट के अनुसार 29 कार्यों में कुल 1117 श्रमिकों की प्रतिदिन हा जिरी लगाई जा रही है। प्रतिदिन दो लाख 82 हजार 601 रूपए रोजगार के नाम पर खर्च कि ए जा रहे हैं, लेकिन मनरेगा से जुड़े कर्मचारियों द्वारा मजदूरों की हाजिरी के नाम पर कागज में खेला करके काम किया जा रहा है।कटरा बाजा र ब्लॉक की ग्राम पंचायत सेहरियां में ऑनलाइ न मस्टर रोल में दो कार्यों के लिए 89 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है।वही कई गाँवो में मस्टर रोल में एक ही व्यक्ति की फोटो कई बार अपलोड की गई है,जिससे साफ फर्जीवाड़ा दि खाई दे रहा है। वहीं ग्राम पंचायत रसूलपुर में टिकरी रौजा मार्ग से चारागाह तक मिट्टी पताई कार्य में ऑनलाइन मस्टर रोल एक कार्य के लि ए 40 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है, लेकिन एक भी मजदूर कार्य नहीं कर रहे हैं।वही और कई गाँवो में पुरानी सड़क पर मजदूरों को खड़ा करके फोटो खींचकर अपलोड किया जा रहा है।ग्राम पंचायत कादीपुर में चार कार्य के लिए ऑनलाइन मस्टर रोल में 78 श्रमिकों की हाजिरी दर्शायी जा रही है। ग्राम पंचायत कादीपुर, रसूलपुर, सेहरियां, डोडियांपारा, अंचलपुर, बिरहमतपुर, आदि भ्रष्टाचार का गढ़ बन ग या है।इन ग्राम पंचायतों के अलावा कई अन्य ग्राम पंचायतें भी हैं,जहां डंके की चोट पर मनरे गा योजना को पलीता लगाया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं।

# चौपाल महोत्सव में किसान गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । लखनऊ रोड स्थित आईटीसी चौपाल सागर में चौपाल महोत्सव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अति थि डीएम प्रियंका निरंजन रहीं।उन्होंने एफपी ओ के सीईओ कुलदीप मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस दौरान डीडी डॉ. प्रेम कुमार ठाकुर, नेशनल हेड रिटेल शितांशु कुमार, मार्केटिंग सेल्स मैनेजर परवेज खान,एरिया मैने जर पवन राव व मॉल इंचार्ज विनय त्रिपाठी मौ जूद रहे।कार्यक्रम में कृषि से जुड़े और बैक समे त विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे।किसानों को कृ षि योजनाओं, ऋण सुविधा व आधुनिक तक नीक के बारे में जानकारी दी गई।




# जिलापंचायत में 28 फरवरी को सामान्य बैठक विकास से जुड़े 12 प्रस्तावों पर होगा निर्णय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिला पंचायत में सामान्य बैठक अध्यक्ष, जिला पंचायत की अध्यक्षता में 28 फरवरी को पूर्वान्ह साढ़े 11 बजे जिला पंचायत सभा गार में आयोजित की जाएगी। बैठक में समस्त सदस्य एवं पदेन सदस्यों से समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।बैठक के एजे ण्डे में कुल बारह बिंदुओं को शामिल किया ग या है।सबसे पहले जिला पंचायत की गत सामा न्य बैठक सात मार्च 2025 की कार्यवाही की पुष्टि की जाएगी।इसके पश्चात जनपद के विभि न्न विभागों द्वारा संचालित विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के श्रम बजट की स्वी कृति पर विचार होगा।साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चार के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र गोण्डा एवं कैसरगंज में भारत सरकार से स्वी कृत मार्गों की वित्तीय स्वीकृति हेतु जिला पंचा यत के अनुमोदन पर निर्णय लिया जाएगा।इस के अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षि त बजट तथा 2026-27 के मूल बजट की स्वी कृति पर विचार किया जाएगा।पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 की अनुपूरक कार्ययोजना की स्वीकृति भी बैठक में प्रस्तावित है।जिला पंचा यत विकास योजना के अंतर्गत राज्य वित्त आ योग एवं केन्द्रीय वित्त आयोग की वर्ष 2026-27 की कार्ययोजनाओं पर भी निर्णय लिया जा एगा। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जि ला पंचायत की विभव एवं सम्पत्ति कर प्रस्ता वना सूची की स्वीकृति पर भी विचार किया जाएगा।बैठक में शासन, मंत्री, जनप्रतिनिधियों, आईजीआरएस तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त संदर्भों में उल्लिखित विभिन्न परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों की स्वीकृति का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। अंत में अन्य विषयों पर अध्यक्ष की अनुमति से चर्चा की जाएगी।यह बैठक जनपद के विकास, बजट निर्धारण एवं आगामी योज नाओं के क्रियान्वयन की दृष्टि से अत्यंत महत्व पूर्ण मानी जा रही है।

## अमेठी के मतदेय स्थलों पर आज प्राप्त होंगी आपत्तियां

अमेठी । अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेशों के क्रम में अर्हता तिथि एक जनवरी के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि छह जनवरी 2026 से छह मार्च तक निर्धारित की गई है। इस क्रम में बाइस फरवरी को विशेष अभियान तिथि निर्धारित की गई है। उक्त तिथि को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी पूर्वान्ह साढ़े दस बजे से अपरान्ह डेढ़ बजे बजे तक उपस्थित रहकर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किसी अर्ह मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूट गया हो तो वह फार्म छह के साथ आवश्यक घोषणा पत्र भरकर प्रस्तुत कर सकता है। इसी प्रकार किसी मृतक अथवा गलत प्रविष्ट मतदाता का नाम हटवाने के लिए फार्म सात तथा नाम, आयु, पता आदि विवरण में त्रुटि संशोधन हेतु फार्म आठ भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को निर्धारित तिथियों में संबंधित मतदेय स्थल पर उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि विशेष अभियान तिथि सहित निर्धारित अवधि में अपने नाम की मतदाता सूची में जांच कर आवश्यकतानुसार दावा,आपत्ति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी अर्ह मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

# 114 साल जर्जर पुल निर्माण को लेकर छत्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने मुड़वाया सिर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में 114 साल पुराने बिसुही पुल के निर्माण की मांग को लेकर राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन किया। बीते 14 दिनों से चल रहे इस विरोध प्रदर्शन के तह त कार्यकर्ताओं ने अपना सिर मुंडवाकर मुख्यमं त्री योगी आदित्यनाथ को बाल भेजने का फैस ला किया है।यह प्रदर्शन बिसुही पुल के नीचे बै ठकर किया गया,जहां एक नाई को बुलाकर ल गभग एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने अपने सिर मुं डवाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं,तो वे और बड़ा आंदोलन क रेंगे।राष्ट्रीय छात्र पंचायत के जिला उपाध्यक्ष यु गांक मिश्रा ने बताया कि यह उनके आंदोलन का 14वां दिन है छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने जानकारी दी है कि हजारों की संख्या में मु ख्यमंत्री को पत्र लिखे जा चुके हैं बारह हजार से अधिक लोगों ने इस मांग के समर्थन में हस्ता क्षर किए हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### बालों को देखकर सीएम योगी समझेंगे

छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने कहा हम लोगों ने अपने सिर के बाल मुंडवाए हैं और हम यह बाल मुख्यमंत्री योगी को अर्पित कर रहे हैं।हमा री उम्मीद है कि इन बालों को देखकर ही सही, मुख्यमंत्री हमारे दर्द को समझेंगे और इस पुल का निर्माण करवाएंगे।''मोहनपुर निवासी भूपेन तिवारी ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि वह प्रतिदिन इस पुल से होकर अपनी निजी कंपनी में नौकरी पर जाते हैं और घंटों जाम में फंसे रहते हैं, जिससे उनकी सैलरी भी कटती है।उन्होंने छात्र पंचायत के समर्थन में अपने सिर के बाल मुंडवाए।तिवारी ने अपने मुंडवाए हुए बाल अधिकारियों को समर्पित करते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से जल्द से जल्द पुल निर्माण करवाने की मांग की।इस अ वसर पर अभिषेक वर्मा,आदित्य द्विवेदी, हिमां शु मिश्रा,सरताज,शहजादा, शुभम,अमन शर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विशेष प्रवर्तन अभियान 20 फरवरी से 06 मार्च तक

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि होली पर्व सन्निकट होने पर अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 20 फरवरी से 6 मार्च 2025 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर पूर्ण अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है। जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे।

# बिना ले-आउट पास कराये प्लाटिंग तथा भवन व अन्य निर्माण कार्यों का चिन्हांकन प्रारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बिना ले-आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग निर्माण न करें : सचिव, आरडीए**

**प्राधिकरण क्षेत्र में कोई भी निर्माण करने से पूर्व मानचित्र अवश्य स्वीकृत करा लें : विशाल कुमार**

रायबरेली। रायबरेली विकास प्राधिकरण, प्राधिकरण क्षेत्र में बिना ले-आउट पास कराये प्लाटिंग करने या बिना नक्शा पास कराये मकान बनाने या कि किसी भी प्रकार के निर्माण को लेकर सख्त हो गया है। जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष रायबरेली विकास प्राधिकरण हर्षिता माथुर के निर्देश पर सचिव, विकास प्राधिकरण/अपर जिलाधिकारी विशाल कुमार यादव ने ऐसे बिना ले-आउट पास कराये प्लाटिंग तथा भवन व अन्य निर्माण कार्यों का चिन्हांकन प्रारम्भ कर दिया है। सचिव द्वारा बताया गया कि उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रवर्तन कार्य में तेजी लायी गयी है। प्राधिकरण क्षेत्र में पूर्व में भी बिना ले-आउट या नक्शा पास प्लाटिंग/भवनों आदि पर डिमोलीशन/ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। समय-समय पर अवैध प्लाटिंग, निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही विकास प्राधिकरण द्वारा की जाती है। सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि कोई भी प्लाट क्रय करने से पूर्व भूमि का भू-उपयोग (लैण्ड यूज) अवश्य पता कर ले तथा ले-आउट स्वीकृत प्लाट ही खरीदें। बिना ले-आउट स्वीकृत कॉलोनी विकसित करना और प्लाटिंग करना अवैधानिक है। ऐसे बिना ले-आउट पास कालोनी में मकान बनाने या अन्य निर्माण पर रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृत नहीं किया जा सकता तथा ऐसे अवैध प्लाटिंग और कालोनियों तथा अनधिकृत निर्माण की स्थिति में विधिक व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा की जा सकती है।

सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में प्लाटिंग कर्ताओं को चेतावनी दी है कि बिना ले-आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग, निर्माण आदि न करें साथ ही उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि कोई भी प्लाट खरीदने से पूर्व भूमि का भू-उपयोग (लैण्ड यूज) अवश्य पता कर ले, यदि किसी प्लाटिंग/कालोनी में प्लाट क्रय कर रहे हैं तो यह अवश्य जानकारी कर लें कि प्लाटिंगकर्ताओं द्वारा कालोनी का ले-आउट विकास प्राधिकरण से स्वीकृत कराया गया है या नहीं। यदि ले-आउट अप्रूव है तभी प्लाट/भूमि खरीदें, अन्यथा जब कालोनी को अवैध मानते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जायेगी तब आमजन के जीवन भर की पूंजी चली जायेगी। साथ ही अवैध कालोनी में आपके मकान का मानचित्र भी स्वीकृत नहीं होगा इसलिए उन्होंने आमजन से अपील की है कि रायबरेली विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लाटिंग/कालोनी में ही प्लाट खरीदें। किसी कालोनी का ले-आउट स्वीकृत है या नहीं या भू-उपयोग क्या है, इसकी जानकारी विकास प्राधिकरण में किसी भी कार्यालय दिवस में ली जा सकती है। सचिव द्वारा आमजन से यह भी अपील की गयी है कि प्राधिकरण क्षेत्र में कोई भी निर्माण करने से पूर्व मानचित्र अवश्य स्वीकृत करा लें।

## निश्चय मित्र बनकर टीबी मरीज को लिया गोद



महराजगंज,रायबरेली। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कुसुढी सागरपुर में स्थित प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कैंसर एवं क्षय रोगियों का स्क्रीनिंग कैंप लगाकर मरीजों की जांच की। जांच में संभावित रोगियों को बलगम की जांच करने के लिए सीएचसी- महाराजगंज भेजा गया। इसी गांव में रह रहे एक टीबी रोगी को गोद लेते हुए पोषण पोटली श्री वरुण देव (ट्टट्ट ) के द्वारा उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया की टीबी दवा के साथ-साथ संतुलित आहार लेने से यह बीमारी जल्दी ठीक हो जाती है। इस मौके पर ग्राम प्रधान ,डॉ नैंसी निरंजन,शशि (एक्र) वंदना पाण्डे,शैल कुमारी (आशा) तथा गांव के अन्य लोग मौजूद थे। ग्राम वासियों ने नारा लगाया टीबी की मजबूरी है, बलगम जांच जरूर है।


## त्रिस्तरीय पंचायत की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम में बदलाव : डीएम

रायबरेली। राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना (संशोधन) के क्रम में जिलाधिकारी मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने निर्देश दिये है कि जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का संशोधित समय सारिणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि संशोधित तिथि के अनुसार दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियां तैयार करना, जमा करना एवं संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन/निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि 16 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। 21 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार किया जायेगा। 17 मार्च से 13 अप्रैल 2026 तक मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग आदि किया जायेगा। 15 अप्रैल 2026 को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अनन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने निर्देश दिये है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं समस्त उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद रायबरेली एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी/समन्वयक अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यकम प्रदर्शित किया जाएगा। निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

## 22 फरवरी को लगेगा मेगा/वृहद विधिक सेवा शिविर: अमोद कंठ

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में जनपद स्तर पर 22 फरवरी 2026 मेगा/वृहद सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मेगा/वृहद सेवा शिविर के सम्बन्ध में जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में आज जिला न्यायालय के मीटिंग सभागार में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली अमोद कंठ की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रेस वार्ता में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि 22 फरवरी 2026 को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया राजकीय इण्टर कालेज मैदान रायबरेली में किया जा रहा है, जिसमें निर्बल वर्ग, दिव्यांगों, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक पेंशन योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना समेत किसानों से जुड़ी योजनाओं, दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं के अलावा बाकी भी सभी विभागों से जुड़ी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। सचिव द्वारा मेगा/वृहद विधिक सहायक एव सेवा शिविर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा जनपद में स्थापित लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिंल के कार्यों के सम्बन्ध व नालसा हेल्पलाइन नं0 15100 के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

# योगी जी ! सड़क हादसे में मौतों के बाद भी सबक नहीं ले रही गोंडा पुलिस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । बीते वर्ष 2025 में तीन अगस्त को गोंडा बलरामपुर मार्ग पर एक ओवरलोड बोलेरो अनियंत्रित होकर सरयू नहर में पलट गयी थी। इस हादसे में बारह श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गयी थी।इस भीषण दुर्घटना से पूरा जिला थ र्रा गया था और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म संवेद नाओं से पट गये थे। हालांकि, रोंगटे खड़े कर देने वाले इस हादसे के बाद भी जिला प्रशासन और अन्य जिम्मेदार विभागीय अधिकारी सब क नहीं ले रहे हैं। आलम यह है कि सड़कों पर बिना रोक-टोक के डग्गामार वाहन खचाखच सवारियां भरकर बेखौफ फर्राटा भर रहे हैं।

गोंडा रेलवे स्टेशन क़ेमुख्य गेट पर अवैधटैक्सी स्टैंड बन गया है, जहां बिना परमिट और बिना नंबर के अवैध ई- रिक्शा व डग्गामार टैक्सियां खुलेआम बेरोक टोक सवारियां भरकर रेलवे पुलिस के सामने से ही गुजरती हैं और वे आंखें बंद कर लेते हैं।दरअसल, गोण्डा रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार डग्गामार वाहनों का अड्?डा बन गया है, जहां से अपराध और अपराधियों का खेल शुरू होता है।यहां के चालकों में कुछ ऐसे भी अपराधी किस्म के हैं,जो यात्रियों से अधिक किराए के साथ ही उनके साथ लूट-पाट व मार पीट की घटनाएं भी करते रहते हैं और मुंहमांगा किराया भी वसूल करते हैं।कई बार यहां से स वारियों को बैठाकर उन्हें लूटा जा चुका है या फिर सवारियों के साथ छिनैती जैसी वारदातों को अंजाम दिया गया है।इस तरह की कई घट नाओं में पुलिस ने पकड़कर जेल भेजने की का र्रवाई भी की है। इसके बावजूद यहां के टैक्सी और ई- रिक्शा चालकों पर गोंडा पुलिस और आरटीओ का भी ध्यान नहीं जा रहा है।इससे ह र महीने लाखों रूपए सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है और यात्रियों की जान-माल का भी खतरा बना रहता है। कभी-कभी तो स्टेशन के बाहर खड़े ई-रिक्शा व अवैधटैक्सी चालकों की वजह से आवागमन भी ठप्प रहता है,जिससे की यात्रियों को ट्रेन पकड़ने में दिक्कतों का सा मना करना पड़ता है।इतना ही नहीं, मेन गेट पर डग्गामार वाहनों के जमावड़े के चलते यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है।हद तो यह है कि या त्रियों द्वारा एतराज करने पर मनबढ़ डग्गामार वाहन चालक हाथापाई और गाली-गलौच पर उतर आते हैं। यहां सबसे बड़ी बात तो यह है कि डग्गामार वाहनों पर ओवरलोड सवारियां भरी जाती हैं। इंतिहा यह है कि छतों पर भी सवारियां बैठाई जाती हैं लेकिन इस ओर न तो आरपीएफ, जीआरपी व स्थानीय थाने की पुलि स ध्यान देती है और न ही आरटीओ इस पर लगाम लगाने को लेकर गंभीर दिखाई देते हैं। मनबढ़ और बेलगाम डग्गामार वाहन चालक रेलवे स्टेशन की पूरी सड़क पर कब्जा किए रहते हैं,जिससे यात्रियों और राहगीरों को आ वागमन में भारी दिक्कतें होती हैं। सूत्रों का कहना है कि रेलवे स्टेशन के बाहर खड़े कर खुलेआम सवारियां बैठाने वाले वाहनों पर रेलवे के सुरक्षा कर्मियों, अन्य जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों,क्षेत्रीय पुलिस तथा आरटीओ की कृपा बनी हुई है, जिससे वे बेखौफ ओवरलोड सवारियों को बैठाकर फर्राटा भर रहे हैं।अब इ स मेहरबानी के बदले में इन जिम्मेदारों को क्या मिलता है,यह सहज ही अंदाजा लगाया जा स कता है।

**सीएम योगी का आदेश बेमानी, राहगीरों को हो रही परेशानी...**

सड़क हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है।इसमें कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों संग वर्चुअल बैठ क में शहरों में अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने के आदे श दिए थे,जिसके बाद नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में परिवहन, नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन पर रोक लगा दी थी। वाहन चालकों को शहर से बाहर कर दिया गया था, लेकिन दो दिन बाद ही अवैध टैक्सी स्टैंडों का संचालन दोबारा शुरू हो गया,जो गोंडा पुलिस और आर टीओ की शिथिलता के कारण फल-फूल रहा है शहर के सभी मार्गों पर जहां से अवैध टैक्सी स्टैंड हटाए गये थे,वहां फिर से टैक्सियों का ज मावड़ा हो गया है।इससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है।लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं।

# आरटीओ कार्यालय परिसर में परिवहन मेले का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। परिवहन अनुभाग 4 उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना दिनांक 30.01.2026 के अनुक्रम में परिवहन आयुक्त महोदय उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश दिनांक 13 फरवरी 2026 के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में परिवहन कार्यालय पीलीभीत के कार्यालय परिसर में परिवहन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें एआरटीओ पीलीभीत वीरेंद्र सिंह द्वारा शासन द्वारा लागू की गई जनहित एवं कल्याणकारी योजना की जानकारी दी गई जिसके अंतर्गत एक मुस्त कर व्यवस्था से संबंधित नियमों की जानकारी, नई कर निर्धारण की प्रक्रिया कर की गणना भुगतान एवं समय सीमा के संबंध में जानकारी दी गई। मेले में उपस्थित वाहन चालकों द्वारा किए गए सवालों एवं उनकी शंकाओं का मौके पर ही समाधान भी किया गया। वाहन स्वामी जावेद के द्वारा पूछा गया कि यदि उनके वाहन का कर नई व्यवस्था के लागू होने से पहले का टूटा हुआ है तो उस कर को किस प्रकार जमा कराया जा सकता है, इस संबंध में आरटीओ द्वारा अवगत कराया गया कि यदि वाहन का कर 30 जनवरी 2026 से पूर्व का बकाया है तो उस कर का भुगतान पूर्व कर नियमावली के अनुसार ही किया जाएगा। तत्पश्चात कर वर्तमान में लागू नियमानुसार एक बार कर योजना के अंतर्गत किया जा सकेगा। मेले में वाहन स्वामियों की सुलभ जानकारी हेतु नई एक कर व्यवस्था से संबंधित पंपलेट भी वितरित की गई। इसके अतिरिक्त इस योजना के अंतर्गत छह वाहन स्वामियों द्वारा लगभग 1.32 लाख का कर कार्यालय में ही जमा कराया गया है। मेले में आरटीओ वीरेंद्र सिंह, यात्रीकर मालकर अधिकारी बरडिस चतुर्वेदी, वरिष्ठ सहायक लालाराम, वरिष्ठ सहायक राजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक लोकेंद्र सिंह पुंडीर के साथ लगभग 42 जीप टैक्सी ऑटो पिकअप यूनियन के सदस्य उपस्थित रहे हैं।

# स्कूल में हुआ एमआर एवं जे ईई टीकाकरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपु। कंपोजिट विद्यालय गढ़ाकला में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 6 से 10 वर्ष तक के बच्चों को एम.आर और जेई, डीपीटी की वैक्सीन बच्चो को टीकाकरण के माध्यम से दी गई। जिसमें एएनएम डिम्पल ने बच्चों को वैक्सीन लगाई और साथ में उनको खाने की दवा भी दी। इस अवसर पर इंचार्ज मंजू रानी ,आशा, सुनीता, नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह आदि ने स्वास्थ्य टीम का भरपूर सहयोग किया है। नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह ने बच्चों को बताया कि ये टीका आपको लगना बहुत जरूरी है। क्योंकि इससे आगे चलकर होने बाली बीमारियां जैसे खसरा, काली खांसी आदि गम्भीर बीमारियो से बचाव होगा और बच्चे स्वस्थ रहेंगे इसके अलावा टीकाकरण में आने बाली समस्याओं का भी समाधान भी किया है।

## यूपी बोर्ड में आज दोनों पालियों में 3606 हुए अनुपस्थित

सुल्तानपुर। जिले के 122 परीक्षा केंद्रों पर हो रही माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल, इंटर मीडिएट की परीक्षा में दोनों पालियों में कुल 3606 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान विषय के लिए पंजीकृत 39,787 में से 37,617 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।2170 ने परीक्षा छोड़ दी।वही इंटरमीडिएट के कृषि वर्ग में पंजीकृत 518 में से 495 उपस्थित रहे, 23 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटर के अंग्रेजी विषय के लिए पंजीकृत 31071 में से 29658 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 1413 अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दूबे ने बताया कि दोनो पालियों में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। सीसीटीवी व वाइस रिकॉर्डर की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। सभी परीक्षा केंद्रों की जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है।

# जेईई मेंन 2025-26 में सरस्वती विद्या मन्दिर विवेकानन्द नगर के छात्रों ने फहराया परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुल्तानपुर के छात्रों ने जेईई मेंन 2025/26 की परीक्षा में अद्वितीय सफलता अर्जित की है। भैया आयुष प्रताप वर्मा ने 98.6, आशुतोष द्विवेदी 98.3,आदर्श वर्मा 97.97, तथा सागर तिवारी ने 97.58 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। तो वहीं आयुष कुमार तिवारी 96.24, बहन प्रज्ञा श्रीवास्तव और श्लोक बरनवाल 96.5, दिव्यांश श्रीवास्तव 95.27, अर्पित सिंह 94.61, कौशल 93.56,मनीष यादव एवं आदित्य यादव ने ने संयुक्त रूप से 93.5 और भैया संभव सिंह ने 92.71परसेंटाइल अंक प्राप्त किए हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 11 भैया बहनें ऐसे हैं, जिन्होंने 90से 93 परसेंटाइल के मध्य अंक प्राप्त किए हैं।भैया बहनों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए सरस्वती विद्या मन्दिर विवेकानन्द नगर के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ एवं उत्साह वर्धक प्रदर्शन कर वाले ये प्रतिभाशाली भैया बहनें ही हमारे सरस्वती विद्या मन्दिर के ब्रांड अम्बेसडर हैं। हमारी उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली की मूल एवं नैतिक पहचान हैं। इनकी इस अतुलनीय उपलब्धि पर सम्पूर्ण विद्यालय परिवार स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। प्रधानाचार्य ने इन सभी बहनों का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर उत्साह वर्धन किया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्या मन्दिर के अपने उन आचार्य बन्धु भगिनी को दिया है जिनके योजना बद्ध शिक्षण, अनवरत सहयोग परामर्श एवं कुशल मार्गदर्शन में उन्हें यह विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त हुई। इसके साथ ही अपने माता-पिता की उत्साह वर्धक प्रेरणा को भी अपनी सफलता का श्रेय प्रदान किया है।

## पिंजरे में कैद हुआ बाघ ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के गांव चन्द्रनगर में उस समय दहशत फैल गई, जब एक बाघ ने गोवंशीय पशु का शिकार कर लिया। शिकार के बाद बाघ गन्ने के खेत के पास ही डेरा जमाए रहा। बाघ की मौजूदगी से भयभीत ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया और लोगों से सतर्क रहने की अपील की। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम और ग्रामीणों के बीच लापरवाही को लेकर नोकझोंक भी हुई। ग्रामीणों का आरोप था कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने देर शाम पिंजरा लगाया। प्रयास रंग लाई और बाघ पिंजरे में कैद हो गया। बाघ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। शुक्रवार सुबह 9 बजे ग्रामीणों ने बताया कि बाघ की चहलकदमी लोगों के लिए दहशत बनी थी और बाघ पकड़े के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

## किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 18 फरवरी की सुबह करीब 9:00 बजे उसकी 17 वर्षीय पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों को घटना की जानकारी तब हुई, जब युवती घर से अचानक लापता मिली। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन के बावजूद जब सफलता नहीं मिली, तो परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि किशोरी की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही उसे बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

## दाखिल-खारिज में भ्रष्टाचार का आरोप, अधिवक्ताओं ने किया हंगामा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर तहसील परिसर में दाखिल-खारिज समेत अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने जोरदार हंगामा किया। दरअसल पूरनपुर के अधिवक्ता हरिओम कुशवाहा और फैजान ने शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे जानकारी देते हुए बताया कि कलीनगर तहसील में खुलेआम भ्रष्टाचार व्याप्त है। उनका आरोप है कि दाखिल-खारिज सहित कोई भी कार्य बिना रिश्वत दिए नहीं किया जाता, जिससे आम जनता और अधिवक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर कलीनगर व पूरनपुर के अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम ने अधिवक्ताओं से बातचीत कर उन्हें समझाया और उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामला शांत कराया।

## दवा खाने से बालिका की बिगड़ी हालत अस्पताल में भरा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के पिपरिया दुलई गांव निवासी मुकेश दीक्षित ने बताया कि उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई फाइलेरिया की दवा अपनी दस वर्षीय पुत्री को खिलाई थी। दवा सेवन के कुछ समय बाद ही बालिका की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों के अनुसार बच्ची को उल्टी, चक्कर और कमजोरी की शिकायत हुई, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद भी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे बच्ची की तबीयत फिर बिगड़ने पर परिजनों ने उसे दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों की निगरानी में बच्ची का इलाज जारी है। परिजनों ने मामले की जानकारी संबंधित विभाग को दी है और दवा के दुष्प्रभावों की जांच कराने की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## छेड़छाड़ व मारपीट से आहत किशोरी की आत्महत्या, न्यायालय के आदेश पर चार नामजद पर मुकदमा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ छोटे भाई के साथ बाहर मजदूरी करने गया था। घर पर उसकी दो नाबालिग पुत्रियां दादा के पास रह रही थीं। 21 जनवरी को दोनों बहनें पास के खेत में मटर तोड़ने गई थीं। इसी दौरान वहां मौजूद अनिल कुमार, शकुंतला देवी, मीरा देवी और ज्योति से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालीगलौज करते हुए किशोरी के साथ मारपीट की और अनिल कुमार उसे गन्ने के खेत में खींच ले गया तथा मुंह काला करने की धमकी दी। इस दौरान किशोरी के कपड़े भी फट गए। घटना से आहत होकर किशोरी ने नदी में छलांग लगा दी, लेकिन ग्रामीणों ने उसे बचा लिया। बाद में घर पहुंचकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छोटी बहन ने शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने थाना और पीलीभीत पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अंततः न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक सहित चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## एकता मानवता व मेल मोहब्बत का पैगाम देता है रमजान

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रमजान के माह में जब सभी रोजेदार एक सफ लाइन में खड़े हो कर नमाज पढ़ते हैं और एक साथ अफतार करते हैं तो आपस में मेल मोहब्बत बढ़ता है। एक साथ नमाज पढ़ने से अमीर गरीब का फर्क ख़त्म हो जाता है, खुदा के सामने सभी एक समान हैं सबको बराबरी का अधिकार मिलता है। रमजान एक ऐसा महीना है जिसमें बन्दा एक माह इबादत करता है और खुदा की इबादत के साथ साथ अपने कि ये हुए गुवाहो की अगर खुदा से माफी माँगता है तो खुदा उसको माफ कर देता है। रमजान ही वह पवित्र महीना है जिसमें इंसान का ख्याल व जेहेन दिमाग पाक रहता है जब वह खुदा की इबादत में लग जाता है तो उसके दिल में बुरे खयालात नहीं आते और वह गुवाहो से बच जाता है।

## एक करोड़ 82 लाख की लागत से होगा भाईं नहर पुल का चौड़ीकरण

सुल्तानपुर/अमेठी। भाईं-भादर मार्ग पर भाईं के पास जौनपुर शाखा नहर के किलोमीटर 105.368 पर स्थित संकरा पुल लंबे समय से दुर्घटनाओं का कारण बना हुआ था। आए दिन होने वाले सड़क हादसों से कई परिवार उजड़ चुके हैं और स्थानीय लोग वर्षों से इस पुल के चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे।

स्थानीय जनता की इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए शहर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने मुख्यमंत्री स्तर पर लगातार पत्राचार और पैरवी की। उनके प्रयासों का परिणाम सामने आया है। संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन रमाकांत वर्मा ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को पत्र जारी कर पुल के चौड़ीकरण को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना के लिए शासन द्वारा 1 करोड़ 82 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। पुल के चौड़ीकरण के बाद न केवल दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगेगी, बल्कि क्षेत्रवासियों और राहगीरों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा भी मिल सकेगी।

# एमपी/एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी की पेशी, बोले-राजनीतिक दुर्भावना में दर्ज हुआ केस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह पर कथित टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में सुल्तानपुर की कोर्ट में पेश हुए। उनके वकील ने बताया कि राहुल गांधी ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि यह मुकदमा राजनीतिक दुर्भावना के तहत दर्ज कराया गया है और इसमें कोई ठोस आधार नहीं है।

कोर्ट में 20 मिनट रहे, जज को किया प्रणाम- पेशी के दौरान मौजूद अधिवक्ताओं के मुताबिक कोर्ट पहुंचने पर राहुल गांधी ने जज को हाथ जोड़कर प्रणाम किया और सुनवाई समाप्त होने पर धन्यवाद भी कहा। जज ने जब पूछा कि क्या वे अपनी सफाई देना चाहते हैं तो राहुल ने हां में जवाब दिया। वे करीब 20 मिनट तक अदालत में मौजूद रहे। मामले की अगली सुनवाई 9 मार्च को तय की गई है।

कोर्ट से निकलकर पहुंचे रामचेत मोची के घर- सुनवाई के बाद राहुल गांधी शहर के स्थानीय मोची स्वर्गीय रामचेत के परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने रामचेत की पोती श्रद्धा को गोद में लिया। बच्ची के पैर में चोट देख उन्होंने हालचाल पूछा। परिवार ने बताया कि चोट ठीक नहीं हो रही है। इस पर राहुल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से बच्ची के बेहतर इलाज की व्यवस्था करने को कहा और उसे चॉकलेट भी दी। रामचेत मोची का तीन महीने पहले कैंसर से निधन हो गया था। डेढ़ साल पहले राहुल गांधी उनकी दुकान पर बैठकर जूते सिल चुके थे और बाद में उन्हें सिलाई मशीन भी भेंट की थी।

**एयरपोर्ट से सीधे कोर्ट, समर्थकों की भीड़**

राहुल गांधी सुबह दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग से सुल्तानपुर आए। कार्यकर्ताओं ने माला पहनाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। कोर्ट परिसर के बाहर समर्थकों की भारी भीड़ जुटी रही, जिसके चलते सुरक्षा कारणों से उन्हें दूसरे गेट से बाहर निकाला गया।

**8 साल पुराना है मामला**

यह मामला वर्ष 2018 का है। आरोप है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने बयान दिया था जो पार्टी ईमानदारी की बात करती है, उसका अध्यक्ष हत्या का आरोपी है। इस टिप्पणी के बाद सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 4 अगस्त 2018 को उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। सुल्तानपुर कोर्ट ने 19 जनवरी को राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था और उनके वकील को चेतावनी देते हुए इसे अंतिम अवसर बताया था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी, जिस पर सबकी नजरें टिकी।

## पेड़ से लटका मिला दिव्यांग युवक का शव हत्या या आत्महत्या की गुत्थी में उलझी पुलिस

पूरनपुर। घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव डूडा में उस समय सनसनी फैल गई, जब 30 वर्षीय दिव्यांग युवक का शव घर के अंदर पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान हरीशचंद्र पुत्र ख्यालीराम के रूप में हुई है। घटना सुबह करीब आठ बजे की बताई जा रही है। शव देखे जाने की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरीशचंद्र दिव्यांग था और घर में अकेला रहता था। उसके दो भाई और भी है जो ईंट भट्टे पर काम करने गए हुए थे। सुबहा जब हरीशचंद्र का शव पेड़ पर झूलता देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मामला आत्महत्या का है या फिर किसी अन्य कारण से युवक की मौत हुई है।

# महिलाओं की सुरक्षा-सशक्तिकरण पर सरकार गंभीर : अध्यक्ष

## कमलावती सिंह ने सखी वन स्टॉप सेंटर की परखी व्यवस्थाएं, दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। उ0प्र0 महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) कमलावती सिंह का शुक्रवार को सुलतानपुर आगमन हुआ। जिला प्रोबेशन अधिकारी वी.पी. वर्मा के निर्देशन में विभाग के विभिन्न सेक्टर के अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

इसके पश्चात अध्यक्ष महोदया ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने निजाम पट्टी पांचोपीरन स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रोस्टर ड्यूटी के अनुसार सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। उन्होंने सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में स्टाफ से जानकारी ली तथा काउंसिलिंग रजिस्टर, शेल्टर रजिस्टर एवं मेडिकल रजिस्टर का अवलोकन किया, जो अद्यतन मिले। केंद्र को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। निरीक्षण के उपरांत अध्यक्ष महोदया ने परिसर में फलदार पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी, जिला मिशन समन्वयक (हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन) रेखा गुप्ता, केंद्र प्रबंधक सीता सिंह, संरक्षण अधिकारी (मिशन वात्सल्य) रूपाली सिंह, प्रबंधक/समन्वयक नीलम वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता खुशबू दूबे, राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई, महिला थानाध्यक्ष हंसमती तथा सेंटर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भव्य सजेगा बाबा का दरबार, सूखे मेवे से होगी दरबार की सजावट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। श्याम प्रेमियों को प्रत्येक वर्ष श्याम बाबा के आने इंतजार रहता है, वह समय आ गया है इंतजार का समय समाप्त। श्री श्याम बाबा अपने भक्तों को दर्शन देने आ रहे हैं। श्याम भक्तों का महाकुंभ (श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव) आज दिन शनिवार को खुर्शीद क्लब में बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा।

इस वर्ष महोत्सव का रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है, जिसमें खाटू मंदिर के गर्भ गृह के भव्य स्वरूप का दरबार बनाया जा रहा है। इस वर्ष प्रथम बार श्याम प्रभु का बहुत ही सुंदर श्रृंगार विभिन्न प्रकार के मेवे से किया जाएगा जिसे कोलकाता से विशेष कारीगरो द्वारा बनवा कर मंगवाया गया है। इसके अतिरिक्त और भी बहुत कुछ नए रूप में महोत्सव में देखने को मिलेगा। प्रभु को रिझाने के लिए देश प्रसिद्ध भजन प्रवाहक इस वर्ष प्रथम बार आ रहे हैं,जिनमें सनातनी भजन प्रवाहिका अंजली द्विवेदी(नाथ नगरी बरेली) तथा रिंगस(खाटू) से राष्ट्रपति द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित संतोष व्यास अपनी अपनी टीमों के साथ पधार रहे हैं। स्थानीय स्तर पर राजवीर श्रीवास्तव मंच सहयोगी के रूप में रहेंगे। श्याम प्रभु के दरबार की सजावट सुबह से शुरु हो गई हैं। महोत्सव स्थल पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जा रहा है। अन्य जनपदों से श्याम प्रेमियों के आने की सूचना लगातार मिल रही हैं। आप सभी सपरिवार इष्ट मित्रों सहित सायं 5 बजे से खुर्शीद क्लब मैदान में सादर आमंत्रित हैं।

## सम्पादकीय

# इमरान के लिए आगे आए सुनील, कपिल

क्रिकेट को भद्रजनों का खेल क्यों कहा जाता है, यह बात 14 पूर्व कप्तानों ने साबित कर दिखाई है। पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेटर इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर पांच देशों के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तानी सरकार को पत्र लिखा है। इन पूर्व कप्तानों ने पाकिस्तान की सरकार से मांग की है कि इमरान खान के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए और उनका बेहतर तरीके से इलाज कराया जाए। अच्छी बात ये है कि इस पत्र के हस्ताक्षरकर्ताओं में सुनील गावस्कर और कपिल देव भी हैं, और साथ में सौरव गांगुली ने भी इमरान खान के लिए चिंता जाहिर की है। वर्ना बीते कुछ वक्त से भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का भी ऐसा राजनीतिकरण किया गया है जिसे देखकर अफसोस होता है। दोनों देशों के बीच दुश्मनी का फायदा हमेशा से राजनेताओं को होता रहा है, इसलिए इसे खत्म करने की जगह बढ़ाया जाता रहा है। लेकिन यह देखकर दुख होता है कि जनता कितने जल्दी झांसे में आ जाती है। पुलवामा, पहलगाम हमले के बाद दोनों देशों के बीच जो सामान्य शिष्टाचार के तहत बात होती थी, वह भी बंद है। लेकिन भारत-पाक के मैच में सट्टेबाजी और विज्ञापनों से होने वाली कमाई को दोनों देश नहीं खोना चाहते, इसलिए जानी दुश्मनी दिखाने के बावजूद मैच खेले जा रहे हैं। उस पर तुर्रा यह कि क्रिकेट खिलाड़ी मैदान में एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाएंगे। खिलाड़ी अगर ये कहें कि हम मैच फीस नहीं लेंगे, तब तो उनकी देशभक्ति समझ आए, लेकिन कमाई भी करेंगे और खेल भावना का परिचय भी नहीं देंगे, यह कैसा दोहरा चरित्र है। बहरहाल, नए दौर के खिलाड़ियों ने खेल भावना न दिखाकर जितना निराश किया है, पुराने दौर के दिग्गज खिलाड़ियों ने उससे कहीं ज्यादा उम्मीद से भर दिया है। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और कपिल देव, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ, ईयान चौपल, किम ह्यूज और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान बेलिंडा क्लार्क, इंग्लैंड के माइक अथर्टन, नासिर हुसैन, माइक ब्रेयरली और डेविड गॉवर, वेस्ट इंडीज के क्लाइव लॉयड और न्यूजीलैंड के जॉन राइट ने पाकिस्तान की सरकार को अपने हस्ताक्षर के साथ पत्र भेजा है, जिसमें कहा गया है कि श्हम अपने-अपने देशों की राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के पूर्व कप्तान हैं और इमरान खान के साथ हुए कथित व्यवहार और जेल के हालात को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। इमरान खान पाकिस्तान के पूर्व कप्तान होने के साथ-साथ विश्व क्रिकेट के एक दिग्गज खिलाड़ी भी हैं। कप्तान के रूप में उन्होंने 1992 क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिलाई। एक ऐसी जीत जो कौशल, दृढ़ता, नेतृत्व और खिलाड़ियों वाली भावना पर आधारित थी और जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया। हममें से कई लोगों ने उनके खिलाफ खेला, उनके साथ मैदान साझा किया, या फिर उनकी ऑलराउंड क्षमता, व्यक्तित्व और प्रतिस्पर्धी जज्बे की वजह से उन्हें अपना आदर्श माना। वह आज भी दुनिया के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों और कप्तानों में गिने जाते हैं, जिन्हें खिलाड़ी, प्रशंसक और प्रशासक सभी सम्मान देते हैं। क्रिकेट के अलावा इमरान खान ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में भी काम किया। राजनीतिक नजरिए से अलग उन्हें अपने देश के सबसे ऊंचे पद पर लोकतांत्रिक तरीके से चुने जाने का सम्मान मिला है। पत्र में आगे उनकी सेहत को लेकर गंभीर चिंता जताई गई है, और खासकर हिरासत में रहते हुए उनकी नजर तेजी से खराब होने की बात कही गई है। इस पत्र में लिखा है, श्क्रिकेटर होने के नाते हम निष्पक्षता, सम्मान और खेल भावना के उन मूल्यों को समझते हैं जो मैदान की सीमाओं से आगे जाते हैं। हम मानते हैं कि इमरान खान जैसी शख्सियत के साथ गरिमा और बुनियादी मानवीय संवेदनाओं के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इस पत्र में शाहबाज सरकार से तीन मांगें की गई हैं। पहली मांग इमरान खान की इच्छा के मुताबिकघ योग्य विशेषज्ञ डॉक्टरों से उनका तुरंत और लगातार इलाज कराया जाए।

# असमानताओं पर प्रहार, समानता का विस्तार: एक सार्थक पुकार

**आज वैश्विक स्तर पर असमानताओं की खाई कई रूपों में दिखाई देती है। एक ओर तकनीकी क्रांति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है, तो दूसरी ओर पारंपरिक श्रम-आधारित रोजगार असुरक्षित होते जा रहे हैं। डिजिटल विभाजन नई सामाजिक दूरी का कारण बन रहा है। ग्रामीण और शहरी, विकसित और विकासशील, पुरुष और महिला, सक्षम और दिव्यांग-इन सबके बीच संसाधनों की असमान पहुंच सामाजिक तनाव को जन्म देती है। ऐसे समय में सामाजिक न्याय का अर्थ है इन अंतरों को पहचानना और उन्हें पाटने के लिए लक्षित, संवेदनशील और पारदर्शी नीतियों का निर्माण करना। सम्मानजनक कार्य की अवधारणा भी सामाजिक न्याय के केंद्र में है। केवल रोजगार उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं, बल्कि ऐसा कार्य-संस्कृति बनाना आवश्यक है जिसमें उचित वेतन, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियां और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो। आर्थिक विकास तभी टिकाऊ हो सकता है जब वह मानव गरिमा के साथ जुड़ा हो। यदि विकास केवल आंकड़ों में सीमित रह जाए और आम नागरिक के जीवन में राहत न ला सके, तो वह विकास नहीं, केवल विस्तार है। मजबूत सामाजिक सुरक्षा तंत्र इस युग की अनिवार्यता बन चुका है। कोविड-19 महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि संकट किसी भी समाज को अचानक अस्थिर कर सकता है।**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 20 फरवरी को मनाया जाने वाला विश्व सामाजिक न्याय दिवस आज के समय में केवल असमानताओं पर प्रहार एवं समानता के विस्तार की एक सार्थक पुकार का अंतरराष्ट्रीय आयोजन ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना का आह्वान है। वर्ष 2026 में यह दिवस विशेष महत्व ग्रहण कर रहा है, क्योंकि विश्व तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था, तकनीकी संक्रमण, जलवायु संकट, राजनीतिक ध्रूवीकरण और सामाजिक असमानताओं के बीच नई संतुलित व्यवस्था की तलाश में है। इस वर्ष की थीम समावेश को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना हमें यह याद दिलाता है कि विकास तभी सार्थक है जब वह समावेशी हो और समावेशन तभी प्रभावी है जब वह न्यायपूर्ण हो। सामाजिक न्याय का अर्थ केवल अवसरों की समानता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक व्यवस्था की स्थापना का आग्रह करता है जिसमें संसाधनों, अधिकारों और गरिमा का निष्पक्ष वितरण सुनिश्चित हो। जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा की समान उपलब्धता नहीं मिलती, तब तक प्रगति अधूरी है। 2026 की थीम विशेष रूप से उन समुदायों की भागीदारी पर बल देती है जो ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे हैं-चाहे वे आर्थिक रूप से वंचित हों, सामाजिक रूप से उपेक्षित हों या राजनीतिक रूप से प्रतिनिधित्व से दूर हों। समावेशन का सशक्तिकरण केवल नीतिगत घोषणा नहीं, बल्कि निर्णय-प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता का अधिकार है। आज वैश्विक स्तर पर असमानताओं की खाई कई रूपों में दिखाई देती है। एक ओर तकनीकी क्रांति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है, तो दूसरी ओर पारंपरिक श्रम-आधारित रोजगार असुरक्षित होते जा रहे हैं। डिजिटल विभाजन नई सामाजिक दूरी का कारण बन रहा है। ग्रामीण और शहरी, विकसित और विकासशील, पुरुष और महिला, सक्षम और दिव्यांग-इन सबके बीच संसाधनों की असमान पहुंच सामाजिक तनाव को जन्म देती है। ऐसे समय में सामाजिक न्याय का अर्थ है इन अंतरों को पहचानना और उन्हें पाटने के लिए लक्षित, संवेदनशील और पारदर्शी नीतियों का निर्माण करना। सम्मानजनक कार्य की अवधारणा भी सामाजिक न्याय के केंद्र में है। केवल रोजगार उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं, बल्कि ऐसा कार्य-संस्कृति बनाना आवश्यक है जिसमें उचित वेतन, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियां और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो। आर्थिक विकास तभी टिकाऊ हो सकता है जब वह मानव गरिमा के साथ जुड़ा हो। यदि विकास केवल आंकड़ों में सीमित रह जाए और आम नागरिक के जीवन में राहत न ला सके, तो वह विकास नहीं, केवल विस्तार है। मजबूत सामाजिक सुरक्षा तंत्र इस युग की अनिवार्यता बन चुका है। कोविड-19 महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि संकट किसी भी समाज को अचानक अस्थिर कर सकता है। बेरोजगारी, स्वास्थ्य संकट और आर्थिक मंदी से निपटने के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। वृद्धजन, दिव्यांग, महिलाएं, बच्चे और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक-इन सभी के लिए संरक्षित ढांचा ही न्यायपूर्ण समाज की नींव है। भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में सामाजिक न्याय का विचार ऐतिहासिक और संवैधानिक दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। भारतीय संविधान ने समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों के माध्यम से एक ऐसे समाज की कल्पना की है जहां जाति, धर्म, लिंग या वर्ग के आधार पर भेदभाव न हो। आज भी सामाजिक न्याय का प्रश्न केवल आर्थिक असमानता तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक पूर्वाग्रहों, लैंगिक भेदभाव, क्षेत्रीय असंतुलन और सांस्कृतिक असमानताओं से भी जुड़ा है। समकालीन भारत में सामाजिक न्याय के संदर्भ में विभिन्न सरकारी योजनाओं और पहलों के माध्यम से वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक और नशा-पीड़ित व्यक्तियों के सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। सरकार का दृष्टिकोण यह रहा है कि सामाजिक न्याय विभाजन की राजनीति नहीं, बल्कि समावेशन की नीति के माध्यम से स्थापित हो। ड्डसंतुष्टिकरणङ्क बनाम ड्डतुष्टिकरणङ्क की अवधारणा इसी दिशा में एक वैचारिक संकेत है, जो समाज को जोड़ने की बात करती है। फिर भी चुनौतियां शेष हैं। महंगाई, बेरोजगारी, पर्यावरणीय संकट और बढ़ती जीवन-यापन लागत आम नागरिक के लिए वास्तविक कठिनाइयां उत्पन्न करती हैं। लोकतंत्र का उद्देश्य केवल चुनावी प्रक्रिया तक सीमित नहीं, बल्कि जनसंतोष और जनकल्याण सुनिश्चित करना है। यदि नागरिक स्वयं को असुरक्षित, असमान या उपेक्षित अनुभव करें, तो सामाजिक न्याय का आदर्श खोखला प्रतीत होने लगता है। आज आवश्यकता है कि सामाजिक न्याय को केवल राजनीतिक नारे के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक दायित्व के रूप में देखा जाए। हमने आचरण की पवित्रता एवं पारदर्शिता की बजाय कदाचरण एवं अनैतिकता की कालिमा का लोकतंत्र बना रखा है। ऐसा लगता है कि धनतंत्र एवं सत्तातंत्र ने जनतंत्र को बंदी बना रखा है। हमारी न्याय-व्यवस्था कितनी भी निष्पक्ष, भव्य और प्रभावी हो, फ्रांसिस बेकन ने ठीक कहा था कि 'यह ऐसी न्याय-व्यवस्था है जिसमें एक व्यक्ति की यंत्रणा के लिये दस अपराधी दोषमुक्त और रिहा हो सकते हैं।' रोमन दार्शनिक सिसरो ने कहा था कि 'मनुष्य का कल्याण ही सबसे बड़ा कानून है।' लेकिन हमारे देश के कानून एवं शासन व्यवस्था को देखते हुए ऐसा प्रतीत नहीं होता, आम आदमी सजा का जीवन जीने को विवश है। सामाजिक न्याय के लिए सामाजिक एकता भंग नहीं की जा सकती। शासन और प्रशासन की प्रत्येक नीति का अंतिम लक्ष्य मानव कल्याण होना चाहिए। यदि शक्ति के स्रोत जनहित में प्रयुक्त न हों, तो वे असंतोष और अविश्वास को जन्म देते हैं। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। क्या हमारा लोकतंत्र समानता का लोकतंत्र है या विभेद का? क्या हमारी स्वतंत्रता सबके लिए समान अवसर लेकर आई है या केवल कुछ वर्गों तक सीमित है? क्या हमारी नीतियां पारदर्शिता और नैतिकता पर आधारित हैं या वे जटिलता और असमानता को बढ़ा रही हैं? इन प्रश्नों का उत्तर ईमानदारी से खोजना ही इस दिवस की सार्थकता है। सामाजिक न्याय केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं, समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। जाति, धर्म, वर्ग और लिंग के भेद से ऊपर उठकर यदि नागरिक परस्पर सम्मान और सहयोग की भावना विकसित करें, तो सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ किया जा सकता है। शिक्षा संस्थान, नागरिक संगठन, धार्मिक और सांस्कृतिक मंच-सभी को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। नई वैश्विक अर्थव्यवस्था में जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित ऊर्जा और डिजिटल नवाचार नए अवसर प्रदान कर रहे हैं, वहीं यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि इन अवसरों का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे। अन्यथा विकास की गाड़ी कुछ लोगों को आगे ले जाएगी और शेष को पीछे छोड़ देगी। समावेशन का सशक्तिकरण इसी असंतुलन को रोकने का प्रयास है। प्रतिदिन कोई न कोई कारण महंगाई को बढ़ाकर हम सबको और धक्का लगा जाता है और कोई न कोई टैक्स, अधिभार हमारी आय को और संकुचित कर जाता है। जानलेवा प्रदूषण ने लोगों की सांसों को बाधित कर दिया, लेकिन हम किसी सम्यक समाधान की बजाय नये नियम एवं कानून थोप कर जीवन को अधिक जटिल बना रहे हैं। सामाजिक न्याय व्यवस्था तभी सार्थक है जब आम जनता निष्कंटक एवं समस्यामुक्त समानता का जीवन जी सके। 2026 का यह दिवस हमें यह संदेश देता है कि न्याय और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग सामाजिक न्याय से होकर ही गुजरता है। यदि समाज का अंतिम व्यक्ति भी सम्मान, सुरक्षा और अवसर के साथ जीवन जी सके, तभी हम कह सकेंगे कि हमने सामाजिक न्याय के आदर्श को साकार किया है। इस तरह सामाजिक न्याय केवल नीति का प्रश्न नहीं, बल्कि चेतना का प्रश्न है। यह हमारे विचारों, व्यवहार और निर्णयों में परिलक्षित होना चाहिए। जब नागरिक और शासन दोनों मिलकर समानता, गरिमा और अवसर की संस्कृति का निर्माण करेंगे, तभी विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाने की वास्तविक सार्थकता सिद्ध होगी। समावेश को सशक्त बनाकर और असमानताओं की खाई को पाटकर ही हम एक ऐसे समाज की रचना कर सकते हैं जो अधिक न्यायपूर्ण, अधिक मानवीय और अधिक स्थायी हो। **-ललित गर्ग**

# वर्ग संघर्ष : संसाधनों व सत्ता पर नियंत्रण ही मूल भावना

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

वर्ग संघर्ष मानव इतिहास की मूल शक्तियों में से एक है जिसने समाजों की संरचना बदली और विश्वव्यापी क्रांतियों का सूत्रपात किया। यूरोप में सामंतवाद से पूंजीवाद का संक्रमण, इंग्लैंड की औद्योगिक क्रांति के बाद मजदूर आंदोलन, 1789 की फ्रांसीसी क्रांति, 1917 की रूसी क्रांति तथा चीन, क्यूबा और लैटिन अमेरिकी आंदोलनों में उत्पादन के साधनों पर नियंत्रण व श्रमशक्ति के शोषण के विरुद्ध संघर्षों ने राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संरचनाओं को उलट दिया। वर्ग विरोध की इसी वैश्विक पृष्ठभूमि में भारत का वर्ग संघर्ष केवल पूँजी और श्रम तक सीमित नहीं, बल्कि वर्ण व्यवस्था, जातीय वर्चस्व, भूमि संबंधों और  राजनीति तथा सत्ता की जटिल गाँठों से जुड़ा है।

भारत में वर्ग संघर्ष वर्ण जाति, औपनिवेशिक शोषण, औद्योगिक पूँजीवाद और वैश्विक पूँजी की बहुस्तरीय प्रक्रिया है जो आज भी सक्रिय है। प्राचीन मध्यकालीन समाज में वर्ण व्यवस्था ने श्रम विभाजन व आर्थिक पदानुक्रम को वैध बनाया। कृषि अर्थ व्यवस्था में जमींदार, सामंत व उच्च वर्णीय किसान वर्ग का प्रभुत्व रहा, जबकि भूमि हीन श्रमिक, निम्न जातियाँ व वंचित समुदायों का कोई अधिकार न था। विद्रोहों की अंतर्धारा में वर्गीय असमानता व संसाधन कब्जे का आक्रोश झलकता था। ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने जमींदारी व राजस्व व्यवस्था तोड़ी, रैयतों, किसानों व जमींदारों में तनाव पैदा किया तथा उद्योग, रेलवे व खदानों से मजदूर वर्ग का निर्माण हुआ। कर संग्रह, कच्चा माल व सस्ते श्रम शोषण से किसान व आदिवासी विद्रोह भड़के। 19वीं सदी के अंत में संगठित मजदूर वर्ग ने कारखाना मालिकों व औपनिवेशिक सत्ता के विरुद्ध संघर्ष किया। प्रथम विश्व युद्ध, रूसी क्रांति व आर्थिक संकट ने वर्ग चेतना जगाई, अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस बनी।

स्वाधीनता आंदोलन में राष्ट्रीय नेतृत्व की राजनीतिक मुक्ति प्राथमिकता के साथ मजदूर किसान संगठनों ने भूमि सुधार, जमींदारी उन्मूलन व समानता माँगी। आदिवासी, किसान व मजदूर हड़तालों ने वर्गीय असंतोष दिखाया। स्वतंत्रता के बाद संविधान ने समाजवादी पथ अपनाया, पर भूमि स्वामियों, उच्च जातीय व पूँजीपति वर्ग का वर्चस्व कायम रहा। आधे अधूरे भूमि सुधार व नक्सल आंदोलन ने असमान भूमि वितरण व जातीय उत्पीड़न उजागर किया। शहरों में मजदूरों को अधिकार मिले, पर सत्ता अक्सर पूँजी के पक्ष में रही। भारत में वर्ग संघर्ष वर्ण जाति से घुला हुआ है। डॉ. अंबेडकर व मार्क्स के संवाद में कहा गया कि वर्ण संघर्ष के बिना वर्ग संघर्ष अधूरा है। सवर्ण वर्चस्व ने दलित, पिछड़े, आदिवासी व अल्प संख्यकों की अधीनता बनाए रखी। उदारीकरण ने मध्यवर्ग व पूँजीपतियों को लाभ दिया, पर असंगठित मजदूर, लघु किसान व अनुबंध श्रमिक असुरक्षित हुए। वर्ग संघर्ष खेत खदानों, सर्विस सेक्टर व झुग्गियों तक फैला रहा। यहाँ वर्ग,आर्थिक स्थिति के साथ सांस्कृतिक पूँजी, जातीय पहचान व राजनीतिक पहुँच निर्धारित करता है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में सवर्ण विरोधी नारे वर्ण व वर्ग तनावों का संक्षेप हैं। बहुजन समाज पार्टी के उदयकाल में प्रतिनिधित्व राजनीति थी। विश्वनाथ प्रताप सिंह के समय मंडल विरोधी आंदोलन आरक्षण के विरुद्ध मध्यम वर्गीय आक्रोश था। आज यूजीसी नीतियों के विरुद्ध प्रतिरोध निजीकरण व बाजारीकरण से जुड़ा हुआ है जो वंचितों को प्रभावित करता है। मंडल आंदोलन अवसरों की साझेदारी के विरुद्ध था, जबकि वर्तमान स्वर संरचनात्मक असमानताओं पर हैं। सवर्ण विरोधी भाषा संरचना विरोध से द्वेष की ओर मुड़ सकती है। यह चिंताजनक है क्योंकि युवा राष्ट्र की दिशा तय करते हैं। विश्वविद्यालय असहमति पोषित करें, पर वह विवेकपूर्ण हो, वर्ग ध्रुवीकरण लोकतंत्र को प्रभावित करता है। अंततः वर्ग संघर्ष का मूल प्रश्न,संसाधनों व सत्ता पर नियंत्रण है। अतः वर्ग संघर्ष स्वरूप बदल कर फिर फिर प्रगट होता रहता है। तार्किक,सम वितरण,नैसर्गिक न्याय ही वर्ग संघर्ष का किंचित समाधान है।

## सेहत मंत्र

# खाने का फ्लेवर बढ़ाने वाली छोटी इलायची एसिडिटी और टेंशन करती है दूर


छोटी इलायची खाने से फ़ेफड़ों (लंग्स) में ब्लड सर्कुलेशन तेज़ी से होता है जिससे अस्थमा, तेज ज़ुकाम और खांसी से राहत मिलती है। इलायची की तासीर गर्म मानी जाती है इसलिए इसे खाने पर शरीर को गर्मी मिलती है। छोटी इलायची का इस्तेमाल गरम मसाले के रूप में सब्ज़ी का स्वाद और खुशबू बढ़ाने के साथ ही मिठाई और खीर का फ्लेवर बढ़ाने के लिए भी किया जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि खाने का स्वाद बढ़ाने वाली छोटी इलायची आपकी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। रोज़ाना 2-3 इलायची खाना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। छोटी इलायची खाने से फ़ेफड़ों (लंग्स) में ब्लड सर्कुलेशन तेज़ी से होता है जिससे अस्थमा, तेज ज़ुकाम और खांसी से राहत मिलती है। इलायची की तासीर गर्म मानी जाती है इसलिए इसे खाने पर शरीर को गर्मी मिलती है। आजकल लोगों को हाई ब्ल्ड प्रेशर की समस्या बहुत हो रही है। छोटी इलायची इस परेशानी को दूर करके आपके बल्ड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करती है। रोज़ाना 2-3 इलायची खाने से हाई बीपी की समस्या नहीं होगी। यदि आप भी अक्सर मुहांसों से परेशान रहते हैं, तो रोजाना रात को सोने से पहले गर्म पानी के साथ एक इलायची खाएं। इससे मुहांसों के साथ ही त्वचा संबंधी अन्य समस्याएं भी दूर हो जाएंगी। छोटी इलायची पेट की बीमारियों को भी दूर रखती है। यदि आपको कब्ज है तो छोटी इलायची खाएं। सुबह खाली पेट एक इलायची गुनगुने पानी के साथ खाने से पेट की समस्या के साथ ही बाल झड़ने की परेशानी भी दूर हो जाएगी। अगर आप भी नींद न आने की वजह से नींद की गोलियां खा रहे हैं तो उसे बंद करके इलायची खाना शुरू कर दें। रोजाना रात को सोने से पहले इलायची को गर्म पानी के साथ खाएं। इससे अच्छी नींद आएगी और गोलियों की तरह इसका कोई साइड इफ़ेक्ट भी नहीं होता। इलायची में तेल होता है और यही एसेंशियल ऑयल पेट की अंदरुनी लाइनिंग को मजबूत करता है जिससे पेट में जमा होने वाला एसिड धीरे-धीरे हट जाता है।

## धर्म मंत्र

# बुध ग्रह की शांति के लिए करें बुधवार को गणपति की पूजा इन मंत्रों के साथ

श्रीगणेश की पूजा का विशेष दिन है बुधवार, इस दिन स्नानादि करके शुद्ध होने के बाद श्रीगणेश को सिंदूर, चंदन, यज्ञोपवीत, दूर्वा, लड्डू या गुड़ से बनी मिठाई का भोग लगाते हुए, धूप और दीप से आरती करते हुए उनका पूजन करें। उसके पश्चात इस मंत्र का जप करें। प्रातर्नमामि चतुराननवन्द्यमानमिच्छानुकूलमखिलं च वरं ददानम्, तं तुन्दिलं द्विरसनाधिपयज्ञसूत्रं पुत्रं विलासचतुरं शिवयोः शिवाय। प्रातर्भजाम्यभयदं खलु भक्तशोकदावानलं गणविभुं वरकुञ्जरास्यम्, अज्ञानकाननविनाशनहव्यवाहमुत्साहवर्धनमहं सुतमीश्वरस्य। इसका अर्थ है कि इस मंत्र का अर्थ यह है कि मैं ऐसे देवता का पूजन करता हूं, जिनकी पूजा स्वयं ब्रह्मदेव करते हैं। ऐसे देवता, जो मनोरथ सिद्धि करने वाले, भय दूर करने वाले, शोक का नाश करने वाले, गुणों के नायक, गजमुख, और अज्ञान का नाश करने वाले हैं। मैं शिव पुत्र श्री गणेश की सुख-सफलता की कामना से भजन, पूजन और स्मरण करता हूं। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में बुध ग्रह अशुभ स्थिति में हो तो बुधवार को बुध ग्रह की शांति के लिए भी पूजा की जाती है। इसके अतिरिक्त मनचाहे धन और लाभ की प्राप्ति के लिए भी गणेश जी के चित्र या मूर्ति के आगे 'संकटनाशन गणेश स्तोत्र' के 11 पाठ करें, जो इस प्रकार है। गं गणपत्ये नमः, श्री संकटनाशनगणेशस्तोत्रम्प्र णम्य शिरसा देवं गौरीपुत्रं विनायकम। भक्तावासं स्मरेन्नित्यं आयुःकामार्थसिद्धये, प्रथमं वक्रतुण्डं च एकदन्तं द्वितीयकम्। तृतीयं कृष्णपिङ्गाक्षं गजवक्त्रं चतुर्थकम्, लम्बोदरं पञ्चमं च षष्ठं विकटमेव च।

## पर्यटन



# रफ्तार भरी जिंदगी में सुकून से दो पल बिताने के लिए बेहतरीन जगह है तीर्थन वैली

हिमाचल की बहुत ही खूबसूरत और शांत तीर्थन वैली ऐसी जगह है जिसके लिए आपको एक महीने पहले प्लानिंग करने की जरूरत नहीं। दो से तीन दिन का वक्त काफी है तीर्थन वैली के हर एक नज़ारे को यादों में कैद करने के लिए। पूरी घाटी घूमने के बाद ये कहना सही रहेगा कि अगर आप किसी ऐसी जगह वीकेंड मनाना चाह रहे हैं जो आपकी भागदौड़ भरी जिंदगी को थोड़ा रिलैक्स करें तो तीर्थन बेस्ट ऑप्शन है। पहाड़ों और उन पर जमी बर्फ का नज़ारा तो न जाने कितनी ही दफा देखा होगा लेकिन यहां कुछ अलग ही था। इसे ही एक्सप्लोर करने के लिए तैयार होकर हम चल दिए अपने पहले डेस्टिनेशन की ओर, जो था... जिभी वॉटरफॉल- शायद बारिश के दिनों में वॉटरफॉल की खूबसूरती अपने चरम पर होती होगी ऐसा देखकर लगा। पहाड़ों से गिरते झरने खूबसूरत तो लगते ही हैं लेकिन उनकी तेज़ रफ्तार वाली धार को देखने का अलग ही मजा और उत्साह होता है।  इसे देखना तो बनता है। यहां पहुंचने का रास्ता भी बहुत ही शानदार है ऐसा लगता है जैसे रास्तों पर बर्फ की चादर बिछी हुई है। बीच में जमी हुई झील और उसके चारों ओर बर्फ ही बर्फ और ऊंचाई पर बना एक मंदिर। कुछ ऐसा होता है यहां का नजारा। यहां बैठकर कैसे आपका समय बीत जाएगा इसका अंदाजा आपको घड़ी देखने के बाद ही लगेगा। चैहणी गांव- अगले दिन शाम को दिल्ली के लिए रवाना होना था तो सुबह का वक्त हमने यहां के चैहणी गांव घूमने का प्लान बनाया। सुना था छोटा लेकिन बहुत ही खूबसूरत गांव है और वाकई बिल्कुल वैसा ही पाया। यहां एक चैहणी कोठी है। लकड़ी से बनी ये कोठी तकरीबन 1500 साल पुरानी है। जो कभी कुल्लू के राजा राणा ढ़ाढियां का निवास हुआ करता था। 15 मंजिला ये इमारत 1905 में आए भूकंप के बाद बस 10 मंजिला ही रह गई है। ये कोठी जो पूर्वी हिमालय क्षेत्र की सबसे ऊंची कोठी है। कब जाएं- तीर्थन वैली जाने का सबसे सही समय मार्च से जून के बीच होता है तो शिवरात्रि वाले लॉन्ग वीकेंड में आप यहां जान की प्लानिंग कर सकते हैं। पूरी घाटी फूलों और फलों से सजी हुई नज़र आती है। साथ ही मौसम भी इतना सर्द नहीं होता।

# गांव की समस्या गांव में समाधान सीडीओ ने सुना समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। विकास खंड हरख क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेरा पंचायत भवन में शुक्रवार को आयोजित 'गांव की समस्या गांव में समाधान' आयोजन में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन फरियादियों से रूबरू हुए।

मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने सर्वप्रथम गाँव में सरकारी कार्य से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की इसके बाद उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री, आवास लाभार्थियों की जांच, स्वच्छ पेयजल, पेंशन योजना, राशन कार्ड, पशु टीकाकरण, स्वयं सहायता समूह और आशा बहुओं के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने आवास, साफ सफाई व राशन कार्ड बनवाने की समस्या से सीडीओ को अवगत कराया। उन्होंने प्रकरण को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर आपूर्ति निरीक्षक अवधेश पांडे, सचिव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील सिंह, किसान नेता रवि वर्मा, अमित वर्मा, ग्राम प्रधान राकेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।



# मौसम बदला सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़, वायरल पीड़ित 500 मरीज, जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।संयुक्त चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की भारी भीड़ देखी गई। ओपीडी में 500 से अधिक मरीज पहुंचे, जिन्हें डॉक्टरों ने जांच के बाद दवाइयां दीं। मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव के कारण ज्यादातर मरीज सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित थे।शुक्रवार को दोनों अस्पतालों में मरीजों की संख्या काफी अधिक रही। मरीजों ने पहले पर्चा काउंटर पर पंजीकरण कराया, फिर ओपीडी में अपनी बारी का इंतजार किया। अस्पताल पहुंचे अधिकांश मरीज मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, जुकाम और बुखार से ग्रस्त थे।इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि मौसम में तेजी से हो रहे परिवर्तन के कारण सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने मरीजों को सलाह दी कि वे मौसम को ध्यान में रखते हुए अपने खान-पान का ध्यान रखें और बाहर निकलते समय सावधानी बरतें। डॉ. सन्तोष सिंह ने यह भी कहा कि दिन में गर्मी और सुबह-शाम ठंड होने के कारण लोगों को मौसम के अनुकूल कपड़े पहनने चाहिए।संयुक्त चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. इक़बाल ने जानकारी दी कि अस्पताल में आए सभी मरीजों को डॉक्टरों द्वारा देखा गया। उनकी आवश्यक जांचें करवाई गईं और दवाइयां प्रदान की गईं। मरीजों को उचित परामर्श भी दिया गया।



## जानलेवा हुआ संजय सेतु पर आवागमन

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर घाघरा नदी का संजय सेतु भयावह हो गया है यात्रियों का आवागमन खतरे में दिख रहा है।एक किलोमीटर लंबे इस पुल के पांच ज्वाइंटों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फिलहाल पुल बंद न करने का निर्णय लिया है।पहले एक वैकल्पिक प्लाटून पुल बनाया जाएगा जिसके बाद लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से संजय सेतु की मरम्मत कराई जाएगी।मुसाफिरों ने शीघ्र मरम्मत कार्य पूर्ण कराने की जरूरत बताई है ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## चौकीदार बन गया परिचारक : प्रबंधन हलकान, अधिनियम से बेखौफ तंत्र

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। किसान इण्टर कालेज भगौली के प्रधानाचार्य (निवर्तमान)ने अपने अधिकारों कद्र उपयोग कर चाहते चौकीदार के पद पर कार्यरत कर्मचारी को कुछ ही वर्षो में दफ्तरी बनाने के बाद वर्तमान में परिचारक पद पर पदोन्नती कर दी। शिकायत कर्ता द्वारा इस बावत मांगी गयी जनसूचना में प्रधानाचार्य द्वारा पहले असत्य सूचनाएं दी गयी। मामला बड्डूपुर क्षेत्र के ग्राम भगौली स्थित किसान इण्टर कालेज का है।यहां पर दिनेश प्रताप सिंह नामक व्यक्ति की नियुक्ति वर्ष 1993 में चौकीदार पद पर हुई थी, तत्समय चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत थे। दिनेश प्रताप सिंह का पद तो चौकीदार का था, किन्तु प्रधानाचार्य से खाश सम्बन्ध होने से कुछ ही वर्षो में दफ्तरी बना दिया गया। कहते हैं कि प्रबन्धक का चहेता होने के कारण उसका कोई विरोध नही करता।वर्तमान में प्रधानाचार्य ने उसे परिचारक पद पर पदोन्नति प्रदान कर दी। प्रधानाचार्य के कदाचार की वास्तविकता जानने हेतु गांव के मोहनलाल पुत्र स्व.उमाशंकर गुप्ता ने आरटीआई के तहत 10 बिन्दुओं की सूचना मांगी। प्रधानाचार्य द्वारा सूचना न देकर सादे कागज प्रेषित कर दिये।जिसकी शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक से की गयी तो मात्र 2-3 सवालों के ही जवाब देने प्रधानाचार्य गोलमोल किया।शिकायतकर्ता ने चौकीदार के प्रोन्नति के सम्बन्ध में पुनः जवाब मांगा है। पूरा विद्यालय प्रशासन हलकान है।इन दिनों यह प्रकरण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।उच्चाधिकारी इस मामले में क्या कार्यवाही करते है, इसका सभी को इन्तजार है। प्रधानाचार्य का एक फर्जी कारनामा लोगो में चर्चा का विषय बना है

## स्थापना की वर्षगांठ सुंदरकांड पाठ

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के ग्राम सोहई मजरे बड़नपुर के श्रीसंकटमोचन हनुमान मंदिर की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर सुंदरकांड पाठ व हवन पूजन के बाद भंडारे में भोजन प्रसाद वितरित किया गया।यह आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से सफल रहा।

## बोर्ड परीक्षा, नहीं सम्मिलित हुए 2049 परीक्षार्थी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार को तीसरे दिन यूपी बोर्ड परीक्षा मे जहां प्रथम पाली मे हाईस्कूल के 2611परिक्षार्थियो ने सामाजिक विज्ञान व कृषि की परीक्षा छोड़ दी वही इसी पाली मे इण्टर के भी दो परिक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये इस प्रकार दूसरी पाली मे आयोजित इण्टर मीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा मे भी पंजीकृत छात्र छात्राओं मे 2049 किसी कारण से परीक्षा मे नही बैठ सके प्राप्त विवरण के अनुसार शुक्रवार को जनपद के सभी 110 केन्द्रो पर दोनो पाली की बोर्ड परीक्षा भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न करायी गई, तीसरे दिन सुबह की पाली मे हाईस्कूल के 42472 परिक्षार्थी व इण्टर मीडिएट के 98 परिक्षार्थी सामाजिक विज्ञान व कृषि विषय की परीक्षा के लिए पंजीकृत थे जिसमे 10 वीं के 39861 तथा इण्टर के 96 परिक्षार्थी परीक्षा मे उपस्थित पाये गये शेष 10 वीं के 2611 व 12 वीं के दो परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे, नकल विहीन शाकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के पूर्व से नियुक्त वरिष्ठ अधिकारियों ने समय समय पर परीक्षा केन्द्रो का जायजा लेते देखे गये इस बीच दूसरी पाली मे इण्टर मीडिएट के पंजीकृत 32479 परिक्षार्थियो मे 30430 छात्र छात्राओं द्वारा अंग्रेजी विषय की शांति पूर्ण माहौल मे परीक्षा दी गई इस विषय की परीक्षा मे 2049 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे ।

## परिवहन मेला वाहन स्वामियो में खाना उत्साह

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन द्वारा व्यवसायिक वाहन स्वामियों को बकाया कर भुगतान के लिए वन टाइम टैक्स सेटलमेंट योजना के तहत शुक्रवार को उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय सभागार मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला की अध्यक्षता मे परिवहन मेला का आयोजन किया गया। दो दिवसीय परिवहन मेला मे लगभग 40 वाहन स्वामियो ने प्रतिभाग कर योजना के सम्बन्ध मे जानकारी ली। मौके पर 5 वाहन स्वामियो द्वारा कर भुगतान का योजना का लाभ उठाया गया। मेले मे एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने वाहन स्वामियो को टैक्स की गणना, पंजीकरण, परमिट और लाइसेंस से जुड़ी जानकारियां दी। तथा आफलाइन के माध्यम से कार्यालय पर सम्पर्क कर टैक्स जमा करने की अपील की। एआरटीओ ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक वाहनों (कमर्शियल वाहनों) के लिए नई वन टाइम टैक्स (एकमुश्त कर) व्यवस्था के बारे में जानकारी देकर वाहन स्वामियो को बार-बार कर जमा करने की जटिल प्रक्रिया से राहत दिलाना और पारदर्शी डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना है। उन्होने आगे बताया कि भाड़े या पारिश्रमिक पर चलने वाले दोपहिया वाहन, तिपहिया मोटर कैब, 10 लाख रुपये तक और 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मोटर कैब (तिपहिया को छोड़कर), मैक्सी कैब, निर्माण उपकरण व विशेष प्रयोजन वाहन, 3000 किग्रा तक और 3000 से 7500 किग्रा तक के माल वाहन और राज्य परिवहन उपक्रम के सार्वजनिक सेवा वाहन छूट का लाभ प्राप्त सकेगे। इस प्रक्रिया से वाहन स्वामियो को राहत मिलेगी। तथा छोटे कमर्शियल वाहन संचालकों को बार-बार टैक्स जमा करने की झंझट से छुटकारा मिलेगा। इस अवसर पर यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव मौजूद रहे?

## स्टेशन रोड पाश कॉलोनी, गले से चैन उड़ाया

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार को आटो सवार अज्ञात महिलाओं ने एक शिक्षिका की कीमती चेन लेकर फरार हो गईं, पीडिता ने स्थानीय पुलिस को घटी घटना से अवगत करा दिया है, पुलिस सीसीटीवी कैमरों की जांच कर चैन स्नेचिंग करने वाली महिलाओं की खोज करने मे जुटी है जानकारी के अनुसार शहर के लखपेडाबाग निवासी शिक्षका सेंट एंथोनी मे चल रही केन्द्रीय बोर्ड परीक्षा की डियूटी कर आटो से घर वापस जा रहीं थी कि बस स्टाप के पास आटो मे दो और महिलाएं उनके बगल बैठ गई बताया जाता है कि उन महिलाओ ने सीएमओ कार्यालय के पास आटो रोकवाया और शिक्षिका से समय पूछां और इसी बीच गले मे पहनी कीमती चेन गायब कर दिया हैरत की बात तो यह है कि इस घटना की जानकारी शिक्षिका को काफी देर बाद हुई तो उनके पैरों के तले जमीन खसनेलगी, फिलहाल सूचना के आधार पुलिस इस गैंग को पकडने के लिए प्रयास कर रही है ।

# खाद्य सुरक्षा टीम की छापेमारी, दो कुंतल कचरी नष्ट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर/बेलहरा बाराबंकी।खाद्य सुरक्षा विभाग ने होली त्योहार से पहले खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सघन अभियान चलाया। इस दौरान बेलहरा बाजार में करीब 2 क्विंटल कचरी नष्ट की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 6500 रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षाअधिकारी डॉ.अंकिता यादव के नेतृत्व में की गई।टीम ने बेलहरा बाजारस्थित जुनैद किराना स्टोर और राहुल किरानास्टोर पर जांच की,तो कचरी गुणवत्ता खाद्यमानक नहीं मिली।घटियासामग्री उपभोक्ताओं तक न पहुंचे, मौके पर कानूनी प्रक्रिया पूरीकर कचरी को नष्ट करा दिया।उन्होंने बताया कि मिलावटी सामान बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता पर ससुरालियों ने पेट्रोल छिड़क लगाई आग

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा तहसील परिसर में शुक्रवार को उस समय गर्मी आ गई जब एक विवाहिता अधजली हालत में क्षेत्राधिकारी कार्यालय अपनी फरियाद लेकर पहुंच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी ने तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी निवासी आरती पुत्री रमेश चंद्र ने क्षेत्राधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि, उसका विवाह बीते 2023 के मई महीने में कबरई थाना क्षेत्र के ग्राम गंज में हुकुम लाल पुत्र रामनाथ प्रजापति के साथ हुई थी। तभी से ससुराल वाले दहेज़ से संतुष्ट नहीं थे और अक्सर उसके साथ मारपीट करते और चार लाख रुपया की मांग कर रहे थे। उसी बात को लेकर तेरह फरवरी को दोपहर में पति हुकुम लाल, ननदोई राजा भय्या, सास इंद्राणी, जेठ माखन चार लाख रुपये की मांग कर मारपीट करने लगे। जिस पर उसने असमर्थता जताई तो उक्त लोगों ने उसके ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी और लगभग सवा तीन लाख रुपये का जेवर छीन कर भगा दिया।

# अयोध्या में 26 फरवरी को वृहद रोजगार मेला, 3000 से अधिक पदों पर भर्ती

अयोध्या । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ल्लमिशन रोजगारङ्क के तहत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही है। इसी क्रम में अयोध्या में 26 फरवरी को व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग आई.ई.टी. परिसर, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय - अयोध्या में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में 50 से अधिक नामचीन कम्पनियां भाग लेंगी और 3000 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। यह आयोजन प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मेले में एक्सिस बैंक, पेटीएम, टाटा ग्रुप, एलएंडटी, रिलायंस एनर्जी, अमेज़न, सुजलॉन, और ब्रिटानिया जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। यह मेला 10वीं पास से लेकर स्नातक तक की शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए खुला है। रोजगार मेले में प्रवेश एवं आवेदन की पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है, ताकि अधिक से अधिक युवा इस अवसर का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ल्लमिशन रोजगारङ्क प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और बेरोजगारी घटाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। इस आयोजन में सेवायोजन विभाग का विशेष सहयोग है। अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है, जिससे वे आसानी से आवेदन कर अपनी पसंदीदा कम्पनियों में साक्षात्कार दे सकेंगे। यह मेला केवल नौकरी प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को उनके कौशल और योग्यता के अनुरूप अवसरों से जोड़ने का भी माध्यम बनेगा। इसमें बैंकिंग, आईटी, ऊर्जा, ई-कॉमर्स, और खाद्य उद्योग जैसे विभिन्न क्षेत्रों की कम्पनियां भाग ले रही हैं। इससे अभ्यर्थियों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार रोजगार चुनने का अवसर मिलेगा। सहायक निदेशक सेवायोजन देवब्रत कुमार ने बताया कि इस पहल से न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि पलायन की समस्या भी कम होगी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार द्वारा आयोजित ऐसे मेलों से अब तक लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल चुके हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे समय रहते पर ऑनलाइन पंजीकरण करें और 26 फरवरी को आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में शामिल होकर अपने करियर को नई दिशा दें।

# बाल यौन शोषण कांड में ऐतिहासिक फैसला: दो दोषियों को फांसी

बांदा । उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद में नाबालिग बच्चों के साथ हुए संगठित यौन शोषण के अत्यंत जघन्य मामले में विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, बांदा ने कड़ा और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायालय ने मुख्य दोषी निलम्बित जेई राम भवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को मृत्युदंड (फंासी) की सजा सुनाई है।

लोक अभियोजक सौरभ सिंह के अनुसार, इस मामले की जांच सीबीआई, दिल्ली द्वारा की गई थी। जिसमें अक्टूबर 2020 में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक धारा सिंह ने अदालत में प्रभावी पैरवी की। जांच में सामने आया कि आरोपित दम्पति, जो थाना नरैनी क्षेत्र के निवासी हैं, चित्रकूट में किराये के मकान में रहकर करीब 33 नाबालिग बच्चों का यौन शोषण करते थे। इतना ही नहीं, उन्होंने बच्चों के आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उन्हें विदेशों में भेजा। जांच एजेंसियों के अनुसार, लगभग 2 लाख से



अधिक वीडियो तैयार कर करीब 47 देशों में भेजे गए, जिनका उपयोग ब्लैकमेलिंग और अन्य आपराधिक गतिविधियों में किया गया। मुकदमे के दौरान कुल 74 गवाह अदालत में पेश किए गए। सभी साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपितों को दोषी ठहराते हुए कहा कि यह अपराध दुर्लभतम श्रेणी का है, इसलिए इन्हें तब तक फांसी पर लटकाया जाए जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध), 506 (आपराधिक धमकी), 120 बी (आपराधिक साजिश), सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67-बी तथा पॉक्सो अधिनियम, 2012 की विभिन्न धाराओं के तहत दोष सिद्ध किया। साथ ही मृत्युदंड के अलावा आजीवन कारावास, कठोर कारावास और भारी जुर्माने की सजा भी सुनाई गई। न्यायालय ने सभी पीड़ित बच्चों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश भी पारित किया है। साथ ही जुर्माने की राशि भी पीड़ितों को दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अपने फैसले में अदालत ने कहा कि ऐसे अपराध न केवल बच्चों का जीवन बर्बाद करते हैं, बल्कि समाज की नैतिक नींव को भी हिला देते हैं। यदि ऐसे मामलों में कठोर दंड नहीं दिया गया, तो यह समाज के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। कोर्ट ने राज्य सरकार और सम्बंधित विभागों को निर्देश दिया कि पीड़ित बच्चों के पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक उपचार, शिक्षा और सुरक्षित भविष्य के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा सुनाया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले छह महीनों में यह तीसरा मामला है, जिसमें उन्होंने दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है।

## थम नहीं रहा हर्ष फायरिंग सिलसिला, वृद्ध मरणासन्न

बाराबकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीती देर रात थाना सतरिख क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सहेलिया मे तब हडकम्प मच गया और पल भर के अन्दर शादी समारोह की खुशियाँ रफूचक्कर हो गई जब अज्ञात द्वारा की गई हर्ष फायरिंग मे एक अधेड सीने मे गोली लगने से घायल हो गया घटना बाद घायल को जिला चिकित्सालय लाया गया जहांसे प्राथमिक उपचार बाद हालत चिंता जनक देख डाक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार सहेलियां गावं निवासी अवधराम के यहां पुत्री की शादी थी जिसमे प्यारे पुर गांव से बारात आयी थी बताया जाता है द्वार पूजा के बाद जयमाल की रश्मपूरी हो रही थी कि इसी बीच किसी ने हर्ष फायरिंग कर दी और थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्राम पलिया मसूद पुर निवासी 55 वर्षीय रिश्तेदार सुनील यादव गोली लगने से घायल हो गया, घटना बाद शादी की खुशियां गम मे तब्दील हो गईं और वर वधू पक्ष के लोगों द्वारा लहूलुहान सुनील की जिला अस्पताल पहुचाया गया लेकिन हालत चिंताजनक होने के कारण उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया, सतरिख थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार सिंह के अनुसार जांच कर फायरिंग करने वालों का पता किया जा रहा।

## राम नाम की महिमा''श्याम तेरी बंसी'' रात भर झूमे श्रोता

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बे के सिहाली रोड़ पर श्याम भक्त राजेश द्वारा धार्मिक आयोजन अखंड ज्योति पाठ और भजन संध्या जारी है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड ज्योति पाठ से हुई, जो विधि-विधान के साथ चल रहा है।कलकत्ता के वाचक संदीप सुल्तानिया इसका वाचन करते हैं। मंत्रोच्चारण के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित है, जिसके दर्शन हेतु श्रद्धालु कतार में लगे हैं। पाठ के दौरान नृत्यांतिका प्रस्तुत की जा रही है, जिसमें कलाकार आध्यात्मिक संदेशों को भाव-भंगिमाओं से दर्शा रहे हैं। आयोजनस्थल को रंग-बिरंगे परदों, पुष्पमालाओं और धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया।परिसर में तमाम महिला,पुरुष और बच्चे उपस्थित हैं।श्रद्धालु सामूहिक रूप से पाठ में भाग ले रहे हैं,और धार्मिक अनुष्ठान शांतिपूर्ण व अनुशासित वातावरण में संपन्न हो रहा है। शाम को भजनसंध्या का कार्यक्रम भी जारी है। भजन गायक आकाश गुप्ता भक्ति रचनाएं प्रस्तुत कर रहे हैं।इनमें ''राम नाम की महिमा''श्याम तेरी बंसी''और''भोले नाथ की जय''जैसे भजन शामिल हैं। श्रद्धालु तालियों और जयकारों के साथ भजनों में लीन दिखाई दिये हैं। आयोजक राजेश यादव और रवि श्रीवास्तव कार्यक्रम के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे।आयोजन का उद्देश्य धार्मिक संस्कारों को बढ़ावा और समाज में सद्भाव मजबूत करना है।कार्यक्रम में तमाम नागरिक, युवा और श्रद्धालु उपस्थित हैं।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अनुपस्थित चल रहे आठ पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

जौनपुर । यूपी के जौनपुर में पुलिस विभाग में अनुशासन बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कड़ा कदम उठाते हुए लंबे समय से ड्यूटी से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे आठ पुलिसकर्मियों को शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। एसएसपी कार्यालय से दी गई जानकारी के अनुसार निलंबित किए गए कर्मियों में तीन मुख्य आरक्षी, चार आरक्षी और एक अनुचर (कुक) शामिल हैं। ये सभी काफी समय से बिना अनुमति ड्यूटी से अनुपस्थित थे, जिससे विभागीय कार्य प्रभावित हो रहा था।निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में मुख्य आरक्षी राजेश्वर सिंह यादव, मुख्य आरक्षी राम आशीष यादव, मुख्य आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी रवि वालियान, आरक्षी जितेंद्र कुमार यादव, आरक्षी नवीन सिंह, आरक्षी विशाल यादव तथा अनुचर (कुक) विनय कुमार सिंह का नाम शामिल है।एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि पुलिस विभाग में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह रहना होगा। उन्होंने कहा कि आगे भी अनुपस्थित या कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नीरज सोलंकी बने जिला संयोजक, हिमांशु मेहरा को जिला समन्वयक की जिम्मेदारी

मुरादाबाद। स्वदेशी जागरण मंच की शुक्रवार को हुई बैठक में संगठन के विस्तार एवं स्वावलम्बी भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई। जिसमें नीरज सोलंकी एडवोकेट को जिला संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच (मुरादाबाद), हिमांशु मेहरा को जिला समन्वयक घोषित किया गया।

अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डा. राजीव कुमार के निर्देशन में प्रांत संयोजक कपिल नारंग द्वारा मुरादाबाद इकाई की विधिवत घोषणा करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। बैठक में नीरज सोलंकी को जिला संयोजक एवं हिमांशु मेहरा को जिला समन्वयक, स्वावलम्बी भारत अभियान तथा जसविंदर सिंह को महानगर युवा आयाम प्रमुख का महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया गया। डा. राजीव कुमार ने संगठन को सशक्त बनाने, स्वदेशी को अपनाने तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का सामूहिक संकल्प दिलाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ आयाम प्रमुख डॉ. एके अग्रवाल, प्रांत संयोजक कपिल नारंग, विभाग संयोजक प्रशांत शर्मा, प्रांत सह महिला प्रमुख अंजू त्रिपाठी, जिला महिला प्रमुख पूनम चौहान, महानगर महिला प्रमुख नीलम जैन, महानगर महिला प्रमुख नीलम भुईहार, जिला सह महिला प्रमुख रेनू गुप्ता, महानगर सह महिला प्रमुख ,सुनील कुमार एडवोकेट, अंजली एडवोकेट,सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मौरंग और मिट्टी के अवैध खनन पर प्रशासन का छापा, पोकलैंड सहित दो ट्रक सीज

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मझगवां थाने के टोला खंगारन गांव के पास चल रहे अवैध मौरंग खनन पर प्रशासन और पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की। इसमें एक पोकलैंड और दो ट्रक सीज किए गए। इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों को हड़कंप मचा है। टोलाखंगारन गांव के पास से धसान नदी निकली है। जहां से हर रोज बड़ी तादाद में अवैध मौरंग का खनन होता है। ग्रामीण बताते हैं कि रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों और ट्रकों में मौरंग खनन किया जा रहा है। एसडीएम अभिमन्यु कुमार और सीओ राजीव प्रताप सिंह ने छापामार कार्रवाई की। मौके से दो ट्रक और एक पोकलैंड मशीन जब्त की। बताया गया कि एक निजी भूमि पर पिछले काफी समय से अवैध खनन चल रहा था। महोबा का एक युवक निजी भूमि से अवैध खनन करा रहा था। एसडीएम ने चोरी छिपे मिट्टी का अवैध खनन कर ले जा रहे ट्रक को पकड़ लिया। एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने शुक्रवार को बताया कि दस्तावेज न मिलने पर ट्रक को सीज कर दिया है। बताया कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर चलने नहीं दिया जाएगा।

## न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाजों का लक्ष्य सुपर आठ मैच में पाकिस्तान के स्पिनरों को काबू में करना

एजेंसी



कोलंबो। न्यूजीलैंड की टीम शनिवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण ग्रुप दो के शुरुआती मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी तो जीत के लिए सबसे अहम कारक होगा कि उसका मजबूत मध्यक्रम प्रतिद्वंद्वी टीम की स्पिन विविधता का माकूल जवाब दे सके। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट में अभी तक शीर्ष स्तर का खेल नहीं दिखा सके हैं जिसमें बस सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट और फिन एलेन ही हैं जिन्होंने मिलकर तीन अर्धशतक लगाए हैं।

लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज इन दोनों का ठीक से साथ नहीं दे पाए हैं। ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। फिलिप्स और रविंद्र ने हालांकि एक-एक अर्धशतक लगाया है लेकिन कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन फीका ही रहा है। चार मैचों में रविंद्र ने 72 रन बनाए हैं, लेकिन इनमें से 59 रन कनाडा के खिलाफ एक ही मैच में आए। न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट में पहली बार कोलंबो में खेलेगा जिससे यह और मुश्किल हो सकता है। इसके विपरीत पाकिस्तान ने विश्व कप की शुरुआत से ही यहां की है और वह पहले प्रेमदासा में दो मैच खेल चुका है। पाकिस्तान के गेंदबाज, खासकर स्पिनर इस धीमी पिच पर असरदार होने के लिए लेंथ और रफ्तार जानते हैं जहां शॉट लगाने के लिए हिम्मत से ज्यादा समझदारी की जरूरत होती है। इसलिए एलेन और सिफर्ट की पावरप्ले की धमाकेदार बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड के मध्यक्रम का साथ चाहिए ताकि वे अपनी टीम को लगभग 180 या इससे ज्यादा के स्कोर तक पहुंचा सकें। पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक, अबरार अहमद, सैम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान उसे बढ़त दिलाते हैं लेकिन बल्लेबाजी में उनकी भी अपनी चिंता हैं। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले साहिबजादा फरहान (220) के बाद शादाब खान (88) दूसरे नंबर पर हैं। पाकिस्तान के बल्लेबाजों को न्यूजीलैंड जैसी अनुभवी टीम के खिलाफ मिलकर बड़ा योगदान देना होगा। लेकिन पाकिस्तान प्रबंधन को बाबर आजम (चार मैचों में 66 रन) से ज्यादा चिंता किसी और बात की नहीं है क्योंकि यह पूर्व कप्तान टी20 बल्लेबाजों की जरूरतों को समझने में जूझ रहा है। अगर बाबर एक बार और लड़खड़ाते हैं तो पाकिस्तान प्रबंधन फखर जमां जैसे किसी और खिलाड़ी को ला सकता है जो ग्रुप चरण के मैच में बेंच पर ही बैठे रहे।

## होबार्ट चरण में नई ऊर्ज़ा के साथ वापसी को तैयार भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में 20 से 25 फरवरी तक स्पेन और मेज़बान ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला**

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब एफआईएच प्रो लीग के होबार्ट चरण पर फोकस कर चुकी है, जो 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेला जाएगा। भारतीय टीम स्पेन और मेज़बान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर नई शुरुआत करने के इरादे से उतरेगी।

राउरकेला चरण से मिले अनुभवों के बाद भारतीय टीम ने सकारात्मक सोच के साथ खुद को फिर से तैयार किया है। आगामी मुकाबलों को टीम संयोजन परखने, रणनीति को मजबूत करने और इस साल होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप तथा एशियाई खेलों से पहले लय हासिल करने के अहम अवसर के रूप में देखा जा रहा है। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कई युवा प्रतिभाओं को भी शामिल किया गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 21 फरवरी को स्पेन के खिलाफ करेगा, इसके बाद 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। 24 फरवरी को एक बार फिर स्पेन से मुकाबला होगा, जबकि 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम मैच खेला जाएगा। हालिया रिकॉर्ड दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर का संकेत देते हैं। स्पेन के साथ पिछले 10 मुकाबलों में दोनों टीमों ने चार-चार जीत दर्ज की हैं, जबकि दो मैच ड्रॉ रहे, जिन्हें भारत ने शूटआउट में जीता। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आंकड़े मेज़बान टीम के पक्ष में हैं, जहां पिछले 10 मैचों में उसे छह जीत मिली हैं, जबकि भारत ने दो मुकाबले जीते और दो ड्रॉ रहे। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हार्दिक सिंह को इस चरण के लिए कप्तान बनाया गया है। टीम में अमनदीप लकड़ा, मनमीत सिंह, अंगद वीर सिंह, अरिजीत सिंह हुंडाल और आदित्य अर्जुन लालगे जैसे युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने के लिए उत्सुक हैं। कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि टीम सकारात्मक और आक्रामक सोच के साथ मैदान पर उतरेगी तथा युवा खिलाड़ियों की ऊर्ज़ा टीम के प्रदर्शन में नई धार जोड़ेगी। भारतीय टीम हॉबर्ट चरण में मजबूत प्रदर्शन कर बड़े टूर्नामेंटों से पहले आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भावुक जोनाथन ट्रॉट ने अफगानिस्तान के साथ अपने सफर को कहा अलविदा, 'संयोग' से शुरू हुई थी कोचिंग यात्रा

**चेन्नई।** अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने 2026 टी20 विश्व कप में टीम के अंतिम ग्रुप मुकाबले के बाद अपने कार्यकाल को भावुक अंदाज़ में अलविदा कहा। कनाडा के खिलाफ जीत के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में 44 वर्षीय ट्रॉट अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। उन्होंने स्वीकार किया कि अफगानिस्तान के साथ उनकी यात्रा 'संयोग से शुरू हुई', लेकिन यह अनुभव उनके जीवन के सबसे संतोषजनक अध्यायों में से एक रहा। अफगानिस्तान ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में कनाडा को हराया। इस मुकाबले में इब्राहिम ज़दरान 95 रन की नाबाद पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। उन्होंने अपना पुरस्कार कोच ट्रॉट को समर्पित किया और विदाई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सामने बैठकर अपने कोच को भावुक होते देखा। जोनाथन ट्रॉट ने 2022 में अफगानिस्तान टीम की कमान संभाली थी। उन्होंने खुलासा किया कि मूल रूप से यह पद ग्राहम थॉर्प को संभालना था, लेकिन परिस्थितियों के चलते वह यह जिम्मेदारी नहीं ले सके। इसके बाद ट्रॉट को यह अवसर मिला। उन्होंने कहा, मुझे यह मौका संयोग से मिला। ग्राहम थॉर्प ने मेरे कोचिंग करियर के विकास में बड़ी भूमिका निभाई थी। जब यह जिम्मेदारी मिली तो मैंने इसे दोनों हाथों से स्वीकार किया और पूरी निष्ठा से काम किया। ट्रॉट ने अपने कार्यकाल की कई यादगार उपलब्धियों को याद किया। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान ने विश्व कप में पहली बार पाकिस्तान को हराया, इंग्लैंड को मात दी और पाकिस्तान, बांग्लादेश तथा दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों के खिलाफ विदेशी सरजमीं पर द्विपक्षीय सीरीज जीती। हालांकि 2026 टी20 विश्व कप में टीम 2024 जैसी सफलता दोहराने में सफल नहीं रही, लेकिन ट्रॉट ने परिणामों से अधिक टीम के मानवीय विकास को अहम बताया। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने पहली बार इब्राहिम ज़दरान, अजमतुल्लाह उमरज़ई और रहमानुल्लाह गुरबाज़ जैसे खिलाड़ियों को देखा, तो उनकी प्रतिभा ने प्रभावित किया। ट्रॉट ने बताया कि अफगानिस्तान की असली ताकत केवल उनके स्पिन गेंदबाज नहीं, बल्कि टीम के रूप में उनका विकास है। उन्होंने कहा कि जब वह पहली बार टीम के साथ आयरलैंड दौरे पर गए थे, तब उन्हें महसूस हुआ कि खिलाड़ियों में अपार प्रतिभा है, लेकिन उन्हें केवल संरचना और पेशेवर रवैये की जरूरत है। उन्होंने कहा, थोड़ी–सी संरचना, पेशेवर मानसिकता और उच्च मानक जोड़ने से बड़ा बदलाव आया। आज की टीम और पहले की टीम में जमीन–आसमान का अंतर है। ट्रॉट ने यह भी रेखांकित किया कि अफगानिस्तान के खिलाड़ी सीमित संसाधनों में खेलते हैं। उनके पास स्थायी घरेलू मैदान, आधुनिक अकादमियां और बुनियादी ढांचे की वैसी सुविधाएं नहीं हैं जैसी अन्य बड़ी टीमों के पास हैं। उन्होंने कहा, इन खिलाड़ियों को जो सुविधाएं मिलती हैं, उसकी तुलना में उनका प्रदर्शन अविश्वसनीय है। कई खिलाड़ियों को वह शिक्षा और प्रशिक्षण नहीं मिला जो मुझे मिला था, फिर भी वे 20 हजार दर्शकों के सामने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव संभालते हैं। मैं हर खिलाड़ी को सलाम करता हूं। ट्रॉट ने कहा कि उनके लिए सबसे बड़ी संतुष्टि यह देखना रहा कि खिलाड़ियों की जिंदगी मैदान के बाहर भी बदली है। उन्होंने कहा, इन खिलाड़ियों ने न केवल अपने खेल से, बल्कि अपने परिवारों की तकदीर बदलने की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। युवा लड़कों को जिम्मेदार युवाओं में बदलते देखना मेरे लिए बेहद संतोषजनक रहा। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी को लेकर पूछे गए सवाल पर ट्रॉट ने टीम में गहराई बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि भविष्य में अलग–अलग परिस्थितियों के लिए विविध विकल्प तैयार करना जरूरी है, जैसे बाएं–दाएं हाथ के संयोजन और अतिरिक्त बल्लेबाजी विकल्प। अपने अगले कदम पर ट्रॉट ने फिलहाल कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया। हालांकि इंग्लैंड टीम के कोच बनने की संभावना पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मैंने अपने करियर का बड़ा हिस्सा इंग्लैंड में बिताया है। किसी दिन उस टीम को कोच करने का मौका मिले तो अच्छा लगेगा, लेकिन अभी मैं कुछ दिन आराम करना चाहता हूं। जोनाथन ट्रॉट का कार्यकाल उतार–चढ़ाव से भरा रहा, लेकिन उन्होंने गर्व के साथ कहा कि अफगानिस्तान के साथ बिताए गए ये साल उनकी जिंदगी की अमूल्य यादें बनकर रहेंगे।

### भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी करके ऐतिहासिक सीरीज जीतना चाहेगी

**एडिलेड।** भारतीय महिला टीम को अगर ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार ऐतिहासिक श्रृंखला जीतनी है तो उसकी बल्लेबाजों को यहां शनिवार को तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम की अनुभवी गेंदबाजी इकाई के खिलाफ एकजुट होकर आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। भारतीय महिला टीम अभी तक ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारूपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई है। इसे बदलने के लिए भारत को यहां बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत है, जिसकी शुरुआत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से होगी। स्मृति और शेफाली दोनों ने शुरुआत तो की है लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल पाईं जिससे दूसरे मैच में भारत 164 रन के आसान से लक्ष्य का पीछा नहीं कर सका। किम गार्थ, अनाबेल सदरलैंड और सोफी मोलिनू की अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी ने इस मौके का फायदा उठाया। इन्होंने भारत की पांच बल्लेबाजों को सिर्फ सात रन के अंदर आउट कर दिया। लेकिन एडिलेड की पिच कैनबरा की पिच के मुकाबले अलग है और भारतीय बल्लेबाजों को यहां अपने पिक–अप शॉट्स पर भरोसा करना चाहिए। एक बेहतरीन आउटफील्ड भी बल्लेबाजी के लिए बेहतर है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को बल्ले पर आती गेंद पसंद है और उन्हें यहां कुछ मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि मैदान की सतह चिकनी होने से जिम्मेदारी भारतीय तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर पर होगी कि वे अपनी लाइन एवं लेंथ में स्थिर रहें क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज किसी भी ढील का आसानी से फायदा उठा सकती हैं। युवा खिलाड़ी जॉर्जिया वोल सबसे बड़ा खतरा हो सकती हैं जिन्होंने अब संन्यास ले चुकी मेग लैनिंग और एलिसा हीली के जाने के बाद पारी के आगाज की भूमिका को जिम्मेदारी से संभाला है। इनकी जगह भरना बहुत बड़ी बात है लेकिन 22 साल की यह खिलाड़ी अब तक कमाल की रही है। भारतीय तेज गेंदबाजों को वोल को रोकना होगा और स्पिनरों दीप्ति शर्मा और श्री चरणी को भी बीच के ओवरों में योगदान देना होगा। वहीं सदरलैंड और ऐश गार्डनर के अलावा फोबे लिचफील्ड को शांत रखना भी जरूरी है।

टीमें इस प्रकार हैं: भारत: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, भारती फूलमाली, क्रांति गौड़, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमालिनी, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

ऑस्ट्रेलिया: सोफी मोलिनू (कप्तान), तहलिया मैकग्रा, डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगान शुट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहम।

## एफआईएच प्रो लीग विवाद : पाकिस्तान ने हॉकी टीम के कप्तान अम्माद बट पर लगा दो साल का प्रतिबंध रद्द किया

एजेंसी



इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट पर लगाया गया दो साल का प्रतिबंध रद्द कर दिया। पाकिस्तान हॉकी फ़ेडरेशन (पीएचएफ) द्वारा लगाया गया यह प्रतिबंध सरकार ने 'गैरकानूनी और असंवैधानिक' करार दिया है। पीएचएफ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से ठीक पहले तारिक बुगती ने अम्माद शकील बट को फ़ेडरेशन की आलोचना करने के आरोप में दो साल के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हॉकी से प्रतिबंधित कर दिया था। बट ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान हुई अव्यवस्थाओं को लेकर फ़ेडरेशन पर गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा संरक्षक-इन-चीफ नियुक्त किए गए पीएचएफ के अंतरिम अध्यक्ष मुहयुद्दीन अहमद वानी ने बुगती के इस फैसले को पलटते हुए इसे गैरकानूनी और असंवैधानिक कदम बताया। ऑस्ट्रेलिया दौरे से टीम की वापसी के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। कैनबरा में खेले गए एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों के दौरान टीम को भारी लॉजिस्टिक समस्याओं का सामना करना पड़ा। राज्य संचालित पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी) द्वारा टीम के लिए पांच सितारा होटल में ठहरने हेतु एक करोड़ रुपये जारी किए जाने के बावजूद खिलाड़ियों को एयरबीएनबी आवास में ठहरना पड़ा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुगती का इस्तीफा तुरंत स्वीकार करते हुए मुहयुद्दीन अहमद वानी को पीएचएफ का एड-हॉक अध्यक्ष और ब्रिगेडियर मुसरतुल्लाह को महानिदेशक नियुक्त किया है। दोनों फिलहाल अस्थायी रूप से हॉकी मामलों का प्रबंधन करेंगे। बुधवार तड़के टीम की स्वदेश वापसी के बाद अम्माद बट और अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों ने हवाई अड्डे पर मीडिया से कहा था कि वे मौजूदा प्रबंधन के साथ काम जारी नहीं रख सकते। बट ने खुलासा किया कि खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में अपनी समस्याओं पर मीडिया से बात न करने की धमकी दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि दौरे के दौरान खिलाड़ियों को 'रसोई साफ करने और बर्तन धोने' के लिए मजबूर किया गया। इतना ही नहीं, जिस होटल में टीम के ठहरने की व्यवस्था की गई थी, वहां अग्रिम भुगतान न होने के कारण प्रवेश से मना कर दिया गया, जिसके चलते खिलाड़ियों को घंटों सड़क पर इंतजार करना पड़ा। बट ने यह भी दावा किया कि अधिकांश खिलाड़ियों को पिछले एक साल से दैनिक भत्ता नहीं मिला है। दूसरी ओर, तारिक बुगती ने इस पूरे घटनाक्रम के लिए पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि दौरे की सभी व्यवस्थाएं बोर्ड ने संभाली थीं। प्रदर्शन के लिहाज से भी पाकिस्तान टीम का एफआईएच प्रो लीग में अभियान निराशाजनक रहा है। टीम अब तक अपने सभी आठ मुकाबले नीदरलैंड, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के खिलाफ हार चुकी है और नौ टीमों की प्रतियोगिता में अंतिम स्थान पर है।

## बीसीबी केन्द्रीय अनुबंध में तस्कीन, मुशफिकुर का डिमोशन, ए प्लस में नहीं मिली किसी खिलाड़ी को जगह

ढाका। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटरों के लिए 2026 के केन्द्रीय अनुबंध में तस्कीन अहमद और मुशफिकुर रहीम को निचले ग्रेड में डिमोट कर दिया है। तस्कीन 2025 में ए -प्लस वर्ग में अकेले खिलाड़ी थे। लेकिन अब बोर्ड ने उनका डिमोशन करते हुए टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 कप्तानों नजमुल हुसैन शान्तो, मेहदी हसन मिराज और लिटन दास के साथ ए वर्ग में डाल दिया हैं। यह बीसीबी की ग्रेडेशन पॉलिसी का दूसरा टियर है। इस बार बोर्ड ने किसी भी खिलाड़ी को एक प्लस कैटेगरी में नहीं रखा गया है। यह साफ़ नहीं है कि गेंद से अच्छे प्रदर्शन के बावजूद तस्कीन को डिमोट क्यों किया गया है। टीम प्रबंधन ने आम तौर पर तीनों प्रारुपों में उनके असर को बनाए रखने के लिए उनका काम का बोझ कम कर दिया है।

## भारत–अमेरिका के अधिकारी 23 फरवरी से बैठक करके व्यापार समझौते को देंगे कानूनी मसौदा का रूप

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के अधिकारी अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए 23 फरवरी से अमेरिका में तीन दिवसीय बैठक करेंगे। इस बैठक में समझौते की रूपरेखा को औपचारिक दस्तावेज में बदला जाएगा। इस महीने की शुरुआत में भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर यह घोषणा की थी कि अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा तय कर ली गई है। संयुक्त बयान में समझौते की मुख्य रूपरेखा तय की गई थी। अब इन बिंदुओं को एक औपचारिक कानूनी समझौते में बदलने के बाद दोनों पक्षों में अगले माह हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारतीय दल का नेतृत्व वाणिज्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव एवं मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन करेंगे। अंतरिम व्यापार समझौते के तहत दोनों पक्ष आपस में व्यापार किए जाने वाले कई वस्तुओं पर शुल्क रियायतें देंगे। अमेरिका ने घोषणा की है कि वह भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को 25 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर देगा। इसके अलावा रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण भारत पर लगाए गए 25 फीसदी दंडात्मक शुल्क को पहले ही समाप्त किया जा चुका है।

## सभी को किफायती 'कंप्यूटिंग' क्षमता उपलब्ध कराने पर भारत का ध्यान: सचिव

एजेंसी

नयी दिल्ली। सांख्यिकी सचिव सुमित गर्ग ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक ऐसे मॉडल पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जहां सरकार, परोपकारी संस्थाएं और निजी क्षेत्र मिलकर यह सुनिश्चित कर सकें कि किफायती 'कंप्यूटिंग' क्षमताएं सभी के लिए सुलभ हों। गर्ग ने यहां आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारा ध्यान कंप्यूटिंग क्षमता तक पहुंच को सीमित करने पर नहीं, बल्कि बुद्धिमानी से प्राथमिकता तय करने पर है। मेरा मानना है कि कंप्यूटिंग क्षमता को एक सक्षम मंच बनाने पर ही मुख्य ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि इसमें परोपकारी संगठनों की अहम भूमिका होगी, क्योंकि उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम मेधा (एआई) का लाभ सभी तक पहुंचे। गर्ग ने कहा, 'इस उद्देश्य के साथ सरकार, परोपकारी संस्थाएं और निजी क्षेत्र सहयोग कर सकते हैं ताकि सभी को किफायती कंप्यूटिंग क्षमताएं मिल सकें। हम इसी तरह के मॉडल पर विचार कर रहे हैं और इससे भविष्य में प्रयोगों को बढ़ावा मिलेगा।' उन्होंने कहा कि एआई निश्चित रूप से दुनिया को बदल देगा, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह बदलाव न्यायसंगत, समावेशी और जनहित के अनुरूप होगा। सचिव ने कहा, 'निस्संदेह, कंप्यूटिंग क्षमता आज की सबसे बड़ी बाधा है। जीपीयू एक्सेलेरेटर तक पहुंच सभी एआई परिवेशों के लिए एक प्रमुख मुद्दा है, लेकिन सवाल यह है कि इसे कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित रखने के बजाय वैश्विक स्तर पर वितरण योग्य और किफायती किस तरह बनाया जाए? उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान नवाचार और इस पहलू को जनहित अवसंरचना के रूप में विकसित करने के तरीकों पर है। हालांकि, उन्होंने कहा कि केवल अवसंरचना ही पर्याप्त नहीं होगी।

## अमेरिका–ईरान के बीच बढ़ते तनाव से कच्चे तेल की कीमत 6 महीने के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी



नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमत छह महीने के रिकॉर्ड उच्च्त स्तर के करीब पहुंच गई है। पिछले दो दिनों में इसमें 6S7 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो जनवरी के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 72 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 67 डॉलर प्रति बैरल पर है। पिछले सत्र में दोनों के कीमतों में करीब 1.9 फीसदी की तेजी आई थी, जो आज अपने ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 21 सेंट की बढ़त के साथ 71.87 डॉलर प्रति बैरल कारोबार कर रहा है। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 66.66 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। पिछले सेशन में ब्रेंट क्रूड 1.9 फीसदी बढ़कर 71.66 डॉलर प्रति बैरल पर पर बंद हुआ था, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 1.9 फीसदी चढ़कर 66.43 डॉलर प्रति बैरल पर था।

## भारत–अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता अप्रैल में लागू होने की संभावना: गोयल

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने और अप्रैल में इसके लागू होने की संभावना जताई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने के लिए एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन को लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि भारत के ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अप्रैल में लागू होने की उम्मीद है। पीयूष गोयल ने कहा कि न्यूजीलैंड के साथ समझौता सितंबर में लागू हो सकता है। भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि ऐसा पहली बार हुआ है कि ईयू के सभी 27 देश इस बात के लिए उत्सुक हैं कि एफटीए को जल्द ही फाइनल किया जाए और आगे बढ़ाया जाए। गोयल ने कहा कि यह समझौते 140 करोड़ भारतीयों की ताकत है। भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए तीन दिवसीय बैठक 23 फरवरी से अमेरिका में शुरू होगी। इस महीने की शुरुआत में भारत-अमेरिका ने एक संयुक्त बयान में घोषणा की थी कि अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तय कर ली गई है।

# मप्र के मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में वैश्विक टेक कंपनियों से किया वन-टू-वन संवाद

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के समापन सत्र में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के वरिष्ठ नेतृत्वकर्ताओं के साथ वन-टू-वन संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एआई समिट में एनवीडिया की उपाध्यक्ष (ग्लोबल एआई इनिशिएटिव्स) कैलिस्टा रेडमंड से पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप की स्थापना, स्टार्टअप्स को सब्सिडी दरों पर जीपीयू उपलब्ध कराने, स्थानीय साझेदारों को सशक्त बनाने के लिए सहयोग तंत्र विकसित करने और तकनीकी टूल्स, संसाधन और लाइब्रेरी उपलब्ध कराने पर चर्चा की। साथ ही एलएलएम मॉडल, सॉवरेन एआई की दिशा में सहयोग और एनवीडिया के फ्लैगशिप कार्यक्रम में आमंत्रण पर भी विचार-विमर्श किया गया।



एनवीडिया अमेरिका स्थित एक वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी है, जो जीपीयू, एआई कंप्यूटिंग, डेटा सेंटर समाधान तथा उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग के क्षेत्र में अग्रणी है।

मुख्यमंत्री ने जेनस्पार्क एआई के वैश्विक जीटीएम प्रमुख ब्रेनो मेलो से वन-टू-वन बैठक कर राज्य में समाधान प्रदाता के रूप में उनकी भूमिका, उपलब्ध तकनीकी समाधानों के उपयोग और एमओयू के अनुरूप पायलट प्रोग्राम प्रारंभ करने पर चर्चा की। उन्होंने सर्वम एआई के सह-संस्थापक डॉ. प्रत्युष कुमार से वन-टू-वन बैठक में फुल-स्टैक सॉवरेन एआई मॉडल विकसित करने, स्टार्टअप्स और डेवलपर्स के लिए मजबूत इकोसिस्टम तैयार करने पर चर्चा की। सर्वम एआई बेंगलुरु स्थित एक भारतीय एआई स्टार्टअप है, जो भारतीय भाषाओं के लिए सॉवरेन जनरेटिव एआई प्लेटफॉर्म और बड़े भाषा मॉडल विकसित करता है। उन्होंने के-जन एआई की श्रुति वर्मा से विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में क्षमता निर्माण, गेम जैम आयोजन, गेम डेवलपमेंट और एआई में अपस्किलिंग, मध्य प्रदेश के अटल प्रोजेक्ट से कनेक्टिविटी और इंदौर में स्टूडियो स्थापना के विषय पर चर्चा की। के-जन एआई बेंगलुरु स्थित एआई-सक्षम गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म है। उन्होंने गूगल प्ले के निदेशक कुणाल सोनी से गेमिंग स्टार्टअप्स एवं विद्यार्थियों को सहयोग, एआई स्किलिंग और प्रशिक्षण, अपस्किलिंग, प्रमाणन एवं पाठ्यक्रम विकास, गेमिंग पार्टनरशिप और एक्सेलरेटर कार्यक्रमों पर चर्चा की। इंदौर और भोपाल में गूगल प्ले इवेंट आयोजित करने, कंटेंट एक्सपोर्ट और पब्लिशिंग सपोर्ट प्रदान करने और उज्जैन सिंहस्थ 2028 के अवसर पर संभावित सहयोग पर भी विचार किया गया। गूगल प्ले वैश्विक डिजिटल ऐप एवं गेम वितरण प्लेटफ़ॉर्म है।

उन्होंने सबमर टेक्नोलॉजीज (भारत) के अध्यक्ष देव त्यागी के साथ कम जल उपयोग वाली इमर्सिव कूलिंग तकनीक, बिजली खपत में 40 प्रतिशत तक कमी, सतत एआई डेटा सेंटरों के विकास पर चर्चा की। सबमर टेक्नोलॉजीज, बार्सिलोना (स्पेन) स्थित वैश्विक डेटा सेंटर टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो लिक्विड इमर्शन कूलिंग समाधान विकसित करती है।

# देशभर में धार्मिक, सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक पुनर्जागरण का दौर : प्रह्लाद

एजेंसी

रायचूर । केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है और देशभर में धार्मिक, सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक पुनर्ज़ागरण का वातावरण बना है। उन्होंने यह बात कर्नाटक के रायचूर जिले के लिंगसुगुर तालुका स्थित वीरनागम्मा देवी के नवनिर्मित मंदिर के लोकार्पण और ब्रह्मकलशोत्सव समारोह के दौरान कही। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भारत की पहचान उसकी गहरी सांस्कृतिक जड़ों, ज्ञान, विज्ञान और आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़ी हुई है, जिसकी आज पूरी दुनिया सराहना कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी देवता की पूजा करने से अधिक महत्वपूर्ण है जीवन में न्याय, नीति, शांति और धर्म के मार्ग का पालन करना, जो सनातन धर्म का मूल संदेश है। उन्होंने "मानव धर्म" की अवधारणा को अपनाने पर जोर दिया। सामाजिक समरसता पर बल देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छुआछूत जैसी कुरीतियों का समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने धार्मिक नेताओं और मठाधीशों से समाज को एकजुट करने और भेदभाव समाप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मंत्री जोशी ने बताया कि केंद्र सरकार ने भगवान श्रीराम से जुड़े धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए "रामायण सर्किट" आध्यात्मिक यात्रा शुरू की है। इसके तहत अयोध्या, हम्पी, चित्रकूट, नासिक और नागपुर सहित देश के 15 प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं और बच्चों में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष रेल सेवाएं भी शुरू की गई हैं। समारोह के दौरान कोल्लूर मूकांबिका मंदिर के प्रधान अर्चक डॉ. के.एन. नरसिंह अडिगा के नेतृत्व में वीरनागम्मा देवी की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, धार्मिक नेताओं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।



# पेज एक का शेष

## शिक्षामित्रों ...

कानपुर के कृषि विश्वविद्यालयों में स्पेशलाइज्ड सीड स्टोरेज यूनिट एवं सीड हब के निर्माण हेतु पूंजीगत मद में लगभग 4.68 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत निदेशालय एवं प्रशासन मद में फर्नीचर, कंप्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और अन्य आवश्यक उपकरणों के क्रय हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुल 5.00 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। साथ ही, नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी के तहत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (एसएमएई) योजना हेतु केन्द्रांश एवं राज्यांश को मिलाकर लगभग 0.25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उत्तम कोटि के बीज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन विशेष बीज हब के निर्माण और विभागीय आधुनिकीकरण के लिए जारी की गई धनराशि के सदुपयोग से उत्तर प्रदेश के किसानों को कई दूरगामी लाभ प्राप्त होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग गुणवत्तापूर्ण तरीके से और निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए ताकि इसका सीधा लाभ धरातल पर किसानों को मिल सके।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश निर्णायक छलांग लगाने की ओर कदम बढ़ा रहा है। इस क्षेत्र को और गतिशील बनाने के लिए योगी सरकार ने बजट 2026-27 के माध्यम से विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं आईटी क्षेत्र को नई दिशा देने वाली कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की है। इस पहल से प्रदेश न केवल डिजिटल और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान और नवाचार का प्रमुख केंद्र भी बनेगा।

बजट में इंडिया एआई मिशन और इंडिया एआई डेटा लैब को आगे बढ़ाने के साथ उत्तर प्रदेश एआई मिशन की शुरुआत का प्रस्ताव रखा गया है। इसका उद्देश्य शासन व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित समाधान विकसित करना है। साथ ही उत्तर प्रदेश स्टेट डेटा सेंटर और उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर क्लस्टर को सुदृढ़ कर प्रदेश को सुरक्षित डेटा भंडारण और क्लाउड सेवाओं का बड़ा हब बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।

लखनऊ और गौतम बुद्ध नगर में यू-हब की स्थापना से स्टार्टअप और नवाचार को नई ऊर्जा मिलेगी। सरकार का मानना है कि इन हब के माध्यम से युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकी संसाधन, मेंटरशिप और निवेश के अवसर उपलब्ध होंगे। टेक युवा समर्थ युवा योजना के तहत तकनीकी क्षेत्र में दक्ष युवाओं को प्रोत्साहन देकर उन्हें रोजगार और कारोबार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। साइबर सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ कर योगी सरकार डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने के लिए लगातार कदम उठा रही है। यूपी स्टेटवाइड एरिया नेटवर्क-3 के विस्तार से शासन की डिजिटल कनेक्टिविटी और तेज होगी। इससे जिला और तहसील स्तर तक ऑनलाइन सेवाएं अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेंगी।

प्रदेश में नए पॉलिटेक्निक संस्थानों के निर्माण और वर्तमान संस्थानों के उच्चीकरण से तकनीकी शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नई और उभरती टेक्नोलॉजी मिशन के अंतर्गत रोबोटिक्स, ड्रोन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और ब्लॉकचेन जैसी आधुनिक तकनीकों में अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। आकाशीय विद्युत से बचाव और पूर्व चेतावनी हेतु सैटेलाइट पेलोड और सेंसर की व्यवस्था प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मजबूत करेगी।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने बेरोजगारी और महंगाई मुद्दे को उठाया। इस पर सरकार ने सवालों का जवाब दिया। सरकार का पक्ष रखते हुए श्रम मंत्री अनिल राजभर ने सदन में कहा कि 2017 से अब तक साढ़े आठ लाख सरकारी नौकरी दी गयी है। एमएसएमई सेक्टर समेत अन्य क्षेत्रों में मिले रोजगार अलग हैं।

आज सदन में समाजवादी पार्टी के सदस्य आरके वर्मा ने कहा कि आलू किसान को उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। एक बीघे में लागत 46 हजार और किसान को 27 हजार रुपये मिले हैं। थोक भाव और खुदरा में अंतर को लेकर सरकार कोई नीति लागू करेगी।

इस पर मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि विपक्ष के सदस्य ने खुद ही सवाल का उत्तर दे दिया। वह कह रहे हैं कि किसानों की उपज सस्ती बिक रही है। मैं कह सकता हूँ कि अगले महीने उन राज्यों में प्रचार करने जाएंगे जहां यूपी से ज्यादा महंगाई है। यूपी सरकार ने नौ सालों में कोई भी टैक्स नहीं लगाया है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत राज्य सरकार तय नहीं करती है। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में खड़े होकर कहा कि योगी सरकार जब से आई है तब से गेहूं और धान की खरीद के बाद किसानों के खाते में सीधे धनराशि भेजी जा रही है। 28 में से 24 राज्यों से उत्तर प्रदेश में पेट्रोल डीजल की कीमत कम है। देश में पहली बार केंद्र सरकार ने इतना अधिक मात्रा में जीएसटी कम की गयी है। वे सभी राज्यों ने जीएसटी कम करने के फैसले का स्वागत किया है जिनके शपथ ग्रहण समारोह में ये (विपक्ष) लोग मंच पर खड़े होकर हाथ हिलाते हैं। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि मंत्री कह रहे हैं कि महंगाई नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि जनता के बीच चलकर कह दें कि कहीं महंगाई नहीं है। जनता जवाब दे देगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अब चला चली का बेला है। आरोप प्रत्यारोप का समय नहीं है। सदन की कार्यवाही सकारात्मक दृष्टि से आगे बढ़े। यह ठीक होगा। समाजवादी पार्टी के हृदय नारायण सिंह पटेल के युवाओं को रोजगार मिलने के सवाल पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि 2012- 2017 के बीच एक लाख 39 हजार सरकारी नौकरी युवाओं को मिली। हमारी सरकार में 2017 से अब तक आठ लाख 45 हजार से अधिक सरकारी नौकरी मिली है। एमएसएमई सेक्टर में युवाओं को मिले रोजगार की गिनती हम यहां कराना नहीं चाहते। संदीप सिंह के अनुरक प्रश्न पर मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि यूपी का युवा उद्यमी बनना चाहता है तो योगी सरकार पूरी मदद करती है। विपक्षी दल सपा की सरकार में युवाओं को बेरोजगारी भत्ता केवल एक साल दिया। 25 साल से कम आयु के युवाओं को बेरोजगार नहीं माना और न ही 40 साल से ऊपर आयु के लोगों को भी बेरोजगार नहीं माना।

सपा के सदस्य रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि सभी विधायक चुनाव में नामांकन के वक्त अपनी संपत्ति का व्योरा देते हैं। सरकार ने सरकारी अधिकारी कर्मचारी को सम्पत्ति का व्योरा देने को कहा था। अब तक सभी अधिकारियों का ब्यौरा नहीं आया। जिन अधिकारियों ने सम्पत्ति का व्योरा नहीं दिया है, क्या सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। सरकार का पक्ष रखते हुए सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार के पोर्टल पर सभी अधिकारियों की अचल सम्पत्ति व्योरा अपलोड किया है। उसे कोई भी देख सकता है। एक जनवरी से 31 जनवरी के बीच सम्पत्ति का व्योरा अपलोड करने की व्यस्था है। निश्चित समय तक जो अधिकारी नहीं करते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है।

सपा के सदस्य डॉ. संग्राम यादव ने भारत सरकार की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि रोजगार की तलाश में यूपी में जौनपुर जिले से सबसे अधिक मजदूर पलायन करते हैं। इसके बाद आजमगढ़ और तीसरे नम्बर पर गोरखपुर जिला है। सबसे कम हापुड़ जिले से मजदूरों का पलायन हुआ है। मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि विपक्ष के सदस्य जिस रिपोर्ट की बात कर रहे हैं, वह कोरोना कॉल की है। उस समय की परिस्थिति भिन्न थी। यूपी के युवाओं की स्किल का लोहा पूरा देश और दुनिया मानती है। समाजवादी पार्टी के सदस्य समरपाल सिंह ने के प्रश्न पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जब मैं मंत्री बना था तो साढ़े आठ हजार बस थी। यूपी परिवहन की बसों से प्रदूषण का कोई सवाल ही नहीं उठता। रही बात बसों के रंग की तो भगवा के साथ तिरंगा में भी बसें हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में श्रम मंत्री अनिल राजभर ने सदन में जानकारी दी कि श्रम विभाग की ओर से कोई कोचिंग की व्यवस्था नहीं है। सरकार की ओर से अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग संचालित की जा रही है। इसमें एक लाख नौ हजार से अधिक युवा पढ़ाई कर रहे हैं। इसके साथ से संत रविदास योजना संचालित की जा रही है। कांग्रेस की नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना के सवाल पर श्रम मंत्री ने कहा कि हमने छह हजार युवाओं को इजरायल भेजा है। एक हजार युवाओं को भेजने की तैयारी चल रही है। किसी भी युवा की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। हमारी सरकार में युवाओं को केवल इजरायल ही नहीं भेजा जा रहा है, अन्य देशों में भी भेजने की योजना है। आउटसोर्सिंग बोर्ड का गठन कर दिया गया है। बोर्ड की बैठक भी हो गयी है। इस पर समाजवादी पार्टी के सदस्य संग्राम यादव ने कहा कि बोर्ड और बैठक की पूरी जानकारी सदन में रखी जाए। सपा ने बोर्ड के गठन की सूचना को असत्य बताते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। इसके साथ ही प्रश्नकाल पूरा हो गया।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सरकार के बजट को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि सरकार बजट तो लाती है लेकिन खर्च नहीं कर पाती है। सरकार पर कर्ज होने की बात भी कही। नेता प्रतिपक्ष के भाषण के दौरान कई बार सदन में ठहाके लगे। नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी नेता प्रतिपक्ष के भाषण के दौरान हसंते रहे।

माता प्रसाद पांडेय ने यूपी की शिक्षा व्यवस्था को ठीक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में पढ़ाई नहीं हो पा रही है। शिक्षकों की कमी है। जिन विद्यालयों में शिक्षक हैं ,वे खंड शिक्षा अधिकारी से मिलकर विद्यालय नहीं आ रहे हैं। यदि बच्चों की नींव मजबूत होगी तो आगे उनका रास्ता आसान होगा। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के विद्यालयों में फीस निर्धारण में सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। सरकार को चाहिए कि इसके लिए कमेटी गठित कर मॉनिटरिंग की जाए।

पांडेय ने कहा कि उच्च शिक्षा में भी सुधार की जरूरत है। उच्च शिक्षा क्षेत्र में शोधपरक शिक्षा होनी चाहिए। यहां केवल इतिहास, अर्थशास्त्र व अन्य विषयों में ही पीएचडी कर रहे हैं। विज्ञान के क्षेत्र में पीएचसी करने वाले विद्यार्थियों की संख्या न के बराबर है। गलगोटिया विश्वविद्यालय के तथाकथित शोध का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे विश्विद्यालयों पर नकेल कसने की जरूरत है। सरकार मान्यता देने से पहले गंभीरता दिखाए। स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अच्छे चिकित्सकों की तैनाती की जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को विकसित किया जाए। पीएचसी, सीएचसी पर चिकित्सकों के साथ जांच की व्यवस्था की कमी है। सिटी स्कैन, एमआरआई जैसी जांच उपलब्ध होनी ही चाहिए जो कि नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने इसी प्रकार समीक्षा करते हुए बजट पर सवाल खड़ा किए और सरकार को कई सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि मैं केवल आलोचना नहीं करता हूँ। मैं तो सरकार को सुझाव भी बड़े दे रहा हूँ। यह सरकार सुझाव मानेगी तो ठीक है, नहीं तो वह इस ओर (विपक्ष में) बैठेगी।

उत्तर प्रदेश विधान सभा बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को चर्चा के उपरांत सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गयी। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय समेत अन्य दलीय नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना के प्रस्ताव पर सर्व सम्मति से सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित स्थगित कर दी गयी। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानमण्डल का बजट सत्र नौ फरवरी को आरम्भ हुआ था। विधान सभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 11 फरवरी विधान सभा बजट प्रस्तुत किया था जिसे आज ध्वनि मत से पारित किया गया।

## उत्तर प्रदेश ...

सुरक्षा को मजबूत कर रही है। वृद्धावस्था, दिव्यांग और अन्य पेंशन योजनाओं की राशि को 300 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति माह करने का निर्णय लिया गया है, जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा। शिक्षा क्षेत्र में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे लाखों परिवारों को लाभ मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे में भी व्यापक सुधार हुआ है। वर्ष 2017 में जहां प्रदेश में मात्र चार हवाई अड्डे थे, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 16 हो गई है। ग्रामीण स्वच्छता, घरौनी योजना और संपत्ति अभिलेखीकरण में भी उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग मिला है। कृषि क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश गन्ना, खाद्यान्न, दूध और आलू उत्पादन में देश में अग्रणी है। किसानों को सीधे डीबीटी के माध्यम से निवेश अनुदान दिया जा रहा है तथा निजी नलकूपों के बिजली बिल के लिए बजट में 3000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पर्यावरण संरक्षण के तहत 37 करोड़ पौधारोपण कर प्रदेश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

## विकास...

को लेकर ठोस नीति बनाने की मांग की। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास के नाम पर सिर्फ निजीकरण कर रही है। सरकार बजट के दांव पेंच के नाम पर लोगों को गुमराह रखना चाहती है। यह प्रदेश की जनता- युवाओं, किसानों, आम आदमी से, इस प्रदेश के दलितों - पिछड़ों, गरीबों से धोखा है। कहा कि बजट का आकार लगातार बढ़ता चला जा रहा है लेकिन खर्च उतना ही हो रहा है जितना पांच साल पहले हुआ करता था, तो ऐसे में बजट की संख्या बढ़ा देने से क्या फायदा ? ऐसे बजट से उस प्रदेश की जनता का कोई लाभ नहीं, इस बार 2026-27 वित्तीय वर्ष के लिए सरकार ने 9 लाख 13000 करोड़ का बजट पेश किया है, इससे पहले भी 2025-26 में 8 लाख 8736 करोड़ का मूल बजट पेश हुआ था।

## सत्य...

एक साधन है, साध्य नहीं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि उभरती प्रौद्योगिकियों के विकास और उपयोग में मानवीय मूल्यों, लोकतांत्रिक सिद्धांतों और नैतिक मानकों को सर्वोपरि रखना आवश्यक है।

कार्यक्रम में यूनाइटेड किंगडम के एआई एवं ऑनलाइन सुरक्षा मंत्री कनिष्क नारायण, हंगरी की संसद के उपाध्यक्ष लाजोस ओलाह तथा इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन के महासचिव मार्टिन चुंगोंग सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## भारत-बांग्लादेश...

को दर्शाती है और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

‘वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-ॠ’ के तहत असम के 9 जिलों के 140 गांवों, जिनमें कछार जिले के 11 गांव शामिल हैं, का समग्र विकास किया जाएगा। इन गांवों में विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना, बेहतर सड़क संपर्क और सतत आजीविका के अवसर विकसित किए जाएंगे। योजना के अंतर्गत चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति, सुदृढ़ परिवहन व्यवस्था और मजबूत दूरसंचार नेटवर्क सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों का आर्थिक सशक्तिकरण हो और राष्ट्रीय सुरक्षा भी मजबूत हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में असम उपेक्षा से सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हुआ है और सीमावर्ती क्षेत्र अब ‘विकसित भारत 2047’ के विजन के अनुरूप विकास के नए केंद्र के रूप में उभर रहे हैं।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री का बराक घाटी की पारंपरिक अस्मिता के प्रतीकों - उत्तरिया, रोंगमेई नगा हस्तबुनी शॉल तथा पारंपरिक मैतेई चटाई से स्वागत किया, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है।

## प्रधानमंत्री...

मंत्रियों के बीच कृषि व्यापार और तकनीकी साझाकरण को लेकर व्यापक चर्चा हुई। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिहं चौहान ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि आज कृषि भवन में ब्राजील के कृषि मंत्री और उनकी टीम के साथ कृषि उत्पादों की बाजार तक पहुंच आसान बनाने, प्राकृतिक और जैविक खेती से जुड़े कई मुद्दों पर बातचीत हुई। भारत विशेष रूप से अपने अनार, लहसुन, अंगूर और किशमिश को ब्राजील के बाजारों में निर्यात करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है।

उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और ब्राजील की प्रसिद्ध संस्था ब्राजील की कृषि अनुसंधान निगम (एम्ब्रापा) के बीच सहयोग पर सहमति बनी है। दोनों संस्थाएं मिलकर प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देंगी, जिसके लिए जल्द ही एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। भारत में जारी दलहन और तिलहन मिशन को मजबूती देने के लिए ‘सेंटर ऑफ एक्सीलेंस‘ की स्थापना पर भी विचार-विमर्श किया गया। ब्राजील ने एकीकृत कृषि प्रणालियों पर भारत के साथ सहयोग करने की इच्छा जताई है। मंत्री ने कहा कि ब्राजील के राष्ट्रपति के नेतृत्व में वरिष्ठ मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा भारत-ब्राजील संबंधों को और मजबूत करेगा। साथ ही उनका सहयोग भी मिलेगा।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को विश्वसनीय डेटा, नैतिक शासन और सार्वजनिक जवाबदेही पर आधारित होना चाहिए। फडणवीस ने यह बात भारत मंडपम में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन में "एआई मीट्स एग्रीकल्चरः बिल्डिंग फूड सिक्योरिटी एंड क्लाइमेट रेजिलिएंस" विषयक विशेष सत्र में कही। उन्होंने कहा, "एआई की सफलता इसके ‘जादू‘ में नहीं, बल्कि इसकी नैतिकता में है। उन्होंने कहा कि भारत का एआई मिशन प्रौद्योगिकी का उपयोग करके पारदर्शिता, समावेशिता और व्यापक पहुंच सुनिश्चित करना है। कृषि इस एआई मिशन के केंद्र में होनी चाहिए क्योंकि आज करीब 5 करोड़ भारतीय प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर हैं। छोटे किसानों के लिए एआई अति-स्थानीय मौसम पूर्वानुमान, कीट नियंत्रण और सटीक सिंचाई के जरिए खेती की तस्वीर बदल सकता है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्र सरकार एक एकीकृत एआई-संचालित प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है। उन्होंने ‘महाविस्तार‘ जैसे प्लेटफॉर्म का जिक्र करते हुए कहा कि अब किसानों को सामान्य डेटा के बजाय उनकी ‘किसान आईडी‘ के आधार पर उनके खेत और फसल के लिए विशिष्ट सलाह दी जाएगी, जो केवल एक बटन या आवाज के माध्यम से उपलब्ध होगी।

विश्व बैंक समूह के उपाध्यक्ष जोहान्स ज़ुट ने भारत की सराहना करते हुए कहा कि यदि भारत कृषि क्षेत्र में एआई का सफल प्रयोग करता है, तो यह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बनेगा। उन्होंने इसे छोटे किसानों के लिए एक ''परिवर्तनकारी क्षण'' करार दिया। एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने आगाह किया कि एआई के एल्गोरिदम इस तरह तैयार होने चाहिए कि महिला किसान और हाशिए पर पड़े समूह पीछे न छूट जाएं। कोई भी तकनीक अपने आप में अमीर या गरीब हितैषी नहीं होती, यह उसके उपयोग के तरीके पर निर्भर करता है।

इस सत्र में सामूहिक रूप से एक साझा अनिवार्यता पर ज़ोर दिया गया। इनमें सटीक खेती, जलवायु लचीलापन, ओपन इकोसिस्टम और व्यावहारिक समाधान शामिल हैं। शिखर सम्मेलन में यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जिम्मेदार और समावेशी एआई ही भारत में कृषि परिवर्तन का भविष्य तय करेगा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शुक्रवार को इंडिया एआई इंपैक?ट समिट के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन और आपत्तिजनक आचरण को अत्यंत शर्मनाक बताते हुए कांग्रेस को "विफल राजनीतिक दल" करार दिया। खंडेलवाल ने कहा कि जब देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नवाचार और भारत के तकनीकी भविष्य पर गंभीर मंथन कर रहा था, तब इस प्रकार का भद्दा और ध्यान आकर्षित करने वाला "नंगा प्रदर्शन" करना एक गंभीर राष्ट्रीय मंच की गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का यह आचरण उस दिवालिया मानसिकता को उजागर करता है, जो आज कांग्रेस की पहचान बन चुकी है। चांदनी चौक के सांसद खंडेलवाल ने कहा कि विचार, नीति विकल्प और सार्थक बहस प्रस्तुत करने के बजाय कांग्रेस केवल नाटक, उकसावे और अव्यवस्था की राजनीति कर रही है। यह व्यवहार न केवल राजनीतिक हताशा दर्शाता है, बल्कि देश के युवाओं की आकांक्षाओं से पूर्णतः कटे होने का प्रमाण भी है।

उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी पराजयों के बावजूद कांग्रेस ने आत्ममंथन नहीं किया है। राहुल गांधी के फ़ेल एवं अप्रभावी नेतृत्व में कांग्रेस ने रचनात्मक विपक्ष की भूमिका छोड़कर केवल प्रदर्शन और सनसनी की राजनीति को अपनाया है। भारत का युवा अवसर, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व चाहता है, न कि अशोभनीय प्रदर्शन और कृत्रिम विवाद। एआई समिट भारत की तकनीकी क्षमता और वैश्विक दृष्टि को प्रस्तुत करने का मंच था; इसे बाधित करने का प्रयास राष्ट्रीय प्रगति का अपमान है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सशक्त और जिम्मेदार विपक्ष आवश्यक है, लेकिन जो देखा गया वह विरोध नहीं, बल्कि हताशा का प्रदर्शन था। देश की जनता, विशेषकर युवा वर्ग, नेतृत्व से परिपक्वता और दूरदृष्टि की अपेक्षा करता है- न कि शोर और अव्यवस्था की राजनीति।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इंपैक?ट समिट के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शर्ट उतार कर विरोध-प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के इस विरोध-प्रदर्शन की चौतरफा निंदा हो रही है।

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदर्शन की कड़ी आलोचना हो रही है। केंद्रीय मंत्रियों ने घटना को शर्मनाक बताते हुए इसे कांग्रेस की हताशा करार दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिह ने एक्स पोस्ट पर कहा कि यूथ कांग्रेस का अनुचित व्यवहार न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास भी है। वे कांग्रेस के इस कृत्य की भर्त्सना करते हैं। उन्होंने कहा, जब भी भारत वैश्विक मंच पर आगे बढ़ता है, कांग्रेस राष्ट्रहित के साथ खड़े होने के बजाय राजनीतिक लाभ लेने को प्राथमिकता देती दिखाई देती है। दलगत राजनीति को देश की प्रतिष्ठा और सम्मान से ऊपर रखना अत्यंत दुखद है।" उन्होंने कहा कि भारत की जनता भलीभांति समझती है कि कौन भारत को सशक्त और समर्थ बनाने में जुटा है और कौन बार-बार भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास करता है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने घटना को कांग्रेस के अहंकार और हताशा का जीता-जागता उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार को निशाना बनाने के लिए भारत को अपमानित करना ही राहुल गांधी और विपक्ष का तरीका है। वे हालिया व्यापार समझौतों के बारे में झूठ फैलाकर भारत के विकास को रोकना चाहते हैं। वहीं उनके कार्यकर्ता प्रतिष्ठित एआई शिखर सम्मेलन में बिना शर्ट पहने मार्च कर रहे हैं, ताकि 14 करोड़ भारतीयों को वैश्विक स्तर पर शर्मिंदा कर सकें। यह विघटनकारी रणनीति केवल भारत के लिए आपकी और आपकी पार्टी की दूरदृष्टि की कमी को उजागर करती है। इलेक्ट्रोनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना पर कहा कि जब भी कुछ अच्छा हो रहा होता है तो कांग्रेस हताशा में इस तरह की हरकतें कर रही होती है। उन्होंने कहा कि जरूर कांग्रेस के लोग डर गए होंगे कि इतना अच्छा और भव्य आयोजन कैसे हुआ। देश के हर भाग से युवा इसमें शामिल हो रहे हैं। इस तरह के सम्मेलन को राजनीति से दूर रखना चाहिए। कांग्रेस का अगर यही हर काम में विघ्न डालने का रवैया रहेगा तो ईश्वर ही बचाए। विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह कांग्रेस की गहरी हताशा और विशेषाधिकार की भावना को दर्शाता है। वे राहुल गांधी से पूछना चाहते हैं कि क्या भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को धूमिल करना सरकार पर हमला करने के लिए रचनात्मक विरोध का आपका तरीका है? उन्होंने कहा, "हालिया व्यापार समझौतों को लेकर भ्रामक दावे फैलाए जा रहे हैं ताकि भारत की प्रगति को रोका जा सके, ऐसे में आपकी पार्टी के सदस्यों ने एक प्रतिष्ठित एआई शिखर सम्मेलन में बिना शर्ट पहने मार्च किया, मानो दुनिया के सामने 14 करोड़ भारतीयों की नकारात्मक छवि पेश करने के लिए। ऐसी रणनीति केवल देश के लिए दूरदर्शी सोच के अभाव को उजागर करती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस खुद ही राष्ट्रीय शर्म का कारण बन रही है। यह वैश्विक एआई सम्मेलन है। भाजपा की रैली नहीं है। कांग्रेस खुद ही ‘राष्ट्रीय शर्म’ बन चुकी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे कांग्रेस का बेहद शर्मनाक तमाशा बताया है। उन्होंने कहा कि विदेशी मेहमानों के सामने आज जो हुड़दंग मचाया गया, वह भारत की साख बिगाड़ने का कांग्रेस द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र है। राहुल गांधी का नकारात्मक नेतृत्व एक सोची समझी रणनीति के तहत देश की छवि धूमिल करने पर उतारू दिखाई देता है। यह कृत्य हर उस भारतीय को शर्मिंदा करने वाला है जो देश की प्रगति पर गर्व करता है। उन्होंने कहा कि जनता देख रही है कि एक ओर भारत ‘तकनीकि पावरहाउस’ बन रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस केवल नकारात्मक राजनीति का स्मारक और सड़कछाप तमाशों की केवल खबर बनकर रह गई है।

## सुप्रीम...

अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के नौ न्यायाधीशों की पीठ के छह न्यायाधीशों ने ट्रम्प के आदेशों को कानून का अतिक्रमण करार दिया, जबकि तीन न्यायाधीश इस फैसले से सहमत नहीं थे। बहुमत के फैसले से असहमति जताने वाले न्यायधीशों में से एक ब्रेट केवनॉग ने अपने फैसले में लिखा कि न्यायालय के आदेश से राष्ट्रपति के शुल्क लगाने संबंधी अधिकारों पर आगे चलकर कोई बड़ी रोक नहीं लगेगी, बल्कि इससे अव्यवस्था ही उत्पन्न होगी।

# बजट सत्र : पटना के आईजीआईएमएस में विधायक कोटा की मांग, स्वास्थ्य मंत्री ने दिया आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा के बजट सत्र के 14वें दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सदन में गंभीर चर्चा के साथ-साथ हल्का-फुल्का हास्य भी देखने को मिला। मुजफ्फरपुर जिले के सकरा से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक आदित्य कुमार ने इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) में विधायकों के लिए विशेष कोटा और प्राथमिकता व्यवस्था की मांग उठाई। विधायक आदित्य कुमार ने सदन में कहा कि कई बार उनके फोन और अनुरोध के बावजूद मरीजों को आईजीआईएमएस में बेड उपलब्ध नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते जब वे मरीजों के इलाज के लिए सिफारिश करते हैं, तब भी उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिल रहा है। इस कारण आम मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि आईजीआईएमएस में विधायकों के अनुरोध पर मरीजों के लिए प्राथमिकता सुनिश्चित करने के लिए एक स्पष्ट व्यवस्था बनाई जाए। इस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कोटे से स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने जवाब देते हुए कहा कि अस्पताल में जब बेड खाली रहेंगे, तभी मरीजों को भर्ती किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार विधायकों के अनुरोधों को गंभीरता से लेती है और प्राथमिकता के आधार पर मामलों की समीक्षा की जाती है। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि आईजीआईएमएस में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के तहत जल्द ही 2400 नए बेड जोड़े जाएंगे, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज और अधिक सुविधा मिल सकेगी। चर्चा के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक चन्द्रशेखर ने सवाल उठाया कि यदि एम्स पटना में विधायकों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं, तो आईजीआईएमएस में भी बिहार के जनप्रतिनिधियों के लिए ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं की जा सकती। इस पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि चन्द्रशेखर जी हर महीने कई मामलों की पैरवी करते हैं और वे सुबह से देर रात तक उनकी सिफारिशें सुनते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि फोन पर जो बातें होती हैं, उन्हें सदन में कहना विपक्ष को असहज कर सकता है। बहस के दौरान सत्ताधारी दल और विपक्ष के विधायकों के बीच नोकझोंक भी देखने को मिली। वित्त मंत्री विजय चौधरी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि सत्ताधारी दल के सदस्य भी अब प्राथमिकता को लेकर ईर्ष्या महसूस कर रहे हैं। वहीं राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने माहौल को हल्का करते हुए चुटकी ली कि शायद चन्द्रशेखर जी के पास भाभी जी का नंबर हो, क्योंकि उनकी बात जल्दी सुनी जाती है, जबकि अन्य विधायकों की नहीं। इस टिप्पणी के बाद सदन में ठहाके गूंज उठे और कुछ देर के लिए माहौल हल्का हो गया।

# दिल्ली में सरकार के एक साल पूरे मुख्यमंत्री ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने आज अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा कर लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कैबिनेट मंत्रियों के साथ सरकार का एक साल का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार 'वादों की नहीं, बल्कि काम की सरकार' है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिपोर्ट कार्ड पिछले एक वर्ष की मेहनत और बदलाव के ठोस तथ्यों को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने दिल्ली को ठहराव से प्रगति की ओर ले जाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि हमने बहानों से समाधान तक और विज्ञापन से विकास तक का सफर तय करने की कोशिश की है। कम कागजी कार्रवाई और अधिक काम के सिद्धांत पर सरकार ने कार्य किया है। रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी (आआपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार सिर्फ विज्ञापन पर ध्यान देती थी काम पर नही लेकिन दिल्ली सरकार पोस्टर या ट्वीट की राजनीति में विश्वास नहीं करती, बल्कि कार्य संस्कृति में बदलाव लाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें शोर मचाती थीं, जबकि उनकी सरकार समाधान देने में विश्वास रखती है। शिक्षा के मुद्दे पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने प्रचार पर अधिक ध्यान दिया, जबकि उनकी सरकार ने संरचनात्मक सुधारों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि सरकार ने दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 2025 पारित कर शिक्षा में पारदर्शिता लाने का प्रयास किया है, जिससे शिक्षा के व्यवसायीकरण पर रोक लगाई जा सके। रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम और डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाओं पर काम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकाल के 365 दिनों में सरकार ने हर दिन जन-उत्थान की दिशा में कम से कम एक कदम आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

# राबड़ी देवी ने कानून-व्यवस्था व दुष्कर्म मामलों को लेकर नीतीश सरकार को घेरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने कानून-व्यवस्था, दुष्कर्म की घटनाओं और शराबबंदी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार पर सवाल खड़े किए हैं।

विधान परिषद परिसर के बाहर मीडिया से बात करते हुए राबड़ी देवी ने कहा कि राज्य में छोटी-छोटी बच्चियों और महिलाओं के साथ लगातार दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सरकार इस पर प्रभावी नियंत्रण करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन दोनों ही भ्रष्ट हैं और इस गंभीर मुद्दे पर जवाब देने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर जिले में दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सरकार कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए। राबड़ी देवी ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सरकार के 'राम राज्य' के दावे पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि राज्य में हत्या, अपहरण और दुष्कर्म की घटनाएं लगातार हो रही हैं। उन्होंने पूछा कि क्या यही राम राज्य है, जहां रोज अपराध हो रहे हैं और बच्चियों के साथ अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं पूरे बिहार और देश के सामने हो रही हैं, लेकिन सरकार इस पर गंभीरता नहीं दिखा रही है। राबड़ी देवी ने बिहार में लागू शराबबंदी नीति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राज्य में शराबबंदी के बावजूद शराब की बिक्री जारी है और जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत हो रही है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से शराबबंदी नीति की समीक्षा करने की मांग की, ताकि वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। इस बीच, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कई दिनों बाद शुक्रवार को विधानसभा पहुंचे। माना जा रहा है कि वे सदन में कानून-व्यवस्था और बढ़ते अपराध के मुद्दे पर सरकार को घेर सकते हैं।

# लोकभवन में 27 फरवरी से मनेगा तीन दिवसीय वसंतोत्सव राज्यपाल बोले- प्रकृति व रोजगार संवर्धन का पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड लोकभवन में तीन दिवसीय वसंतोत्सव का आयोजन 27 फरवरी से 1 मार्च तक किया जाएगा। विशेष पोस्टल कवर के लिए 'भोजपत्र' का चयन किया गया है। इस वर्ष वसंतोत्सव की थीम फ्लोरल हीलिंगः नेचर्स पाथ टू वेल बीइंग निर्धारित की गई है। शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित कर्टेन रेजर कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने बताया कि लोक भवन में आयोजित होने वाला वसंतोत्सव राज्य की सांस्कृतिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। वसंतोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति, परंपरा और प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष अवसर है। यह स्वस्थ और सामाजिक जीवन, समरसता, आर्थिक उन्नति तथा नवजीवन का उद्घोष है। यह आयोजन किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों और युवा उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का मंच प्रदान करता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। उन्होंने बताया कि विशेष पोस्टल कवर के लिए 'भोजपत्र' का चयन किया गया है, जिसके सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और औषधीय महत्व को आयोजन में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में पुष्प उत्पादन के बढ़ते क्षेत्रफल और अनुकूल जलवायु के कारण फ्लोरीकल्चर के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित हुई हैं। ऐसे आयोजन पुष्प पर्यटन को भी प्रोत्साहित करते हैं और रोजगार के अवसरों का विस्तार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह उत्सव जीवन भावना और नई संभावनाओं के द्वार खोलता है तथा पर्वतीय एवं सीमांत क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसरों को गति देने का माध्यम बनेगा। इससे स्थानीय उत्पादों और रोजगार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुष्प प्रदर्शनी कार्यक्रम में नवाचार का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फूल श्रद्धा, जीवन और प्रकृति का संदेश देते हैं और आंतरिक भावनाओं को जागृत करते हैं। वसंतोत्सव के माध्यम से प्रकृति संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जनजागरूकता भी बढ़ेगी। कर्टेन रेजर कार्यक्रम में कृषि एवं उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि वसंतोत्सव का उद्घाटन 27 फरवरी को प्रातः 10 बजे होगा। 27 फरवरी को दोपहर 1 बजे से सायं 6 बजे तक तथा 28 फरवरी और 01 मार्च को प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक पुष्प प्रदर्शनी आमजन के लिए निःशुल्क खुली रहेगी। वसंतोत्सव में 15 मुख्य प्रतियोगिता श्रेणियों की 55 उपश्रेणियों में कुल 165 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार वितरण 1 मार्च को किया जाएगा। कट फ्लावर, पॉटेड प्लांट्स, बोन्साई, कैक्टस एवं सक्यूलेंट्स, टेरारियम, हनी, हैंगिंग पॉट्स, रंगोली तथा विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# बादल की अकाल तख्त के फैसलों को भाजपा के सिर मढ़ने की साज़िश नैतिक पतन की निशानीः प्रो. ख्याला

अमृतसर। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता प्रोफ़ेसर सरचंद सिंह ख्याला ने सचखंड श्री दरबार साहिब के मुख्य ग्रंथी तथा श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह के ताज़ा खुलासों पर गहरी हैरानी व्यक्त करते हुए पूरे मामले को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और पंथक मर्यादा के लिए चिंताजनक बताया है। प्रो ख्याला ने शुक्रवार को कहा कि यदि दो दिसंबर 2024 को अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और उनके साथियों के विरुद्ध श्री अकाल तख्त साहिब से की गयी कार्रवाई को 'भाजपा द्वारा डिज़ाइन किया गया' कहकर सिख पंथ को गुमराह करने के लिए सिंह साहिबान पर किसी भी प्रकार का दबाव बनाया गया है, तो यह न केवल निंदनीय है, बल्कि पंथक संस्थाओं की संवैधानिक और धार्मिक स्वायत्तता पर सीधा हमला है। कोई सोच भी नहीं सकता कि कोई व्यक्ति इस हद तक गिर सकता है।

# मेट्रो ट्रेन के सामने छलांग लगाकर छात्र ने की खुदकुशी

नई दिल्ली। उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार सुबह 12 वीं कक्षा के एक छात्र ने मेट्रो ट्रेन के सामने छलांग लगाकर जान दे दी। मृतक की शिनाख्त 17 साल के नजफगढ़ निवासी अश्विनी डागर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अश्विनी के परिवार वालों से पूछताछ कर खुदकुशी के कारणों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है। मेट्रो पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह 11.07 बजे उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के कंट्रोलर के जरिए पुलिस को एक युवक के मेट्रो ट्रेन के सामने कूदने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि युवक द्वारका की ओर से आ रही ट्रेन के प्लेटफार्म पर पहुंचते ही उसके सामने ट्रैक पर कूद गया। ट्रेन के चपेट में आकर वह कुचल गया। पुलिस ने शव को ट्रैक से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दिल्ली सरकार के एक साल पूरे होने पर मनीष सिसोदिया ने की आलोचना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली सरकार के एक साल पूरे होने पर सरकार पर साधा निशाना। उन्होंने कहा कि एक साल में दिल्ली बर्बाद। पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसौदिया ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि रेखा गुप्ता की सरकार का पूरा एक साल पूरा हो गया। लेकिन दिल्ली में किसी भी प्रकार का कार्य नही किया गया जिसे की जनता खुश रहें। मनीष सिसौदिया ने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले सरकार ने महिलाओं के खातों में प्रतिमाह आर्थिक सहायता देने का वादा किया गया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह योजना लागू नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इससे दिल्ली की महिलाओं के साथ धोखा हुआ है। उन्होंने सरकार पर वायु प्रदूषण नियंत्रण में विफल रहने का आरोप लगाया और दावा किया कि एक्यूआई आंकड़ों में हेरफ़ेर किया गया। उनके अनुसार, कई मॉनिटरिंग सेंटरों को स्थानांतरित या बंद किया गया, जिससे वास्तविक स्थिति छिपाई जा सके। उन्होंने कहा कि इन आरोपों पर सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। पूर्व शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद निजी स्कूलों ने फीस में भारी वृद्धि की और अभिभावकों की शिकायतों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि फीस न देने पर छात्रों के साथ कठोर व्यवहार की घटनाएं सामने आईं। मनीष सिसोदिया ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल में शुरू की गई कई शैक्षणिक पहलें, जैसे हैप्पीनेस करिकुलम और विशेष उत्कृष्टता विद्यालय (एसओई) कमजोर कर दी गईं या बंद कर दी गईं। उन्होंने सरकारी स्कूलों के बजट में कटौती का भी आरोप लगाया।

# उत्तराखंड में न्यायालय परिसरों बढ़ेगी सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस मुख्यालय ने जारी किए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस ने प्रदेशभर के न्यायालय परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, संगठित एवं अभेद्य बनाने के उद्देश्य से और कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी जनपदों को इन निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय के अनुसार पूर्व में न्यायाधीशों, न्यायालयों एवं न्यायालय परिसरों की सुरक्षा का व्यापक ऑडिट कराया गया था, जिसमें चिन्हित कमियों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के अनुसार प्रदेश के भी न्यायालय परिसरों में पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं पीएसी बल को आवश्यक आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के साथ तैनात किया जाएगा। प्रवेश एवं निकास द्वारों पर संबंधित अधिकारियों के समन्वय से पहचान-पत्र आधारित प्रवेश प्रणाली लागू की जाएगी, ताकि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित किया जा सके। पुलिस के अनुसार न्यायालय परिसरों में बैरियर लगाकर सुदृढ़ एक्सेस कंट्रोल प्रणाली विकसित की जाएगी और प्रत्येक प्रवेश द्वार पर आने-जाने वाले व्यक्तियों की गहन स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। न्यायाधीशों एवं न्यायालयों की सुरक्षा में पूर्व से तैनात कार्मिकों को वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर विशेष रूप से सतर्क एवं संवेदनशील रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# वैश्विक तनाव से दूर मेधा का परिचय दे रहे युवा ही सशक्त भारत की नींवः रविन्द्र


कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। शतरंज की बिसात पर एसएमजेएन कॉलेज का दबदबा एसएमजेएन पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर राज्य स्तरीय फलक पर अपनी प्रतिभा की अमिट छाप छोड़ी है। हाल ही में आयोजित अंतर्महाविद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता में कॉलेज के खिलाड़ियों ने अपनी सटीक शतरंजी चालों से प्रतिद्वंद्वी कॉलेजों को पछाड़ते हुए शतरंज मेधा के क्षेत्र में कॉलेज के वर्चस्व को पुनः सिद्ध कर दिया है। प्रतियोगिता के दौरान बी कॉम 6 सेमेस्टर के छात्र कृष्णा चावला ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी चैंपियन का खिताब अपने नाम किया और कॉलेज के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया जबकि ग्रुप मैच में महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में कृष्णा चावला, हर्षित शर्मा, अनमोल रावत, सुफियान खान तथा आर्यन बक्शी ने संयुक्त रूप से शानदार खेल दिखाया। साथ ही बी. कॉम. 4जी सेमेस्टर की समता शर्मा ने भी अपने मेधावी खेल के दम पर तृतीय पुरस्कार पर कब्जा जमाया। कॉलेज की इस गोल्डन सफलता के आधार पर महाविद्यालय के कृष्णा चावला, अनमोल रावत तथा समता शर्मा का चयन नॉर्थ जोन, इंटर-यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ है जिसमे महाविद्यालय के ये तीन प्रतिभावान खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज और उत्तराखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। आज महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, माँ मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट तथा कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्रीमहन्त डॉ रविन्द्र पुरी महाराज ने विजेता खिलाड़ियों तथा कोच को सम्मानित किया और अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को बधाई देते हुए श्रीमहन्त डॉ रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व में तनाव तथा अस्थिरता का दौर चल रहा हैं और ऐसे समय पर हमारे देश प्रदेश का युवा मेधा के खेल शतरंज में अपनी प्रतिभा, संकल्प, लग्न का परिचय दे रहा हैं। कहा कि यह प्रतिभावान और संकल्पित युवा ही सशक्त भारत की नींव हैं। इस स्वर्णिम सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुनील बत्रा ने कहा कि महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। विजयी खिलाड़ियों ने अपनी इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री महंत डॉ रविन्द्रपुरी के कुशल संरक्षण और अपने महाविद्यालय के प्राचार्य के निरंतर मार्गदर्शन को दिया है।

# लूटपाट का विरोध करने पर चाकू घोपकर की थी हत्या, दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। रोहिणी जिले के बेगमपुर थाना पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए महज 72 घंटे के भीतर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू, ग्रे रंग की होंडा एक्टिवा स्कूटी, खून से सने कपड़े और मृतक व प्रत्यक्षदर्शी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि 16 फरवरी की शाम करीब 6:56 बजे थाना बेगमपुर को सूचना मिली कि सेक्टर-23 स्थित पेट्रोल पंप के पास मैदान में एक युवक सीने पर चाकू के वार से घायल अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान अमरनाथ यादव के रूप में हुई। घटना में श्रीराम यादव नामक युवक भी घायल हुआ, जिसका मोबाइल फोन आरोपितों ने लूट लिया था। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। क्राइम और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। आसपास के रेहड़ी-पटरी वालों, कबाड़ी और स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। तकनीकी निगरानी और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि घटना के समय एक ग्रे रंग की स्कूटी पर दो संदिग्ध युवक इलाके में घूम रहे थे। दोनों मंगेराम पार्क और सरदार कॉलोनी क्षेत्र के रहने वाले और नशे के आदी बताए गए। पुलिस ने 19 फरवरी को रोहित (29) निवासी मंगेराम पार्क को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने साथी दुर्गेश उर्फ दुर्गी (23) निवासी पॉकेट-2, सेक्टर-23, रोहिणी का नाम बताया। बाद में दुर्गेश को भी उसके ठिकाने से दबोच लिया गया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, होंडा एक्टिवा स्कूटी, दोनों मोबाइल फोन और वारदात के समय पहने खून से सने कपड़े बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे लूट की योजना बनाकर निकले थे। विरोध करने पर अमरनाथ यादव पर चाकू से हमला कर दिया और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। पुलिस अधिकारी के अनुसार गिरफ्तार रोहित पर चोरी, झपटमारी और लूट के आठ मामले दर्ज हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063